






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 320
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 06 सितंबर, 2024

# अयोध्या और तमिलनाडु का है विशेष रिश्ताः सीएम योगी

## सीएम योगी ने गुरुवार को अयोध्या धाम में नव स्थापित मंदिर में महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लिया हिस्सा

- सीएम योगी ने राम नाथ स्वामी मंदिर महादेव के नव स्थापित शिवलिंग का पूजन-अर्चन कर की प्रदक्षिणा
- स्पिरिचुअल लीडर अय्या जी की सीएम योगी ने की तारीफ, कहा, भारत की एकात्मता को सुनिश्चित कर रहे प्रयास
- अयोध्या धाम एक नई गति के साथ दुनिया की सबसे आध्यात्मिक और सुंदरतम नगरी के रूप में होगा स्थापितः सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के रामसेवक पुरम पहुंचे। यहां उन्होंने कहा, देश में भले ही सरकारें अलग-अलग रही हों, लेकिन हमने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता कहीं नहीं खंडित होने दी। क्योंकि भारत के संतों की परंपरा ने जागरण के माध्यम से इसे मजबूती प्रदान की है। सीएम योगी ने आगे कहा- अयोध्या धाम और तमिलनाडु का एक विशेष रिश्ता है। यो कहा जा सकता है कि यूपी और तमिलनाडु का प्रकाट्य रिश्ता है। हजारों वर्षों-हजार वर्ष की परंपरा है। हजारों वर्ष पहले मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम, जो श्री हरि विष्णु जी के अवतार थे। वो जब श्रीलंका में माता सीता जी की खोज में निकले थे। तब तमिलनाडु वह स्थान था, जहां श्री रामेश्वरम के पवित्र स्थल पर उन्होंने सेतु बंध के निर्माण से पूर्व अपने आराध्य भगवान शिव की आराधना की थी। शिव की कृपा से सेतु बंध का निर्माण हुआ।



### उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, संपूर्ण भारत एकः सीएम

सीएम योगी ने कहा- रामनाथ स्वामी मंदिर के बारे में मान्यता है कि जब प्रभु श्री राम माता सीता को लेकर आ रहे थे। तब माता सीता ने वहां पर अराधना करते हुए इस संकल्प को आगे बढ़ाने का काम किया था। एक पवित्र अध्यात्मिक संबंधों के साथ जुड़ते हुए उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक, संपूर्ण भारत एक है। इस संकल्प के साथ यह परंपरा आगे बढ़ रही है।

### अयोध्या धाम में सीएम योगी ने की गौसेवा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के साथ ही सीएम योगी ने गौसेवा और पौधरोपण के लिए भी वक्त निकाला। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच भी सीएम योगी ने कारसेवकपुरम परिक्रमा मार्ग पर स्थित श्रीराम गौशाला समिति की गौशाला में गौसेवा की। उन्होंने यहां गायों को पुचकारा और उन्हें अपने हाथों से चारा खिलाया। इसके उपरांत उन्होंने कारसेवकपुरम कैंपस में ही पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।



उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के विजन अनुसार राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के विभिन्न कार्यक्रम संचालित हैं। इनको लेकर जागरूकता प्रसार के लिए भी कई प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। वैसे, सीएम योगी खुद भी इन कार्यक्रमों में रुचि लेते हैं और समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करने का कार्य करते हैं।

### अयोध्या धाम और तमिलनाडु का विशेष रिश्ता

अयोध्या धाम और तमिलनाडु का एक विशेष रिश्ता है। अगर कहें कि यूपी और तमिलनाडु का प्रकाट्य रिश्ता है। हजारों वर्षों-हजार वर्ष की परंपरा है। हजारों वर्ष पहले मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम, जो श्री हरि विष्णु जी के अवतार थे। वो जब श्रीलंका में माता सीता जी की खोज में निकले थे। तब तमिलनाडु वह स्थान था, जहां श्री रामेश्वरम के पवित्र स्थल पर उन्होंने सेतु बंध के निर्माण से पूर्व अपने आराध्य भगवान शिव की अराधना की थी। शिव की कृपा से सेतु बंध का निर्माण हुआ। रामनाथ स्वामी मंदिर के बारे में मान्यता है कि जब प्रभु श्रीराम माता सीता को लेकर आ रहे थे। तब माता सीता ने वहां पर अराधना करते हुए इस संकल्प को आगे बढ़ाने का काम किया था। एक पवित्र आध्यात्मिक संबंधों के साथ जुड़ते हुए उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक, संपूर्ण भारत एक है। इस संकल्प के साथ यह परंपरा आगे बढ़ रही है।

### सर्टिफिकेशन लैब्स को अपग्रेड कीजिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। यूपी में इसके लिए बड़ी संभावना है। हमारे पार देश की 12 प्रतिशत भूमि है। यूपी में देश की 17 प्रतिशत आबादी रहती है। हम देश के खाद्यान का 20 प्रतिशत उत्पादन करते हैं। हमारे पास पर्याप्त जल संसाधन है। हमें आज की आवश्यकता के अनुरूप उस क्वालिटी पर ध्यान देना होगा जो हमारे हैपिनेस इंडेक्स को ऊंचाई पर ले जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सरकार ने इस दिशा में कार्य प्रारंभ किया है। हमारे पास अभी 4 कृषि विश्वविद्यालय हैं, पांचवां बनने जा रहा है। 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और दो केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय हैं। हमने कह रखा है कि प्राकृतिक खेती से जो भी प्रोडक्ट आता है, उसके सर्टिफिकेशन के कार्यक्रम को तेज गति से आगे बढ़ाना है। बीज से इसकी शुरुआत हो और बाजार तक पहुंचने पर अच्छा दाम मिल सके, ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं हम। हमने प्रदेश के कृषि विश्वविद्यलयों को कह दिया है कि सर्टिफिकेशन लैब्स को अपग्रेड कीजिए, धन सरकार देगी।

### प्राक्रतिक खेती को लेकर जनजागरण हुआ

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 9 क्लाइमेटिक जोन हैं। हर क्लाइमेटिक जोन में कृषि विज्ञान केंद्र को सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में विकसित करने के रूप में हमने आगे बढ़ाया है। इसमें हम खेती को प्राकृतिक पद्धति से आगे बढ़ा सकेंगे। यूपी में आज कृषि विज्ञान केंद्र देखने लायक हैं। 2017 से पहले इन केंद्रों पर जंगल उग गये थे। आज ये किसानों, पशुपालकों और कृषि के लिए कुछ न कुछ योगदान दे रहे हैं। यूपी में 1 लाख एकड़ भूमि में प्राक्रतिक खेती को लेकर जनजागरण हुआ है। खासकर बुंदेलखंड में इसके परिणाम अच्छे दिखाई दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, लद्दाख के कार्यकारी सभासद कृषि स्टेनज़िन चोस्फ़ेल, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ देवेश चतुर्वेदी, केंद्र सरकार में संयुक्त सचिव कृषि एवं किसान कल्याण डॉ योगिता सहित विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

# सीएम ने रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश, हनुमानगढ़ी में भी लगाई हाजिरी



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां महापौर, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह सबसे पहले रामकथा पार्क पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री सीधे रामसेवकपुरम में नव स्थापित श्री रामनाथस्वामी मंदिर में आयोजित भव्य महाकुंभाभिषेकम् व प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए। उसके बाद कारसेवकपुरम में भारतात्मा अशोक जी सिंघल वेद पुरस्कार-2024 का वितरण समारोह भाग उन्होंने भाग लिया।

### आमजन का अभिवादन किया स्वीकार

कारसेवकपुरम में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई। सीएम ने यहां दर्शन-पूजन के उपरांत आमजन का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया।

### 6 अगस्त को लिया था समीक्षा बैठक में हिस्सा

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरुवार को हुए दौरे से पूर्व 6 अगस्त को भी अयोध्या में उपस्थित रहे। इस दौरान भी उन्होंने श्रीरामलला व संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई थी। इसके साथ ही, 6 अगस्त को उन्होंने अयोध्या में चले रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की थी। उन्होंने विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया था।

### योगी ने कहा- एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे

योगी ने कहा- आज भैया जी ने इस संकल्प को आगे बढ़ाया है। उन्होंने स्वामी रामनाथ मंदिर का भव्य मंदिर का निर्माण कराने का संकल्प लिया है। हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी की प्रेरणा से यह कार्य हो रहे हैं। उनकी प्रेरणा से वाराणसी में काशी-तमिल संगमम के 2 महत्वपूर्ण संस्करण संपन्न हुए हैं। काशी और तमिल दोनों एक दूसरे से किस रूप से जुड़े हैं, इसके बारे में वहां से आए हुए संतो, विद्वानों और अनेक महानुभावों ने एक नई प्रगाणता दी है। काशी के बाद आज अयोध्या भी तमिलनाडु से जुड़ गया है। इसके लिए आपको बधाई देता हूं।

### छात्र-छात्राओं ने भारतीय नृत्य से सीएम का स्वागत किया

सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे पहले रामसेवक पुरम में रामनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर के शिखर पर ध्वज लहराया। मंदिर के गर्भ ग्रह में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इसके बाद वह मंच पर गए। दक्षिण भारतीय छात्र-छात्राओं ने सीएम का स्वागत किया। दक्षिण भारतीय शैली में नृत्य प्रस्तुत किया।

### गांव-गांव में युवा हो रहे प्रभावित

सीएम योगी ने कहा कि उनके पास मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए बड़ी संख्या में लोग धन की मांग करते हैं, इसमें सर्वाधिक मामले कैंसर के होते हैं। आज से कुछ साल पहले इतनी भयावह स्थिति नहीं थी। आज गांव-गांव में युवाओं में कोई किडनी, कोई हार्ट तो कोई कैंसर से पीड़ित हो गया है। इसका कारण है कि हमारा खानपान कहीं न कहीं प्रभावित हुआ है। जिसने नई-नई बीमारियों को जन्म दिया है। इससे बचाव का नया मंत्र पीएम मोदी ने प्राकृतिक खेती का दिया है।

### काशी तमिल संगमम् का दिया उदाहरण

सीएम योगी वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम् का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी में तमिल संगमम् के दो संस्करण पूर्ण हो चुके हैं। काशी के बाद आज अय्या जी के कारण अयोध्या धाम भी तमिलनाडु से जुड़ चुका है। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर आरएसएस व विश्व हिंदू परिषद द्वारा राष्ट्र जोड़ने का कार्य हो रहा है वहीं कुछ लोग ओछी राजनीति के लिए देश को बांटने की कोशिश कर रहे है। ऐसे में, मंदिर स्थापना का यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को प्रशस्त करता है। अय्या जी ने भारत की एकात्मता के लिए वही कार्य कर रहे हैं जो तमिलनाडु से निकले एक संन्यासी ने सैंकड़ों वर्षों पहले पूरे सनातन धर्म को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था।

# भेड़ियों का आतंकः रात भर जागते रहो के नारों से गूंजते रहे गांव

## भेड़िये ने एक बकरी को मार डाला, बच गए बच्चे



### मंगलपूरवा में कैमरे में कैद हुआ भेड़िया

हरदी थाना क्षेत्र के मंगलपुरवा गांव में मंगलवार को एक भेड़िया गन्ने के खेत के पास दिखा। ग्रामीणों ने उसकी फोटो खींच कर वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन रक्षक दीपक सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तलाशी ली लेकिन भेड़िया नहीं मिला।

जन एक्सप्रेस | बहराइच

बहराइच के महसी थाना क्षेत्र में भेड़ियों का आतंक लगातार जारी है। बुधवार की रात भेड़ियों ने हरदी थाना क्षेत्र के पचदेवरी गांव में घर के आंगन में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। भेड़िया ने जहां एक बकरी को मौत के घाट उतार दिया तो दूसरी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बकरियों की आवाज सुन उठे परिजनों का शोर सुनकर भेड़िया भाग गया।

### दहशत में ग्रामीण

बकरियों पर हमले के बाद से पूरा गांव दहशत में है। ग्रामीणों का कहना है कि घर में छोटे छोटे बच्चे थे। गनीमत रही की भेड़िया ने बच्चों पर हमला नहीं किया बकरियों को ही निशाना बनाया। भेड़िया प्रभावित गांवों में रात भर पहरेदारी और रखवाली का सिलसिला चलता रहा। जहां एक ओर ग्रामीण तो वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम भी गश्त करती रही।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस | एटा

एटा के थाना रिजोर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत हो गई। वह अपनी मां को अलीगढ़ से दवा दिलाकर घर लौट रहे थे। मौत के बाद घर में चीत्कार मच गया। गांव सुजायतपुर थाना एका जिला फिरोजाबाद निवासी श्यामसुंदर ने बताया कि हमारे छोटे भाई बृजमोहन बुधवार की शाम मां राजनश्री को अलीगढ़ से दवा दिलाने के बाद बाइक पर लौट रहे थे। रिजोर थाना क्षेत्र के गांव बाकलपुर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह बुरी तरह से जख्मी हो गए। स्थानीय लोग एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर हम लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

# मां वैष्णो देवी धाम के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू



### कहां-कहां होगा ठहराव

सुबह 10.35 बजे सूबेदारगंज से ट्रेन रवाना होगी। यहां से दिल्ली के बीच ट्रेन का फतेहपुर, गोविंदपुरी, टुंडला और अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा। शाम 7.50 बजे जम्मू मेल पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच जाएगी। 15 मिनट के ठहराव के बाद रात 8.10 बजे जम्मू मेल श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए रवाना होगी। दिल्ली के बाद इसका ठहराव सब्जी मंडी, नरेला, सोनीपत, गन्नौर, समालखां, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, राजपुरा जंक्शन, लुधियाना जंक्शन, फगवाड़ा जंक्शन, जालंधर कैंट, टांडा उरमार, दसुइया, मुकरैन, पठानकोट कैंट, कठुआ, हीरानगर, विजयपुर जम्मू, जम्मू तवी, मेजर कैप्टन तुषार महाजन में होगा।

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

सूबेदार रेलवे स्टेशन से मां वैष्णो देवी धाम जाने वाली ट्रेन जम्मू मेल को बृहस्पतिवार को सांसद प्रवीण सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी और क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के साथ एडीआरएम संजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। ट्रेन को चलाने के लिए कई दिन से तैयारियां चल रही थीं। सांसद व अन्य दोनों जनप्रतिनिधियों ने सुबह 10.35 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन दूसरे दिन यानी शुक्रवार को सुबह 9.15 बजे कटरा पहुंचेगी. प्रयागराज से मां वैष्णो देवी कटरा के लिए सीधी ट्रेन सेवा नहीं थी। यहां से जम्मू के लिए मुरी और ऊधमपुर के लिए सीधी ट्रेन चल रही थी। अब जम्मू मेल मां वैष्णो देवी के धाम तक संचालित हो रही है।। अभी इस ट्रेन का संचालन दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए शुरू हो गया है। दो माह पूर्व ही इस ट्रेन के सूबेदारगंज तक विस्तार की मंजूरी रेलवे बोर्ड ने दी थी। पहले दिन इस ट्रेन से कुल 66 यात्री ही रवाना हुए। इन सभी को तत्काल कोटे से ही ट्रेन में बर्थ नसीब हुई। सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि अब लोग सीधे कटरा रेलवे स्टेशन पहुंच सकेंगे। लोगों को अब जम्मू नहीं उतरना होगा। ट्रेन 22 कोच की एलएचबी रेक वाली इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के चार, स्लीपर के सात, एसी थ्री के छह, एसी टू के दो, एसी फर्स्ट का एक और एसएलआर श्रेणी के दो कोच हैं।

### पांच जनवरी से बदल जाएगा ट्रेन का नंबर

पांच सितंबर से शुरू हो गई सूबेदार-श्री माता वैष्णो देवी कटरा ट्रेन का नंबर अगले वर्ष पांच जनवरी से बदल जाएगा। सूबेदारगंज से इसका नया नंबर 20433 और वापसी में 20434 रहेगा। वर्तमान में इसका नंबर 14033 सूबेदारगंज और 14034 श्री माता वैष्णो देवी से है।

**रिपोर्ट** मुठभेड़ देहात कोतवाली थाना के बाईपास स्थित मिश्रपुर पुरैना के पास बदमाश और एसटीएफ के बीच हुई

# योगी सरकार में बदमाश और माफिया का सफाया जारी

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

- 28 अगस्त को डकैती को अंजाम देने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया
- सुल्तानपुर में भरत ज्वैलर्स के यहां दिन दहाड़े डकैती पड़ी थी
- चौक घंटाघर डकैती कांड में बदमाश पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया था

**लखनऊ।** बदमाश और माफिया का सफाया करने में योगी सरकार कोई चूक और देरी करना नहीं चाहती। इस क्रम में सुल्तानपुर के सर्राफा व्यावसायी के 28 अगस्त को डकैती को अंजाम देने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस का अपराधी मिटाओ कार्यक्रम इसी गति से जारी रहेगा। सुल्तानपुर में भरत ज्वैलर्स के यहां दिन दहाड़े डकैती का आरोपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। ये मुठभेड़ देहात कोतवाली थाना के बाईपास स्थित मिश्रपुर? पुरैना? के? पास बदमाश और एसटीएफ के बीच हुई। सुल्तानपुर के कोतवाली देहात के मिसिरपुर पुरैना इलाके में यह मुठभेड़ हुई। चौक घंटाघर डकैती कांड में बदमाश पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया था।



### पुलिस और यूपी एसटीएफ मामले के खुलासे में लगे थे

28 अगस्त को सुल्तानपुर जिले के चौक बाजार में सर्राफा व्यवसाई के यहां सरेआम डकैती डाली गई थी। वारदात के बाद से ही पुलिस और यूपी एसटीएफ मामले के खुलासे में लगे थे।

### 1 लाख का इनामी बदमाश था मंगेश यादव

घटना में शामिल मुख्य आरोपियों में से 1 लाख के इनामी बदमाश मंगेश यादव पुत्र राकेश यादव निवासी ग्राम अगरौरा थाना बक्शा , जनपद जौनपुर एसटीएफ के साथ मुठभेड़ हुई। घटना में शामिल डकैतों से एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक विमल सिंह की टीम से मिशीरपुर पुरैना में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में बुरी तरह घायल मंगेश को निकट सीएचसी भदाईयां इलाज के लिए भेजा गया। जहां इलाज के दौरान मंगेश यादव की मौत हो गई। पुलिस को मौके से एक पिस्टल 32 बोर व कारतूस , तमंचा 315 बोर, एक मोटरसाइकिल सुपर स्पेलेंडर व डकैती से सम्बन्धित आभूषण भी बरामद हुए हैं।

### जौनपुर के रहने वाला था, पहले से ही कई मुकदमे दर्ज थे

मंगेश मूल रूप से जौनपुर के रहने वाला था और उस पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज थे। 28 अगस्त को सुल्तानपुर में भरत ज्वैलर्स के यहां दिन दहाड़े डकैती डाली गई थी। इस वारदात में मंगेश यादव भी शामिल था। इससे पहले पुलिस ने तीन अन्य बदमाशों को भी एनकाउंटर के बाद अरेस्ट किया था।

# चलती एंबुलेंस में महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला गाड़ी का हेल्पर गिरफ्तार, चालक अभी भी फरार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

चलती एंबुलेंस में महिला से दुष्कर्म के प्रयास और लूटपाट के मामले में पुलिस ने एंबुलेंस में तैनात हेल्पर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एंबुलेंस को भी बरामद किया है। इस मामले में अभी चालक का पता नहीं चल सका है। पुलिस चालक की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को सर्विलांस की मदद से पुलिस ने एंबुलेंस में तैनात हेल्पर अयोध्या के कुंहारगंज निवासी ऋषभ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एंबुलेंस को भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एंबुलेंस चालक उन्नाव के पुरवा का निवासी सूरज तिवारी है। पुलिस ने चालक की तलाश में कई जगह दबिश दी पर अभी तक वह हाथ नहीं लगा है। आरोपी ने बताया कि 9 हजार रुपये में 200 किलोमीटर का सफर तय हुआ था। कुछ रुपये पीड़ित से मिल भी गए थे। आरोपी का कहना है कि घटना के वक्त चालक सूरज तिवारी ने शराब पी रखी थी और नशे की हालत में उसने महिला के साथ गलत हरकत की थी। इसके बाद बस्ती के छावनी इलाके में आरोपियों ने पीड़ित महिला से 10 हजार रुपये, मंगलसूत्र, पायल और अन्य दस्तावेज छीनकर सभी को एंबुलेंस से उताकर भाग गए थे।

# डीएम ने मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर राजनीतिक दलों के साथ किया विचार विमर्श

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को मतदेय स्थलों के संभाजन के सम्बन्ध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।



जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों का संभाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में 300 से कम मतदाता वाले मतदेय स्थलों को रखा जाना अपरिहार्य हो तो उस मतदेय स्थल को बनाए रखे जाने के सम्बन्ध में स्पष्ट कारण का उल्लेख करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में जहां नई आवासीय कालोनियां गत कुछ वर्षों में बनी है और उसमें नागरिक निवास करने लगे हैं तो यहां पर यथा आवश्यकता नया पोलिंग स्टेशन बनाया जा सकता है। कहा कि अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को इस मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध अस्थाई भवन में स्थानांतरित कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जाए जो मुख्य गांव, बस्ती से पर्याप्त दूरी पर है, उन मतदेय स्थलों को वहां से हटाकर मतदान क्षेत्र के अंतर्गत किसी सुविधाजनक भवन में स्थापित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए की पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग 2 किलोमीटर से अधिक न हो एवं जिन मतदेय स्थल की भवन पुरानी एवं जर्जर नहीं है। साथ ही वहां मतदाताओं को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी चलने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदेय स्थल को किसी भी स्थिति में परिवर्तन न किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों और असक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैम्प की उपलब्धता सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीति दल या मजदूर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अंदर कोई भी मतदेय स्थल न बनाया जाए। कहा कि यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है और वहां शासकीय भवन उपलब्ध हो गए हैं तो मतदेय स्थलों को शासकीय भवनों में स्थानांतरित कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कोई मतदेय स्थल दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, व्यक्तिगत सामुदायिक केन्द्र, विवाह घर अथवा ऐसे भवन जिनका स्वामित्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास है ऐसे मतदेय स्थलों के लिए विकल्प तलाश कर उनको हस्तांतरित कर दिया जाए। मतदेय स्थलों को बनाते समय एएमएफ सम्बन्धित सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों की आलेख सूची को डीआईओ की वेबसाइट पर अवश्य अपलोड कर दिया जाए ताकि जन सामान्य से भी शिकायतें सुझाव प्राप्त हो सके। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि कोई सुझाव हैं तो अवगत कराए, उसका निस्तारण किया जाएगा।

इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष अमर पटेल, जिला मंत्री माकपा रूद्र प्रसाद मिश्र, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुरेश अनुरागी, अपना दल जिलाध्यक्ष राम सिया पटेल, बहुजन समाज पार्टी से सोमपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या से वकीलों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला कचहरी परिसर में वकीलों की बैठक में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ताओं की हत्याओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। देश तथा प्रदेश में आए दिन अधिवक्ताओं की हत्याएं हो रही है। अधिवक्ताओं के हित में प्रदेश व्यापी आन्दोलन हुआ, सरकार के आला अधिकारियों के साथ बैठके भी अधिवक्ता नेताओं की हुई, लेकिन नतीजा समिति गठित तक ही सिमट गया। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं हुआ। जिससे अधिवक्ता हितों की सुरक्षा की जा सके। शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द से जल्द लागू कराने की बात कही। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता परिजनों को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। कुंवर रोहित सिंह ने कहा कि शीघ्र अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किया जाना चाहिए। जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि अधिवक्ताओं को बडा आंदोलन करने की जरूरत है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा एक्सपायरी यंत्रों के भरोसे,कैसे होगी जानमाल की सुरक्षा?

जन एक्सप्रेस
FOLLOW-UP

* अग्नि सुरक्षा इंतजामों की सीधे तौर पर की जा रही अनदेखी
* सीएचसी अधीक्षक मानिकपुर नहीं चला पा रहे अस्पताल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

### अग्नि सुरक्षा इंतजामों हो रही अनदेखी

60 बेड की क्षमता वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आग से सुरक्षा और उस पर




काबू पाने के इंतजामों की सीधे तौर पर अनदेखी की जा रही है। यहां पर लगे अधिकांश फायर सेफ्टी सिलेंडर 8 माह से एक्सपायर हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास इनके बदलने का समय तक नहीं है। जगह-जगह बिजली के खुले बाक्स और इनमें से बाहर निकले तार नजर आते हैं। इस अस्पताल में 60 विस्तर की क्षमता है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

वहीं चित्रकूट सीएमओ भूपेश द्विवेदी से इस मामले को लेकर बातचीत की गई तो उनका कहना था, कि अस्पताल में गर्भवती महिलाओं से वसुली का मामला संज्ञान में है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। एक्सपायर फायर सेफ्टी सिलेंडरो की भी जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। किसी भी कीमत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मानिकपुर सीएचसी में एक के बाद एक नए मामले सामने आ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधाओं पर सवाल उठने के बाद प्रसव के लिए वसूली करने का मामला सामने आने के बाद अब फायर सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आग से सुरक्षा के इंतजाम न के बराबर हैं। आग बुझाने वाले यंत्र एक्सपायरी होने के महीनों बाद भी रिफिल नहीं किए जा रहे। सीएचसी में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। एक्सपायर फायर सेफ्टी सिलेंडर से सरकारी अस्पताल की सुरक्षा की जा रही है। मानिकपुर सी एच सी के प्रसूति वार्ड में आग बुझाने के लिए सिलेंडर तो लगे हुए हैं। लेकिन रिफलिंग की तारीख एक्सपायर हुए आठ माह बीत चूके चहै। ऐसे में यदि अस्पताल में अग्नि हादसा हो जाए तो यह सिलेंडर कैसे काम करेगा ? ऐसे में बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। आगजनी की ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए यहां उचित इंतजाम नहीं है। बिजली बॉक्स खुले होने से शार्ट-सर्किट होने का खतरा बना है। इस गंभीर समस्या को स्वास्थ्य अधिकारी नजरअंदाज कर रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक मानिकपुर अस्पताल नहीं चला पा रहे हैं। आएदिन तमाम लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं।

# चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी की जमानत खारिज

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

चोरी के मामले में जेवर समेत पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 5 अगस्त 2024 को सरधुवा थाने में मोहम्मद शरीफ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार रात में सेंध फोड़कर चोरों ने घर में रखे सोने और जांच के जेवर के साथ नगदी पार कर दी थी। इसके अलावा कुछ अन्य स्थानों में भी चोरियां हुई थी। जिले में कई स्थानों पर हो रही चोरियों की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक एके सिंह द्वारा टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने कौशाम्बी जिले के करारी थाने के कई लोगों को गिरफ्तार कर चोरियों का खुलासा किया था। जिनके पास से चोरी किए गए जेवर और तमंचा भी बरामद हुआ था। इस मामले में जेल में बंद आरोपी कौशाम्बी जिले के करारी थाने के अशोक नगर निवासी अनूप कुमार वर्मा ने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय सत्र न्यायाधीश के यहा जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने जारी आदेश में अपराध की गम्भीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# विद्यार्थियों को भी होना चाहिए कानूनी जानकारी - जिला जज

जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में गुरूवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन शान्ती देवी इण्टर कॉलिज पहाडी में किया गया। साथ ही शिक्षक दिवस के रूप में कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चरणों में पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वनन कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी ने स्वागत किया। साथ ही कक्षा 12 की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत एवं अभिनन्दन किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुये विधिक साक्षरता के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस है जिसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शिक्षक दिवस की थीम "सतत भविष्य के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाना" है। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार याद?व ने छात्रों के बीच विधिक साक्षरता के विषय में जागरुक किया। साथ ही शिक्षक दिवस की शुभकामनायें दी। विशेष न्यायाधीश एससी एसटी अपर जिला जज राममणि पाठक तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि हमारे आप के लिये विधिक साक्षरता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधिक निरक्षर व्यक्ति को किन-किन समस्याओं का सामना करना पडता है। साथ ही बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वंचितो, शोषितों, महिलाओं, बच्चो आदि को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र भारती ने विधिक साक्षरता के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धक ने सभी न्यायाधीशों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार द्वारा बनाये गये उनके चित्र को भी भेंट स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अजय कुमार यादव, राजेन्द्र सिंह, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में महिला को बरामद कर सकुशल परिजन को किया सुपुर्द

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपहृतों, गुमशुदाओं की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में थाना रैपुरा पुलिस ने सोमवती अमवस्या मेला से भटकी महिला को भौरी से बरामद कर सकुशल परिजन को सुपुर्द किया गया। रैपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि बीते बुधवार को सूचना मिला की एक अज्ञात महिला थाना रैपुरा अन्तर्गत ग्राम भौरी में भटक रही है। जिसने अपना नाम सरला पत्नी शिवमोहन निवासी महाना जिला ललौली जिला फतेहपुर बताया। तत्काल कार्यवाही की गयी। महिला ने बताया कि सोमवती अमावस्या मेला में अपने देवर और एक बच्ची के साथ आई थी। मेले में अधिक भीड होने के कारण गुम हो गई थी। ग्राम प्रधान मधाना द्वारा देवर के नंबर से बातचीत कर उसके बारे में पता किया गया तो देवर मधुराज पुत्र बदलू निवासी मधाना थाना ललौली जिला फतेहपुर ने बताया कि मेरे साथ चित्रकूट सोमवती अमावस्या मेला में आई थी जो मेले में गुम हो गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। इस मौके पर उप निरीक्षक राजेश कुमार, महिला आरक्षी निधि सेंगर आदि मौजूद रहे।

# भाजपा राष्ट्रवाद की शेष दल परिवारवाद की राजनीति करते हैं - प्रकाश पाल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय लांचिंग व प्रेस वार्ता भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पितृ पुरूषों श्रद्धेय डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी व अजातशत्रु पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन कर किया गया।




कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के माननीय क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र लोकतान्त्रिक पार्टी है। भाजपा हर 6 साल में अपने प्रत्येक कार्यकर्ता की सदस्यता का नवीनीकरण करती है। सशक्त व विकसित भारत बनाने के लिए सशक्त भाजपा आवश्यक है। भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता भी नम्बर वन पोजीशन पा सकता है। सपा, बसपा व कौंग्रेस आदि दलों में संगठन और सरकार की नम्बर वन पोजीशन परिवार के लिए ही आरक्षित है। देश का विभाजन कौंग्रेस की देन है। विपक्षी दल समाज को जाति के नाम पर बांटने में लगे हैं। मजहबी उन्मादी धर्म के आधार पर काटते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हमेशा कहते थे कि हमे वोट देने वाले मतदाता को भाजपा का सदस्य बनाना है। सामान्य सदस्य को सक्रिय कार्यकर्ता बनाना है। सदस्यता सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही तथा सर्वव्यापी करना है। भाजपा को भारत ही नही विश्व की सबसे बडी पार्टी फिर से बनाना है। जन प्रतिनिधियों और संगठन की सदस्यता के लक्ष्य अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। भाजपा की सदस्यता डिजिटल माध्यम से होगी। भाजपा का सदस्य 8800002024 पर काल करके, नमो एप तथा भाजपा की वेबसाइट से बन सकते हैं। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता मनोयोग से लगकर सदस्यता अभियान को सफल बनाएं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा से जोडना है। जिला सह सदस्यता प्रमुख आलोक पाण्डेय ने कहा कि बूथ पर न्यूनतम 200 सदस्यता करनी है। सदस्यता अभियान में सभी कार्यकर्ताओं को सहभागी बनना है। सदस्यता अभियान दो चरण में चलेगा। साधारण सदस्यता 1 से 25 सितम्बर तक फिर 1 से 15 अक्टूबर तक तथा सक्रिय सदस्यता 16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र सिंह ने किया।

## तुलसी जन्मस्थली में होगा गणेश उत्सव का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर के कई मोहल्लों में गणेश जन्म उत्सव बड़े श्रद्धा के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है। गणेश उत्सव की पूर्व संध्या में गणेश उत्सव कमेटी के भक्तों के द्वारा पण्डालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं कलकत्ता से आए मूर्तिकार कन्हैयालाल, मानिक व अन्य कलाकारों के द्वारा भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिए जाने में जुटे हुए हैं। आचार्य पण्डित मूलचन्द्र द्विवेदी ने बताया कि गणेश चतुर्थी भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है तथा पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान गणेश का जन्म भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी तिथि को हुआ था इसलिए पूरे देश में चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की स्थापना कर 10 दिनों तक बड़े श्रद्धा भाव के साथ पूजा अर्चना करते हुए विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश के समक्ष अपनी मनोकामना पूर्ण करने की याचना करते हैं और भगवान गणेश 10 दिनों तक पृथ्वी में वास करते हैं तथा भगवान गणेश को सौभाग्य, समृद्धि व ज्ञान का देवता माना जाता है।

# शिक्षक दिवस पर विभिन्न शैक्षणिक प्रकल्पों के 150 शिक्षक-शिक्षिकाएं हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




परमहंस संत श्री रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से चित्रकूट के जानकीकुण्ड में संचालित सद्गुरु शिक्षा समिति एवं श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संयुक्त तत्त्वावधान में संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आचार्यगण, शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सदगुरु सभागार में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया।

श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं प्रशासक डॉ. इलेश जैन ने कहा कि एक शिक्षक समृद्ध समाज के भविष्य की नींव होता है। एक शिक्षित और अनुशासित समाज शिक्षक की ही देन है। हम इस अवसर पर भूतपूर्व राष्ट्रपति एवं विद्वान शिक्षक के रूप में विख्यात डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का पुण्यस्मरण कर उन्हें नमन करते हैं। शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष हमें हमारे गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर प्रदान करता है। प्रत्येक सफल व्यक्ति को बनाने में किसी न किसी शिक्षक का ही योगदान रहता है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समस्त अतिथियों एवं प्राचार्यों ने गुरुदेव श्री रणछोड़ददास महाराज एवं डॉ. राधाकृष्णन की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके बाद समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों का तिलक, पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मान किया गया, फिर सभी आचार्यगण, शिक्षक तथा शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कोर्निया विभाग के प्रमुख डॉ. गौतम सिंह परमार एवं टीम ने उपस्थित छात्रों-छात्राओं एवं शिक्षकों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया तथा नेत्रदान से सम्बंधित वीडियों फिल्म दिखाई गयी।

इस मौके पर शिक्षा समिति सचिव आर बी सिंह चैहान, सुमन द्विवेदी, प्राचार्य शंकर दयाल पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, तुषारकांत शास्त्री, राकेश तिवारी, दीपक वानी, मंजुला वानी, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

### नन्द उत्सव का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। करवरिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के पंचम दिवस कथा व्यास सिद्धार्थ महाराज ने नंद उत्सव को धूमधाम से मनाते हुए कहा कि जो माता सब को यश देती है, अच्छाई बडाई करती है, किसी की भी बुराई नहीं करती वो यशोदा होती है, जो पुरुष सब को आनंदित करते है, सभी को सुख दे वो ननंद है। ऐसे मनुष्यों के यहां कृष्ण का जन्म होता है। गोवर्धन नाथ को छप्पन भोग लगाकर गोवर्धन नाथ का पूजन किया गया। इस मौके पर आरएसएस जिला कार्यवाहिका संगीता करवरिया, रवी करवरिया, शुभम गौतम, संतोष, इंदत्ता गर्ग, रजनी त्रिपाठी, प्रती मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक मुन्नीलाल तथा आरक्षी राहुल पुरी द्वारा कुशल प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम सुरसेन को 22 देशी पाउच के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे दर्जनो नर्सिंग होम, जिलाधिकारी से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । उरई

शहर के जिला मुख्यालय में एक सैकड़ा प्राइवेट अस्पताल संचालित हो रहे। जिसमें 80 प्रतिशत प्राइवेट अस्पताल ऐसे हैं जिन्होंने आज तक सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराना तक जरूरी नहीं समझा। इतना ही नहीं मेडिकल स्टोरों पर नकली दवाओं का भी कारोबार बड़े पैमाने पर फलफूल रहा है। जहां मरीजों के साथ उपचार के नाम पर शोषण किया जा रहा है। जिलाधिकारी को संबोधित अनिल राजपूत ने दिये शिकायती पत्र में बताया कि नगर में अधिकांश प्राइवेट अस्पतालों का संचालन राजकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सकों द्वारा कमीशन पर बैठकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। जहां वह मरीजों नकली व कमीशन पर दवायें लिखकर लूट खसोट करने से नहीं चूक रहे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि ऐसे ही अस्पतालों में एक प्राइवेट अस्पताल यश मेडिकल जो मेडिकल गेट नंबर दो के सामने संचालित हो रहा जहां पर मेडिकल कालेज के चिकित्सक खुलेआम मरीजों का उपचार करते देखे जा सकते हैं। इसी तरह के जिला मुख्यालय में अनेकों बगैर रजिस्ट्रेशन के अस्पताल संचालित हो रहे हैं जहां पर मरीजों की सुविधाओं के नाम पर कोई सुविधा तक नहीं रहती है। मेडिकल कालेज के कई चिकित्सक ऐसे ही मेडिकल स्टोर संचालकों की मिलीभगत से फर्जी दवाओं की बिक्री कराने में लिप्त रहते हैं। जिससे आये दिन मरीजों को परेशानियों का सामना करने को विवश होना पड़ता है। यदि किसी मरीज की उपचार के दौरान हालत खराब होती है तो उससे अच्छा इलाज कराने के नाम पर वसूली करने से नहीं चूकते हैं।

# जालौन में बसपा ने फिर बदला जिलाध्यक्ष, धीरेन्द्र चौधरी को हटाकर अतरसिंह पाल को दी जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । उरई

बसपा ने एक बार फिर एक महीने में ही जालौन जिलाध्यक्ष बदल दिया है। धीरेन्द्र चौधरी को हटाकर अब अतर पाल सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया है। आगामी चुनाव को लेकर बसपा की तरफ से तैयारी तेज कर दी गई है। इसके अलावा झांसी मंडल में भी बड़े पैमाने पर पदाधिकारियों के फेरबदल किए गए हैं। लगभग बीस दिनों पहले ही बसपा मुख्यालय की तरफ से जितेंद्र दयालु को हटाकर धीरेन्द्र चौधरी को बसपा का जिलाध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन अब फिर बदलाव करते हुए अतर सिंह पाल को जिलाध्यक्ष बना दिया गया है। इसके अलावा जीतेन्द्र दयालु व मानवेन्द्र निरंजन को जिला प्रभारी बनाकर जालौन जिले की जिम्मेदारी



देखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो ने आज शहर में बनी अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है। उस जिम्मेदारी को मैं पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करुँगा। इस मौके पर बुंदेलखंड कोऑर्डिनेटर ब्रजेश जाटव, चेयरमैन प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार, छोटे लाल पाल, संजय गौतम, मनोज यागिक, कललन पाल आदि लोग मौजूद रहे।

### किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र में किशोरी ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी महेन्द्र बाथम पुत्र पुरुषोत्तम दास अपनी पत्नी सुनैना व बेटी तान्या 12 वर्ष, शिवानी 11 वर्ष, पल्लवी 4 माह व पुत्र सुरेंद्र 9 वर्ष के साथ रहते हैं। महेन्द्र रेस्टोरेंट में काम करते हैं, जबकि उनकी पत्नी घरों में बर्तन धोने का काम करती है। गुरुवार की सुबह माता-पिता काम करने चले गये। कक्षा 5 में पढ़ने वाली शिवानी घर में अकेली थी। सुबह सुनसान किराये के मकान में बरामदे में डली लकड़ी की बल्ली में साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गयी। जब मां काम करके लौटी तो बेटी को फंदा पर लटका देख चिल्ला उठी। आवाज सुनकर आसपास के लोगों एकत्रित हो गये तथा जानकारी पुलिस को दी।

# खड़े डंपर में पीछे से घुसा मौरम लदा डंपर, खलासी की मौत चालक सहित दो रेफर

जन एक्सप्रेस । कालपी

कदौरा थाना क्षेत्र में बीते दिन बुधवार की देर रात मोरम लड़कर आ रहा तेज रफ्तार डंपर ग्राम सुजानपुर के पास सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गया। हादसे में खलासी की मौत हो गई। जबकि चालक सहित दो लोगों को गंभीर हालत में कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

कदौरा थाना क्षेत्र में बीती देर रात ग्राम सुजानपुर के पास सड़क किनारे खड़े डम्फर में पीछे से मौरंग लादकर एक दूसरे डम्फर ने टक्कर मार दी। जिससे डम्फर की केविन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई गई और उसमें फंसकर चालक सहित तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसा देखकर समीप में स्थित होटल पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने मौके पर पहुंचकर कैविन में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया। लेकिन नाकाम होने पर उन्होंने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही फोर्स के साथ मौके पर पहुचे थाना प्रभारी विजय कुमार पांडेय केविन में फंसे खलासी मो. अली 25 वर्ष पुत्र मकसूद अली, साबिर हुसैन 25 वर्ष पुत्र मो रफीक व उबैद खान 26 वर्ष पुत्र अनवार खान निवासीगण ग्राम चतेला को तीन घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और आनन फानन में एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां से तीनों लोगों को मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहा पर इलाज के दौरान खलासी मो अली की मौत हो गई। जबकि अन्य दो लोगों को उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिक्षकों का हुआ जोरदार स्वागत





**डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया**

- प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्या रेखा भांतू सहायक अध्यापिका अनीता तिवारी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प माला समर्पित कर बच्चों को बताया कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है। इस मौके पर रसोईया पुष्पा और राम बेटी भी मौजूद रही।
- प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर की प्रधानाचार्या नीलम कनौजिया ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प चढ़कर उनके द्वारा किए गए शिक्षा जगत में सराहनी कार्यों की बखान करते हुए बच्चों को गिफ्ट दिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों का बच्चों ने जोरदार स्वागत किया। ककवन विकास खण्ड के डी.पी.एस.एन. इण्टर कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर सपा के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष व ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं विनय यादव ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को व उनके शिक्षा व्यवस्था के प्रति समर्पण को याद कर मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा व शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इं विनय ने कहा कि भविष्य की कमान हमारे शिक्षकों के हाँथ में होती है। मूल्यवान और योग्य शिक्षकों के होने से ही देश की प्रगति हो पाती है। शिक्षक ही देश की दशा व दिशा का निर्धारक होता है। अच्छी शिक्षा व्यवस्था,अच्छे शिक्षक व उत्साहपूर्ण व जिज्ञासु माहौल हमारे विद्यार्थियों की महती आवश्यकता है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी व विगत कई वर्षों से प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया न होने से रिक्त पद सरकारी व सुलभ शिक्षा को बच्चों से दूर कर रहे हैं। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हमारा अधिकार है। आज की व्यावसायिक हो गई शिक्षा में यह भी आवश्यक है कि शिक्षक अपने गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों पर लोभ को हावी न होंने दें तो शिक्षकों के प्रति सम्मान का भाव भी हमेशा बना रहेगा। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक ललित कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य सुनील कुमार पांडे, शिक्षकगण दिनेश द्विवेदी, शास्त्री जी, बृजेश कुमार पाल, शिवाकांत, हेमंत कुमार यादव, प्रबल किशोर, भानु प्रकाश, कमलेश, राजकरण भारती, सौरभ कुमार, नारायण तिवारी, रामकुमार पाण्डे, देवशरण त्रिपाठी, सुनील चंदेल एवं अपर्णा त्रिपाठी जी उपस्थित रहीं।

# सदस्यता अभियान के तहत भाजपा कानपुर बुंदेलखंड व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




सदस्यता अभियान को गति प्रदान करते हुए और व्यापारियों को पार्टी से जोड़ने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश सह संयोजक मुकुंद मिश्रा और क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए जिलों के संयोजक एवं सह संयोजकों के साथ रणनीति तय करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों के बीच जाकर हमे व्यापारियों को पार्टी से जोड़ना है क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि वे स्वयं 17 जिलों में जाकर प्रवास करेंगे और सभी 17 जिलों में डोर टू डोर व्यापारियों के प्रतिष्ठान में जाकर व्यापारियों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे ताकि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में संगठन मजबूती के साथ आगे बढ़े और व्यापारी समाज संगठन से जुड़कर राष्ट्र हित में प्रदेश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी अग्रिम भागीदारी सुनिश्चित करें, प्रदेश सह संयोजक मुकुंद मिश्रा ने कहा कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र राजनीति का केंद्र बिंदु हैं ऐसे में क्षेत्रीय संयोजक के नेतृत्व में पूरे कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में व्यापारियों के बीच जाकर संगठन द्वारा दिए गए सदस्यता अभियान को सफल बनाना है

और जहां आवश्यकता होगी वहां प्रदेश नेतृत्व भी हम व्यापारियों के बीच मौजूद रहकर हमारा उत्साहवर्धन करेगा व्यापारी समाज सदैव से भारतीय जनता पार्टी का समर्थक रहा है और हमेशा रहे ऐसा प्रयास सुनिश्चित किया जाएगा।

## गुजैनी रेलवे पुल की रेलिंग तोड़ते हुये रेलवे ट्रेक पर गिरा ट्रक ड्राइवर की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गुरुवार देर शाम गुजैनी पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गया। काफी मशक्कत के बाद ट्रक से ड्राइवर के शव को बाहर निकाला गया। इस दौरान रेलवे ट्रैक पर कोई गाड़ी नहीं आ रही रही नहीं तो बड़ा रेल हादसा होने की संभावना हो सकती थी। हादसे कि जानकारी मिलते ही मौके पर 10 थानों की फोर्स और रेलवे के ऑफिसर भी पहुंचे। इस दौरान कानपुर-झाँसी रेलवे लाईन पूरी तरह ठप्प हो गई। अधिकारियों का कहना है कि 40 फिट कि ऊँचाई से ट्रक रेलवे ट्रैक पर गिरा है। रेलवे की ओएचटी लाइन भी टूट गई।

डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि ये कानपुर से झांसी जाने वाली लाइन है। ट्रक को रेलवे लाइन से हटाने और कानपुर-झांसी रेलवे ट्रैक बहाल करने के लिए रेलवे प्रशासन और पुलिस की टीमें काम कर रही हैं।

# कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या से अधिवक्ताओं में उबाल

**हत्यारों की गिरफ्तारी और एक करोड़ मुआवजा की मांग**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



अधिवक्तागण बार एसोसिएशन गेट पर कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में एकत्र हुए और हाथों में काली पट्टी बांध अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करो लागू करो। हत्यारों को गिरफ्तार करो-गिरफ्तार करो एक करोड़ मुआवजा दो-मुआवजा दो आदि के नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन पंडित रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं कानपुर के नवीन यादव इलाहाबाद के शारदा सिंह पर हमले हुएं निरंतर अधिवक्ताओं की हत्याएं तक की जा रही है हरदोई में कनिष्क मेहरोत्रा लखनऊ में शिशिर त्रिपाठी सुल्तानपुर में आजाद अहमद मेरठ में दर्शिता शर्मा अलीगढ़ में अब्दुल मुगीश गाजियाबाद में मनोज चौधरी की हत्या की जा चुकी है कल कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या कर दी गई। जिससे अधिवक्ताओं में बहुत आक्रोश है। प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षण अधिनियम कमेटी का गठन किया गया कमेटी प्रदेशभर से सुझाव ले चुकी है और ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है बस अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होना है। हमारी मांग है की अधिवक्ता के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ मृतक अधिवक्ता के परिवार को रुपया एक करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा हेतु अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम शीघ्र लागू किया जाए।

जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अपर नगर मैजिस्ट्रेट तृतीय राम शंकर ने प्रतिवेदन प्राप्त कर कहा कि आपका प्रतिवेदन मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा।

प्रमुख रूप से संजीव कनोजिया उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन मनीष गौड़ सयुक्त मंत्री लायर्स अरविंद दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार संजीव कपूर अनुराग श्रीवास्तव राकेश सिद्धार्थ अभिनव तिवारी आयुष शुक्ला आशीष शुक्ला सुरेंद्र सिंह शिवम गंगवार अश्वनी आनन्द इंद्रेश मिश्रा के के यादव आदि रहें।

# तालाब मे लापता युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**मृतक रम्पत को आते थे मिर्गी के दौरे**

गुरुवार सुबह खेतों मे मवेशीयों को पानी पिलाने पहुंचे ग्रामीणों ने पिपरगवां गांव के बाहर स्थित बीस फुटा तालाब मे रम्पत का शव पानी मे उतराता हुआ देखा और मृतक के परिजनों को सूचना दी। बेटे का शव तालाब मे मिलने की खबर मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मृतक रम्पत मिर्गी के दौरे की बीमारी से ग्रसित था।

**पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल**

बिमारी के कारण अंदेशा जताया जा रहा है की मृतक बीती 3 तारीख की सुबह गांव के बाहर बने बीस फुटा तालाब की तरफ गया होगा और इसी बीच दौरा आने के कारण तालाब के गहरे पानी मे डूबकर उसकी मौत हो गयी। वहीं घटना को लेकर थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि बीती 3 सितंबर से युवक लापता था। जिसकी गुमसुदगी भी दर्ज है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरगवां गांव के बाहर तालाब मे बीते दो दिनों से लापता युवक का शव मिलने के बाद इलाके मे सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच करने मे जुट गई है। बता दें कि पिपरगवां निवासी किसान प्रताप का 18 वर्षीय बड़ा बेटा रम्पत उर्फ प्रदीप बीती तीन सितंबर की सुबह घर से बिना बताएं कहीं निकल गया था। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन बेटे रम्पत का कोई पता नही चल सका।

इसके बाद परिजनों ने बीते बुधवार को सेनपश्चिम पारा थाने मे गुमसुदगी दर्ज कराई थी।

## इंस्टाग्राम पर लाइव आकर पति ने खुद का रेता गला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पत्नी के तलाक मांगने से आहत युवक बर्रा हाईवे पर पहुंचा और इंस्टाग्राम पर लाइव होकर खुद का गला रेत दिया। लाइव वीडियो देख रहे दोस्त मौके पर पहुंचे और युवक को हैलट में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने युवक की हालत खतरे से बाहर बताई है। विश्वबैंक बी ब्लॉक निवासी विकास शर्मा प्राइवेट वाहन चलाता है। विकास ने 21 जनवरी 2022 को पड़ोस में रहने वाली युवती से प्रेम विवाह किया था। कुछ समय बाद वह मकान बेचकर देहरादून में परिवार के साथ रहने लगा। विकास के मुताबिक पड़ोस में रहने वाला उसका एक दोस्त भी साथ रहता था। तीन माह पहले दोस्त ने विकास की पत्नी को लड़कियों के साथ के कुछ वीडियो दिखा दिए। इसके बाद विकास का पत्नी से विवाद हो गया और आए दिन दोनों के बीच कलह शुरू हो गई।

# कर्जा चुकाने के लिए खुद का कराया अपहरण, परिजनों से मांगी फिरौती

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**20 लाख रुपये का कर्जा चुकाने के लिए रची कहानी**

इसके बाद पुलिस टीम ने रुपए लेने घर पर आए अंकुर के दोस्त शोभित को दबोच लिया। पूछताछ मे शोभित ने बताया कि अंकुर ने उधार रुपए लिए थे। वह उन रुपयों को लेने आया था। पुलिस टीम ने लोकेशन के सहारे अंकुर को हरिद्वार के कैलाश घाट से दबोच लिया। इसके बाद गुजैनी थाने ले आई। वहीं इस मामले मे गुजैनी थाना अध्यक्ष विनय तिवारी ने बताया कि पूछताछ मे अंकुर ने बताया कि गलत आदतों व महंगे शौक के चलते कर्जदार हो गया था। उस पर 20 लाख रुपये का कर्जा है। उसने शोभित से भी रुपए लिए थे। जिसे चुका ना पाने पर अपहरण की कहानी रची थी।

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां महंगे शौक व गलत आदतों से कर्जदार बने स्कूल संचालक के बेटे ने खुद के अपहरण की साजिश रच डाली। जिसके बाद परिजनों को दोस्तो से फिरौती के लिए फोन करवाया। अपहरण की जानकारी मिलते ही परिजनों ने इसकी शिकायत गुजैनी थाने मे दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो मामले की सच्चाई सामने आ गई। युवक ने अपने अपहरण की साजिश खुद ही रची थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बर्रा 8 निवासी राधेश्याम कटियार स्कूल संचालक हैं। उनका बेटा अंकुर कटियार सहारनपुर मे प्राइवेट कर्मी है। भाई अनिल ने बताया कि 29 अगस्त को अंकुर के दो नंबरों से मां विमला और बहन सारिका के पास फोन आया। अंकुर ने बताया कि उसका अपहरण हो गया है। अपहरणकर्ता 20 लाख रुपए मांग रहे हैं। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। घर वाले गुजैनी थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। इस पर पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बीते मंगलवार को अंकुर ने बहन को फिर फोन किया और कहा कि अपहरणकर्ता 3 लाख रुपये मे ही छोड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। दो लोग घर आएंगे उनको रुपए दे देना।

परिजनों ने यह जानकारी गुजैनी पुलिस को दी।

## शिक्षक दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर मे हुआ कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। आज शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर ने बी.एन.एस.डी. बालिका इंटर कॉलेज कानपुर के इंटरेक्ट क्लब के साथ मिलकर विद्यालय मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित था। जिन्होंने समुदाय मे शिक्षा को आगे बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर की अध्यक्षा रो. संगीता गुप्ता द्वारा एक स्वागत भाषण से हुई। जिन्होंने शिक्षक दिवस के महत्व और शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को पहचानने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन मे रोटरी क्लब के प्रमुख सदस्य, स्कूल प्रशासक, छात्र और अभिभावक शामिल रहे। जो सभी शिक्षकों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे। वहीं 11 विशिष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिनमें डॉ. जीएस निगम, प्रोफेसर एन.एम. निगम, रो. रति गुप्ता, मंजू शुक्ला, नीतू शर्मा, सुशील मिश्रा, अपर्णा पांडे, रोली द्विवेदी, सुजाता मिश्रा, अंशिका तिवारी और ज्योति मिश्रा शामिल रहीं।प्रत्येक शिक्षक को उनके योगदान के लिए एक प्रशंसा पत्र और एक आभार टोकन प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रेरक भाषण दिए गए। जिन्होंने शिक्षकों की मेहनत और जुनून की प्रशंसा की। डॉ.जीएस निगम ने शिक्षकों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि कोई मशीन लर्निंग शिक्षक के महत्व को कम नही कर सकती है क्योंकि शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करता है बल्कि छात्रों मे मूल्य और नैतिकता को भी सिखाता है।

# भारतीय दलहन संस्थान मे हुआ स्थापना दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आई.सी.ए.आर. भारतीय दलहन अनुसन्धान संस्थान मे बीते दिन गुरूवार को 32वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रो.समशेर, कुलपति, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर मुख्य अतिथि और डॉ शिव कुमार समन्वयक दक्षिण एशिया और चीन (इकार्डा) एवं डॉ. शांतनु कुमार दुबे निदेशक, आई.सी.ए.आर. अटारी कानपुर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रो. शमशेर ने संस्थान की उपलब्धियां/कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की और बताया कि दलहन संस्थान अपने अनुसंधान कार्यों के माध्यम से देश के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। किंतु जलवायु परिवर्तन, बेमौसम बरसात, अत्यधिक गर्मी और कुपोषण हमारे वैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय है। आने वाला समय चुनौती पूर्ण है सभी कृषि वैज्ञानिकों को यह ध्यान मे रखकर शोध करने की आवश्यकता है। हम भविष्य मे आई.पी.आर. कानपुर के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं और इसी क्रम मे आज एच.बी.टी.यू. कानपुर और आईपीआर के मध्य समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ जी.पी.दीक्षित ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों/उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि दलहन उत्पादन के क्षेत्र मे हमारा देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। हम काबुली चना को एक्सपोर्ट करने की स्थिति मे आ चुके हैं दुनिया मे दलहनी फसलों की जितनी भी प्रजातियां विकसित की जाती हैं। उनमें से 70 प्रतिशत प्रजातियां आई.पी.आर. द्वारा की जाती है। हम किसानों के लिए कम लागत वाली प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की दिशा मे काम कर रहे हैं और हम किसानों के लिए ज्यादा से ज्यादा उन्नतशील बीज उपलब्ध करने की दिशा मे सतत प्रयास कर रहे हैं। मिनी दाल और प्रोद्योगिकियों को और भी अपग्रेड किया गया है। प्राइवेट-पब्लिक पार्टनरशिप के महत्व को ध्यान मे रखते हुए संस्थान द्वारा कई एम.ओ.यू. साइन किए गए हैं। हमे सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है और हम आने वाले समय मे दलहन उत्पादन मे नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर हैं। पूर्व की अपेक्षा अब संस्थान का स्तर बहुत प्रोन्नत हो चुका है। और हम वर्ष 2030 तक के अपेक्षित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनवरत रूप से प्रयास कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवकुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गत वर्षों मे आई.पी.आर. द्वारा दलहनी फसलों की 80 प्रजातियां विकसित करना अत्यंत सराहनीय है। 14 मिलियन टन से चलते हुए हम 26 मिलियन टन तक पहुंच गए हैं। मूंग की वैरायटी विराट अद्वितीय है। आगे चुनौतियां तो हैं किंतु संस्थान उन चुनौतियों का सामना करने मे पूर्णतया सक्षम है और हम सब इस दिशा मे काम भी कर रहे हैं। सरकार दालों के उत्पादन को लेकर के गंभीर है और हाल ही मे अभी तीन हज़ार करोड रुपए का और आवंटन किया गया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. शांतनु कुमार दुबे निदेशक आई.सी.ए.आर. अटारी ने संस्थान की उपलब्धियों की प्रशंसा की एवं संस्थान के वर्तमान निदेशक डॉ जी.पी. दीक्षित द्वारा किये गए कार्यों/उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व मे संस्थान मे शोध कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे किसानों को खेती के साथ-साथ उसके विपणन/ व्यवसाय की भी पर्याप्त जानकारी होना आवश्यक है। जिससे कि वह ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके। हमारे देश की अधिकांश जनसंख्या शाकाहारी होने की वजह से हमारे यहां दलों का विशेष महत्व है अतएव इस पर ज्यादा से ज्यादा शोध कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संसथान द्वारा प्रकाशित कुछ नवीन प्रकाशनों- आई.आई.पी.आर. ऐट ए ग्लान्स और टेक्निकल बुलेटिन -कन्सेर्वसन एग्रीकल्चर इन पल्स-बेस्ड क्रॉपिंग सिस्टम्स और हिंदी बुलेटिन दलहनी फसलों मे गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन प्रोद्योगिकी का मुख्य अतिथि द्वारा विमोचन किया गया। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये प्रगतिशील किसान भाइयों को भी दलहनी खेती मे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया एवं उन्नतशील बीज उपलब्ध कराए गए। साथ ही इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2024 मे उत्कृष्ट कार्य करने हेतु डॉ योगेश कुमार प्रधान वैज्ञानिक को उत्कृष्ठ वैज्ञानिक पुरष्कार (वरिष्ठ श्रेणी), डॉ के.के.हाजरा वरिष्ठ वैज्ञानिक को उत्कृष्ठ वैज्ञानिक पुरष्कार (युवा श्रेणी), मलखान सिंह वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को उत्कृष्ठ तकनीकी अधिकारी प्रशासनिक वर्ग मे हर गोविंद राठौर वैयक्तिक सहायक को सर्वोत्तम कार्यकर्ता अवार्ड से पुरष्कृत किया गया। डॉ आर के मिश्र और टीम को शोध एवं विकास गतिविधियों के लिए उत्कृष्ठ टीम अवार्ड से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शैलेश त्रिपाठी परियोजना समन्वयक (रबी) द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजकुमार मिश्र प्रधान वैज्ञानिक द्वारा किया गया।

## कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 920/न0नि0अयो0/2024 दिनांक : 05/09/2024

**Expression of Interest**

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) 2.0 के अन्तर्गत नगर निगम अयोध्या में 20 आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल के निर्माण हेतु EOI आमंत्रित की जाती है। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| EOI अपलोड की तिथि | दिनांक-05.09.2024 |
| प्री-बिड् मीटिंग दिनांक | दिनांक-17.09.2024 अपरान्ह 3:00 बजे |
| EOI की अन्तिम तिथि | दिनांक-26.09.2024 अपरान्ह 2:00 बजे |
| EOI खोलने की तिथि | दिनांक-26.09.2024 सायं 4:00 बजे |

**मुख्य अभियन्ता**
नगर निगम अयोध्या

# एक अच्छा शिक्षक बच्चों को ऊंचे मुकाम पर पहुंचा सकता है: धर्मपाल पांडेय

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

ओ एन एकेडमी विद्यालय बारुन बाजार अयोध्या मे शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाए गए इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडेय विद्यालय संरक्षक रामगोपाल पांडेय रविंद्र पांडेय विद्यालय के शिक्षक आजाद अभिषेक शालू यादव शकुंतला आकांक्षा किरन कीर्ति मुस्कान आदि शिक्षक मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडेय ने शिक्षकों के योगदान के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ की हड्डी होते हैं एक अच्छा शिक्षक बच्चों को ऊंचे मुकाम पर पहुंचा सकता है उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है यह दिन डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के मद्रास में हुआ था डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रपति बनने से पहले शिक्षण जगत से जुड़े थे राष्ट्रपति बनने के बाद जब उनके प्रशंसकों और स्टूडेंट ने उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया मानना चाहा तो उन्होंने जीवन भर स्वयं टीचर रहने के नाते इस दिवस को शिक्षकों का सम्मान करने के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की सलाह दी इसके बाद 1962 से देश में 5 सितंबर के दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता रहा है ।इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से आध्या शिवानी लक्ष्मी तमन्ना सृष्टि शुभी आदि बच्चों ने अपने कार्यक्रम से बच्चों का दिल जीतने का कार्य किया सांस्कृतिक प्रोग्राम के बाद बच्चों ने केक काटकर टीचर्स डे मनाया बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें शिक्षकों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया गया उनके स्वागत में मिठाइयों और समोसे की व्यवस्था की गई उनके साथ- सौहार्दपूर्ण में जलपान का आयोजन किया गया इस तरह शिक्षकों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया और उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की बच्चों ने पुरस्कार स्वरूप कुछ भेंट भी कार्यक्रम का समापन आकांक्षा ने अपने संबोधन से समापन उन्होंने बताया कि शिक्षकों का हमे आभार प्रकट करना चाहिए आज हम जो भी कुछ हैं शिक्षकों की वजह से है उन्होंने आए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम सीखाने का कार्य शालू यादव ने किया मंच संबोधन शकुंतला मौर्य ने किया कार्यक्रम की रूपरेखा शालू यादव मुस्कान कीर्ति पूजा एवं बच्चों के सहयोग से किया गया।

## अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बने दिलीप राम त्रिपाठी, समर्थकों में हर्षोल्लास

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। दिलीप राम त्रिपाठी को अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी का राष्ट्रीय संगठन मंत्री बनाए जाने के उपलक्ष्य में विभिन्न संस्थाओं एवं गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करने वाले में राम अनुज तिवारी राष्ट्रीय संरक्षक अखिल भारतीय चाणक्य परिषद डॉ संजयन त्रिपाठी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी निदेशक नवल्स नेशनल अकादमी ग्रुप, आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री सतीश पांडेय राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष , जयप्रकाश तिवारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी वरिष्ठ सदस्य काशीनाथ तिवारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी वरिष्ठ सदस्य, प्रमोद तिवारी सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी आचार्य वीरेंद्र द्विवेदी वैदिक प्रभारी छत्तीसगढ क्षीरेश्वर दत्त मिश्र राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, गगन आचारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, डॉ जय गुरुदेव शुक्ल प्रदेश महामंत्री, ओम प्रकाश मिश्र प्रदेश सचिव , राधे रमण त्रिपाठी

# आदर्श व्यक्तित्व एवं शान्ति के प्रतीक थे डॉ राधा कृष्णन: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस | अमेठी



बृहस्पतिवार को कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में शिक्षक दिवस सादगी से मनाया गया।इस पावन अवसर पर प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिकशिक्षक संघ अमेठी ने बच्चों को बताया कि सर्व पल्ली डॉ राधाकृष्णन भारत देश के द्वितीय राष्ट्रपति थे।जिनका जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु में हुआ था।डॉ राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक,प्रख्यात शिक्षाविद्,महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे।उनके इन्हीं गुणों के कारण सन् 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।उनका जन्म दिन पांच सितम्बर पूरे देश में प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है।विद्यालय के बच्चों ने सभी शिक्षकों को पुष्प गुच्छ,एवं उपहार देकर सम्मानित किया।विद्यालय में बच्चों से खेल कूद एवं निबन्ध लेखन भी कराया।विजेता बच्चों को धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना शिक्षक दिवस शिक्षक-शिक्षिकाएं हुई सम्मानित

जन एक्सप्रेस | अयोध्या धाम




जनता अवध इण्टर कॉलेज अयोध्या धाम जनपद अयोध्या में महान शिक्षाविद भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती शिक्षक दिवस के रूप में कालेज के प्रधानाचार्य वीर विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता और प्राध्यापक आदित्य सिंह संयोजक एवं हिमांशु श्रीवास्तव (सहसंयोजक) के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा - 6 से 12 तक के छात्र -छात्राओं के सहयोग से सोल्लास मनाया गया।सर्व प्रथम प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती जी और सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को रोली चावल से तिलक लगाकर फूलमाला धूप दीप नैवेद्य अर्पित किया। कतिपय छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद क्रमशः छात्र -छात्राओं ने प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षण शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को तिलक लगाकर माल्यार्पण किया और साथ में यथा सम्भव उपहार देकर सम्मानित किया।
मनोरंजन के अन्तर्गत शिक्षक-शिक्षिकाओं के मध्य समसामयिक विषयों पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर केक काटकर वितरित किया गया। वालीवाल खेल प्रतियोगिता में विजई टीम के प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य जी ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक और शिक्षार्थियों में अन्योन्याश्रित संबंध होता है एक दूसरे के बिना दोनों अधूरे हैं , बिना शिक्षार्थी के शिक्षक नहीं और बिना शिक्षक के शिक्षार्थी नहीं। शिक्षकों का शिक्षार्थियों के प्रति समर्पण भाव होना चाहिए तथा शिक्षार्थियों का शिक्षकों के प्रति आदरभाव होना चाहिए तभी संस्कार युक्त शिक्षा फलित होती है। प्रधानाचार्य जी ने आयोजन समिति की भूरि भूरि प्रसंशा कर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं व्यक्ति किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा -11 की मेधावी छात्रा आयुषी त्रिपाठी ने किया। सामूहिक जलपान के बाद राष्ट्रगान के साथ भव्यतापूर्ण शिक्षक दिवस समारोह संपन्न हुआ।

## विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में शिक्षक दिवस धूम धाम से मनाया गया। प्रबन्धक उमा शंकर शुक्ल ने भारत के पहले उप राष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित करने के बाद फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान विद्यालय के सीनियर विद्यार्थियों ने विभिन्न नाटकों के माध्यम से जीवन में शिक्षकों के महत्व को दर्शाया। अध्यापकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने केक काटा। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि 5 सितंबर 1888 को मद्रास प्रेसीडेंसी में जन्मे राधाकृष्णन एक महान विद्वान, दार्शनिक होने के साथ साथ कुशल शिक्षक भी थे। 1962 में राष्ट्रपति रहते हुए जब कुछ छात्रों ने मिलकर उनसे जन्मदिन मनाने की जिद की तो उन्होंने सलाह दिया कि उनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाय। प्रबन्धक ने कहा कि यह दिन अध्यापकों की कड़ी मेहनत और समर्पण के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने का दिन है।

# बिना शिक्षार्थी के शिक्षक नहीं और बिना शिक्षक के शिक्षार्थी नहीं: जे0पी0 सिंह

जन एक्सप्रेस | मयाबाजार, अयोध्या



सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। शिक्षकों को समर्पित यह दिन शिक्षकों के समर्पण और कठिन परिश्रम को सम्मान देने और उनकी छात्रों के जीवन में अहम भूमिका को बताने के लिए मनाया जाता है उक्त बातें सी0बी0एस0 इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जे0पी0 सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर कहा द्य कार्यक्रम की शुरुआत सी0बी0एस0 इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जे0पी0 सिंह ने मां सरस्वती जी और सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को रोली चावल से तिलक लगाकर फूलमाला धूप दीप नैवेद्य अर्पित किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद क्रमशः छात्र -छात्राओं ने प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षण/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को तिलक लगाकर माल्यार्पण किया और साथ में यथा सम्भव उपहार देकर सम्मानित किया। मनोरंजन के अन्तर्गत शिक्षक-शिक्षिकाओं के मध्य समसामयिक विषयों पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बच्चो द्वारा जन्मदिन को केक काटकर मनाया गया। प्रधानाचार्य जे0पी0 सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक और शिक्षार्थियों में अटूट संबंध होता है द्य एक दूसरे के बिना दोनों अधूरे हैं , बिना शिक्षार्थी के शिक्षक नहीं और बिना शिक्षक के शिक्षार्थी नहीं।
शिक्षकों का शिक्षार्थियों के प्रति समर्पण भाव होना चाहिए तथा शिक्षार्थियों का शिक्षकों के प्रति आदरभाव होना चाहिए तभी संस्कार युक्त शिक्षा फलित होती है। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चो की भूरि भूरि प्रसंशा कर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक / शिक्षिकाओं में जे0पी0 सिंह प्रधानाचार्य , के0 एम0 पाण्डेय , दिनेश सर , हरि कृष्ण उप्पाध्याय , रश्मि यादव , राज लक्ष्मी सिंह , लाजो , ज्योति विश्वकर्मा, शालू मौर्या , रूबी मौर्या , आकाक्षा दूबे , आँचल यादव , प्रिया वर्मा , अंकित बारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## लालगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। रायबरेली लालगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालगंज की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें क्षेत्र की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई तथा सरनी विधानसभा के समन्वयक रहे श्री सुरेंद्र शर्मा जी तथा सुशील पासी को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व को आभार प्रकट किया गया जिसमें जिला सचिव प्रभारी लालगंज अजय प्रताप सिंह राजकुमार द्विवेदी श्री सतीश पासवान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री राकेश सिंह भदोरिया रंजीत भदोरिया लाल बहादुर सिंह सभासद अतुल शर्मा न्याय पंचायत अध्यछ कृष्णाकुमार तिवारी रामबॉक्स सिंह रामराज यादव कलिशंकर सिंह विक्रम सिंह अवधेश सिंह नगर अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता सहित सभी न्याय पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में रायबरेली को मिला प्रथम स्थान

## * जिलाधिकारी ने सफलता का श्रेय अपने मातहतों को दिया

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में पहला स्थान मिलने पर जिलाधिकारी ने इसका श्रेय अपने मातहतों को दिया है
केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा किए गए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में रायबरेली ने पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने इस सफलता का श्रेय अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका और अन्य संबंधित विभागों ने शहर की स्थिति को सुधारने के लिए अथक प्रयास किए हैं, जिसका परिणाम यह है कि रायबरेली ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है

सर्वेक्षण में यूपी के चार शहरों को मिला पहला स्थान

सर्वेक्षण के अनुसार, उत्तर प्रदेश के चार शहरों - आगरा, फिरोजाबाद, झांसी और रायबरेली - को पहले स्थान पर रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 131 शहरों के वायु प्रदूषण स्तर का मूल्यांकन किया गया था और इस सर्वेक्षण के परिणामों को 7 सितंबर को जयपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। रायबरेली को तीन लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में पहला स्थान मिला है

### पर्यावरण संबंधी कार्यों से मिला प्रथम स्थान

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि शहर में सड़क किनारे फुटपाथ की सफाई, नालियों की नियमित देखरेख, ट्रैफिक लाइट्स की स्थिति में सुधार और फ्लाईओवरों पर उचित लाइटिंग जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। इन प्रयासों ने शहर को इस उपलब्धि तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पर्यावरण से संबंधित इन कार्यों ने रायबरेली को स्वच्छ वायु की दिशा में एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित किया है।

# सघन मत्स्य पालक हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

रायबरेली मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली इरफानुल्लाह खान ने बताया है कि शासन के शासनादेश अनुसार एक नवीन योजना सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना प्रारम्भ की गई है। उन्होंने उक्त योजनान्तर्गत लाभ पाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत मत्स्य बीज हैचरी संचालित करने वाले हैचरी स्वामी, निजी क्षेत्र एवं पट्टे पर आवंटित तालाब की महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की पट्टा अवधि कम से कम 5 वर्ष अवशेष हो एवं विद्युत कनेक्शन/जनरेटर की उपलब्धता हो, पात्र होंगे। परियोजनान्तर्गत 0.50 हे0 के तालाब में 2 हार्सपावर के एक काड पैडिल व्हील एरियेटर एवं 1.00 हे0 या उससे बड़े तालाब हेतु अधिकतम दो एरियेटर प्रति महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की वर्तमान मत्स्य उत्पादकता कम से कम 4-5 टन प्रति हे0 हो, की उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुदान दिया जायेगा। योजना पूर्णतः महिला मत्स्य पालकों के लिए संचालित की गई है। उक्त योजना में विभागीय व े ब स ा इ ट द्धह्लह्लश्च्-//द्धद्बह्यद्धड्डह्लद्गद्ध.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना होगा। ऑनलाइन आवेदन 10 सितम्बर 2024 तक किए जा सकेंगे। योजना में तालाबों के ऐसे सभी पट्टा धारक आवेदन कर सकते हैं जिनके पट्टे की अवधि में न्यूनतम 5 वर्ष अवशेष हों। योजना हेतु आवेदक को इकाई लागत रुपए 0.75 लाख प्रति यूनिट पर सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत अनुदान तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया

# जमीन कब्जाने को लेकर महिला पत्रकार और एसडीएम के बीच हुई तकरार

जन एक्सप्रेस | अमेठी

एक महिला पत्रकार ने जमीन कब्जाने को लेकर एस डीएम मुसाफिरखाना पर आरोप लगाया है।महिला पत्रकार का आरोप है कि एसडीएम उसके घर पर विपक्षी का कब्जा करवा रही हैं।शिकायत करने पर एसडीएम द्वारा उनके साथ अभद्रता भी की गई है।मामला जनपद के मुसाफिरखाना तहसील के गाईमऊ से का है।जहां की रहने वाली महिला पत्रकार की मां इसरत जहां ने एक मकान सबीरुल निशा से लिया।इस मकान में वह अपनी बेटी और बेटे के साथ रहती हैं।बेटी पत्रकार है।इस दौरान विपक्षी द्वारा शिकायत की गई कि ये मकान उनकी जमीन पर बना है।आरोप है कि अधिकारी के निर्देश पर पीड़ित परिवार के घर पर विपक्षी का कब्जा करवा दिया गया है।जिसे लेकर महिला पत्रकार और एसडीएम के बीच में हुई बहस हुई।विपक्षी के द्वारा घर में कब्जा लिए जाने के बाद महिला पत्रकार लगातार अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगा रही थी। लेकिन सुनवाई न होते देख महिला पत्रकार ने एक बार फिर एसडीएम प्रीति तिवारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।आरोप है कि इस दौरान महिला पत्रकार से महिला अधिकारी ने अभद्रता की।अब इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।
इस मामले में एसडीएम मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी का कहना है कि एक पत्रकार महिला द्वारा यह बताया जा रहा है कि उनके साथ अभद्र व्यवहार मेरे द्वारा किया गया है।मगर ऐसा कुछ नहीं है।एक जमीन का मामला है।जिसका पहले ही सुलहनामा हो चुका है।उन्होंने बताया कि महिला पत्रकार के द्वारा मेरे कार्यालय में आकर मेरे खिलाफ कठोर शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

# न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट ने मनाया शिक्षक दिवस शिक्षकों का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स ने शिक्षक दिवस पर डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 137 वीं जयंती उत्साह के साथ वृहद स्तर पर मनाई। विद्यालय में आयोजित एक समारोह में एनएसजीआई ने अपने परिवार के शिक्षकों को सम्मानित किया, साथ ही एनएसजीआई के पीआरओ रहे स्व0 सी.एस. दास मिश्रा जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की
कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ,सह-प्रबंधिका डॉ रश्मि शर्मा और अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने विद्यालय परिवार के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ माँ सरस्वती का पूजन कर डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मदर टेरेसा के चित्र परमाल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।
कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत गीत से हुई तत्पश्चात छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर एक विशेष गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में संस्थापक-प्रबंधक के सम्मान में एनएसपीएस सलेथू की उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत गीत, एनएसपीएस सलोन के शिक्षकों की कव्वाली ÷शान-ए-महफ़िल÷, आरकेडी एनएसपीएस तेजगांव के शिक्षकों की प्रेरक नाट्य प्रस्तुति, एनएसपीएस सलेथू शाखा की शिक्षिका ममता श्रीवास्तव का गीत, एनएसपीएस लालगंज के शिक्षकों का गुरुमंत्र नृत्य, एनएसबीवीएम के शिक्षकों की हास्य नाटिका, एनएसपीएस सलेथू के शिक्षकों का क्लासरूम एक्ट और एनएसपीएस त्रिपुला के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका विशेष आकर्षण का केंद्र रहे
कार्यक्रम में एनएसजीआई परिवार के शिक्षकों को बेस्ट मदर टीचर, बेस्ट हॉउस इंचार्ज, बेस्ट क्लास टीचर, को-कल्चरल एक्टिविटी टीचर, हायर एवरेज मार्क्स एचीवर, बेस्ट सब्जेक्ट टीचर और शत-प्रतिशत मार्क्स अचीवर इन बोर्ड एग्जामिनेशन 2024 जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया
शिक्षक दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह रहा जब एनएसजीआई के पीआरओ रहे स्व0 सी.एस. दास मिश्रा को उनके आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गयी, साथ ही एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा द्वारा पीआरओ सर के परिजनों को 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी कार्यक्रम में विद्यालय केसंस्थापक-प्रबंधक व सह-प्रबंधिका ने परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार वितरित करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की
कार्यक्रम के अंत में डॉ0 शर्मा ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि डॉ0 राधाकृष्णन ने शिक्षा के उत्थान में जो महत्वपूर्ण कार्य किया वह सराहनीय है भारत सरकारनेजो शिक्षा आयोग की स्थापना की उसमें डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षा के जो नए मापदंड स्थापित किये, वे उत्कृष्ट शिक्षा के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं।

## जिला स्तरीय पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 06 को

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

रायबरेली जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स जिला खेल कार्यालय रायबरेली में 06 सितम्बर को प्रातः 11ः00 बजे आयोजित की जा रही है तथा मण्डल स्तरीय आयोजन तिथि/क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ में 07 सितम्बर को सायं 03ः00 बजे आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता आयोजन डा0भीमरावअम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल डागा सेमर अयोध्या में 09 से 11 सितम्बर 2024 तक किया जाना निर्धारित है। जिसमें मंडल की टीम को भाग लेना है।
जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि वालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष वर्ग खिलाड़ियों आधार, निवास प्रमाण-पत्र फोटो लाना होगा।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | अमेठी



शिक्षक दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु नवाचारी कार्यक्रम मिशन प्रबोधन शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया।तथा शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।और शिक्षकों द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का आवाह्न किया।डीएम ने कहा कि आप सभी शिक्षक गण कड़ी मेहनत करके बच्चों को अच्छी बातें सिखातें हैं।जिससे बच्चों का सही मार्गदर्शन होता है।स्कूलों में बच्चों को पूरी ईमानदारी के साथ पढ़ाएं।तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए सही राह दिखाएं। सीडीओ ने कहा कि समाज में माता-पिता के बाद शिक्षक ही बच्चों को सही राह दिखाते हैं।आप लोग बच्चों का भविष्य बेहतर बनाते हैं।आप बच्चों को जो सिखाते हैं,वह बच्चे हमेशा याद रखते हैं।जैसा संस्कार आप बच्चों में डालेंगे,बच्चा वैसा ही बनेगा।शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो खंड शिक्षा अधिकारियों डॉ संतोष कुमार यादव खंड शिक्षा अधिकारी भेंटुआ,हरिओम तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर,दो एआरपी ओंकारनाथ पांडे तथा सुरेंद्रनाथ एवं चौबीस शिक्षकों तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के छ प्रधानाचार्य तथा तीन सहायक अध्यापक को प्रशस्ति पत्र व पौधा देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में आयोजित कक्षा छ,सात,आठ की जनपद स्तरीय ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता में विजेता 18 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में शैक्षिक गुणवत्ता,संवर्धन हेतु नवाचारी कार्यक्रम मिशन प्रबोधन का शुभारंभ किया गया।और बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अमेठी प्रतिभा खोज एवं ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान किए जाने हेतु सहायता राशि देने वाले लोगों को भी अंगवस्त्र व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,खंड शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षक गण एवम छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |
| कानपुर | 32°C | 26°C |
| देहरादून | 29°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 32°C | 26°C |

# आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से किसानों को सशक्त बना रही सरकार

**इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन के सहयोग से यूरोपीय यूनियन एवं गूगल के साथ साझेदारी में एग-टेक स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन का किया गया आयोजन**

- कृषि को आधुनिक बनाने वाली पहलों का प्रदर्शन करना और राज्य में कृषि के भविष्य पर चर्चा करना शिखर सम्मेलन का होगा प्रमुख उद्देश्य
- एग-टेक स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन में देश भर के 25 से अधिक एग टेक्स, नीति निर्माता, निवेशक, शिक्षा जगत के प्रतिनिधि और अंतर्राष्ट्रीय संगठन कर रहे प्रतिभाग
- विजन डॉक्यूमेंट फॉर एगटेक के माध्यम से कृषि आय और स्थिरता को बढ़ाने के लिए अनुकूलित प्रौद्योगिकियों और समाधानों के बारे में किया जाएगा जागरूक



### प्राइवेट सेक्टर के साथ साझेदारी पर फोकस

इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका गर्ग ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप किसानों की आय को दोगुना करने का प्रयास कर रही है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश पहले ही एग्रीस्टैक के साथ डिजिटल कृषि के क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। भारत सरकार ने डिजिटल कृषि को लेकर सॉइल हेल्थ टेस्टिंग समेत कई प्रस्तावों की घोषणा की है। इसको देखते हुए हम प्राइवेट सेक्टर के साथ और अधिक साझेदारी पर फोकस कर रहे हैं। आईएफसी की कंट्री मैनेजर भारत एवं मालदीव वेंडी वर्नर ने कहा कि उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर के क्षेत्र में काफी अच्छा कर रहा है और इसमें काफी पोटेंशियल है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए यूपी में एक साथ काम कर रहे हैं कि प्राइवेट सेक्टर इनोवेटिव सॉल्यूशंस का एक महत्वपूर्ण माध्यम हो सकता है। हमने भारत में करीब 9 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। मालूम हो कि सम्मेलन में स्टार्टअप्स की एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बुआई से लेकर कटाई के बाद के समाधान और नवाचारी बाजार तक पहुंच के समाधान शामिल होंगे।

### किसानों की समस्या का होगा समाधान

होटल ताज में आयोजित एगटेक स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन-2024 में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने विजन डॉक्यूमेंट फ़ॉर एगटेक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए कृषि का पावर हाउस है। कृषि को प्रभावित करने वाली दो महत्वपूर्ण चीजें हैं, वेदर और प्राइसिंग। इन दोनों से किसानों और कृषि को निजात दिलाने के लिए आईएफसी और वर्ल्ड बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस युग में टेक्नोलॉजी और डिजिटल तकनीक का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। कृषि विभाग और उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत कुछ वर्षों से इस इनीशिएटिव को आगे बढ़ाया है। इसमें किसानों के जीवन के साथ-साथ कृषि में सकारात्मक बदलाव करने की क्षमता है। एगटेक इसमें मददगार होगा। यह किसानों की तमाम तरह की समस्याओं का समाधान करेगा, जैसे किसानों को कम पैसे में पूरा क्रेडिट मिल जाए। प्रत्येक किसान को उसके उत्पादन की अधिक से अधिक कीमत मिले।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ उनकी कृषि संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए योगी सरकार अनेक कदम उठा रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने गुरुवार को इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईएफसी) के सहयोग से और यूरोपीय यूनियन के-ष्टस्ढ्ढस् कार्यक्रम एवं गूगल के साथ साझेदारी में, एग-टेक स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य कृषि को आधुनिक बनाने वाली पहलों का प्रदर्शन करना और राज्य में कृषि के भविष्य पर चर्चा करना है। उल्लेखनीय है कि एग-टेक स्टार्ट-अप समिट एक ऐसा मंच प्रदान करता है जिसमें देश भर के 25 से अधिक एग टेक्स, नीति निर्माता, निवेशक, शिक्षा जगत के प्रतिनिधि और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे पारिस्थितिकी तंत्र निर्माताओं के साथ मिलकर, कृषि आय और स्थिरता को बढ़ाने के लिए अनुकूलित प्रौद्योगिकियों और समाधानों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

# लखनऊ सीतापुर बॉर्डर पर वन विभाग की टीम ग्रामीणों को कर रही जागरूक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ जिले के बीकेटी वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाहरगांव में लखनऊ डीएफओ द्वारा जारी आदेश एवं बीकेटी वन रेंज क्षेत्राधिकारी के निर्देशानुसार वन दरोगा मुबारक अली, जमालु, अन्य वन विभाग के कर्मचारीयों के साथ लखनऊ सीतापुर बॉर्डर के पास पड़ने वाले गांवों में ग्रामीणों को जागरूक किया। बता दें कि बीते कुछ दिनों पहले उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में आदमखोर भेड़ियों का खौफ बहुत ज्यादा हैं जिसमें कई लोगों की जान चली गईं हैं। वहीं वन विभाग प्रशासन ने आदेश जारी किया हैं जिससे कि सीतापुर लखनऊ बॉर्डर पर पड़ने वाले गांवों में वन विभाग की टीम रात्रि में गस्त कर लोगों को जागरूक कर रही हैं तथा दिन में भी गांवो में जानकारी देकर जागरूक करने का काम कर रही है।

## दिनेश प्रताप ने तुर्की के किसानों से की मुलाकात

- बुंदेलखंड में औद्यानिक फसलों की संभावनाओं पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय खाद्य प्रदर्शनी ÷वर्ल्ड फूड इस्तांबुल÷ के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने तुर्की के किसानों के खेतों का भ्रमण किया। उन्होंने देखा कि तुर्की के पर्वतीय क्षेत्रों में अंगूर, टमाटर जैसी उन्नत किस्म की फसलों की अधिक पैदावार हो रही है। इसके आधार पर उन्होंने उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में भी इस प्रकार की औद्यानिक फसलों की अधिक पैदावार की संभावनाएं जताईं।उन्होंने कहा कि तुर्की में जिस प्रकार आधुनिक खेती और उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार भी किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्यान विभाग किसानों को योजनाओं में अनुदान और तकनीकी सहयोग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है, ताकि प्रदेश में भी औद्यानिक खेती को प्रोत्साहन मिल सके। सरकार की योजनाओं के तहत बुंदेलखंड के किसानों को विशेष रूप से औद्यानिक फसलों की खेती में सहयोग मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि की जा सकेगी।

# मुख्य सचिव ने एग-टेक स्टार्ट-अप समिट-2024 में किया प्रतिभाग

- कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने विजन डॉक्यूमेंट फ़ॉर एगटेक को किया लांच

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने होटल ताज में एग-टेक स्टार्ट-अप समिट-2024 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विजन डॉक्यूमेंट फ़ॉर एगटेक को लांच किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए कृषि का पावर हाउस है। हमारे पास 75 प्रतिशत तक कृषि योग्य भूमि है। हमने समय के साथ सीखा है कि कृषि को प्रभावित करने वाली दो महत्वपूर्ण चीजें हैं, पहला वेदर और दूसरा प्राइसिंग। इन दोनों से किसानों और कृषि को निजात दिलाने के लिए आईएफसी और वर्ल्ड बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे युग में हैं जहां टेक्नोलॉजी और डिजिटल का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इसका उपयोग बड़े बदलाव के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि विभाग और उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत एक-दो वर्षों से इस इनीशिएटिव को आगे बढ़ाया है। इसमें किसानों के जीवन के साथ-साथ कृषि में सकारात्मक बदलाव करने की क्षमता है। इसमें एगटेक मददगार होगा, जो देश का नंबर वन स्टार्ट अप है। यह किसानों की तमाम तरह की समस्याओं का समाधान करेगा, जैसे क्रेडिट की एक्सेस, उनकी फसलों की स्थिति में प्रगति, उनकी उत्पादकता में वृद्धि और उत्पादन की बिक्री में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान को उसके उत्पादन की अधिक से अधिक कीमत मिले, इसे ध्यान में रखते हुए हमारा प्रयास है कि हर संभव अवसर का लाभ उठाया जाए। प्रदेश में पहली बार एग्रीकल्चर सेक्टर में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने के लिए गूगल और आईएफसी के साथ मिलकर संयुक्त प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है। इससे किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक ही मंच पर सभी जरूरी चीजें उपलब्ध होंगी। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती मोनिका गर्ग ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप किसानों की आय को दोगुना करने का प्रयास किया जा रहा है। एग्रीस्टैक के साथ डिजिटल कृषि में क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है जो एक क्रांतिकारी अवधारणा है। भारत सरकार ने डिजिटल कृषि को लेकर सॉइल हेल्थ टेस्टिंग समेत कई प्रस्तावों की घोषणा की है। इसको देखते हुए हम प्राइवेट सेक्टर के साथ और अधिकर साझेदारी पर फोकस कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश पहले ही वास्तव में यूपीटीए इससे दो कदम आगे बढ़कर अगले वर्ष उत्पादन, उत्पादकता और अन्य मानकों पर कार्य कर रहा है। इसी क्रम आईएफसी के साथ बहुत महत्वपूर्ण सेक्टर में काम करने का अवसर मिल रहा है। आईएफसी की कंट्री मैनेजर भारत एवं मालदीव सुश्री वेंडी वर्नर ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र में काफी अच्छा कार्य कर रहा है और इसमें काफी पोटेंशियल है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए यूपी में एक साथ काम कर रहे हैं कि प्राइवेट सेक्टर इनोवेटिव सॉल्यूशंस का एक महत्वपूर्ण माध्यम हो सकता है। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन का उद्देश्य कृषि को आधुनिक बनाने वाली पहलों का प्रदर्शन करना और राज्य में कृषि के भविष्य पर चर्चा करना है। उल्लेखनीय है कि एग-टेक स्टार्ट-अप समिट एक ऐसा मंच प्रदान करता है जिसमें देश भर के 25 से अधिक एग टेक्स, नीति निर्माता, निवेशक, शिक्षा जगत के प्रतिनिधि और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे पारिस्थितिकी तंत्र निर्माताओं के साथ मिलकर, कृषि आय और स्थिरता को बढ़ाने के लिए अनुकूलित प्रौद्योगिकियों और समाधानों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव मत्स्य विभाग श्री के0रवीन्द्र नायक, सचिव कृषि श्री अनुराग यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## बाल विकास पुष्टाहार परियोजना कार्यालय के सहगोदामों के निर्माण हेतु 298.89 लाख मंजूर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत संचालित बाल विकास पुष्टाहार की परियोजना कार्यालय के सहगोदामों के निर्माण कार्य हेतु 298.89 लाख रुपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के निवर्तन पर रखी गई है। इस योजना के तहत प्राविधानित धनराशि 5000 लाख रुपये के सापेक्ष यह धनराशि मंजूर की गई है।बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिये हैं। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि के आहरण में राज्य सरकार द्वारा इस योजना के संबंध में निर्गत गाइडलाइन एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

## गुण्डो माफियाओ के खिलाफ कानून का पालन करते हुए हो रहा बुलडोजर का प्रयोग: शर्मा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को सिद्धार्थनगर जनपद प्रवास के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बुल्डोजर पर किए गए ट्वीट कि ÷सपा सरकार बनते ही सारे बुल्डोजर गोरखपुर की ओर रुख करेंगे÷ पर पूंछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सपा सरकार में जो माफिया गुंडे पले बड़े थे और जो गुंडाराज उन्होंने स्थापित किया था। उन्होंने गरीबों, सामान्य व्यक्तियों, निर्दोष लोगों की जमीनों में अवैध कब्जे किए थे, सरकारी जमीनों, नजूल की जमीनों में अवैध कब्जे कर बड़ी-बड़ी महलनुमा बहुमंजिला आवास अट्टालिकाएं बनाई थी। इसको ध्वस्त करने के लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए बुलडोजर का प्रयोग हो रहा है। उसमें कहीं पर भी कोई गलती नहीं हो रही है, गुंडे माफियाओ के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होती रहेगी। केंद्र में मोदी भ्रष्टाचार को खत्म करने में लगे हुए हैं, प्रदेश में योगी गुंडाराज, माफियाराज को खत्म करने में लगे हुए हैं, उसमें बुलडोजर का पूरा उपयोग हो रहा है और यह प्रयोग होता रहेगा।

# एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

- शिक्षक वह होती हैं जो हमें सपने देखने और उन सपनों को पूरा करने के करतीं हैं प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में 5 सितंबर 2024 को विद्यालय प्रांगण में शानदार तरीके से शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एस. एस. इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एवम् फार्मेसी ,एस. एस. इंटरनेशनल स्कूल और एस. एस. पब्लिक स्कूल का स्टाफ एकत्रित था, संस्थापक चेयरमैन अनिल सिंह चौहान और चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान , वाइस चेयरपर्सन हेमा सिंह ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर एस.एस. पब्लिक. स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सी. के. शर्मा और एस.एस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया उपाध्याय समारोह में उपस्थित थी। सर्वप्रथम, संस्थापक चेयरमैन आदरणीय अनिल सिंह चौहान और चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित हुआ और सरस्वती माता एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पर माल्यार्पण एवं सम्मान प्रस्तुत हुआ। उसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की बौछार रही। जिसमें नृत्य, नाटक और संगीत शामिल था।



# श्री गीत लॉ कॉलेज में शिक्षक दिवस का अयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

शिक्षक दिवस के अवसर पर श्री गीत विधि महाविद्यालय इटौंजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां फेस्ट के अंर्तगत छात्रों द्वारा स्टॉल लगाए गए एवं विभिन्न क्रियाकलापों का प्रदर्शन किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रबंधक अनुराग भदौरिया ने कहा कि इस खास दिन पर हमें शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को समझने का अवसर मिलता है, शिक्षा से समाज की प्रगति और विकास होता है,यह केवल ज्ञान प्राप्ति का तरीका नहीं है, बल्कि हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करता है, एक अच्छा शिक्षक जीवन के लिए एक वरदान है, जो हमें ज्ञान, बुद्धिमत्ता और सफलता की ओर ले जाता है।÷ इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## ऊर्जा मंत्री ने की सिद्धार्थनगर के विकास कार्यों की समीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा गुरुवार को सिद्धार्थनगर पहुंचकर जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अपने प्रभार जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सिद्धार्थनगर आकांक्षी जिला की श्रेणी में आता है, इस जिले को विकसित बनाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना पड़ेगा और पूर्ण ईमानदारी वह निष्ठा के साथ विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करना होगा। साथ ही जनपद के विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ मिले इसके भी निरंतर प्रयास करते रहना होगा, जिससे कि यह जिला आकांक्षी जिले की श्रेणी से निकलकर विकसित जिला बन सके।

# इटौंजा हाईवे सड़क पर सब्जी व्यापारी से सुबह चार बजे हुई लूट

- कार सवार बदमाशों ने व्यापारी के कनपटी पर तमंचा सटाकर वारदात को दिया अंजाम
- बदमाशों ने सब्जी व्यापारी से मारपीट कर 1 लाख 40 हजार कैश लूट कर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी जोन के इटौंजा इलाके में एक सब्जी व्यापारी से सुबह चार बजे लूट हों गई। कार सवार बदमाशों ने कनपटी पर तमंचा सटाकर सब्जी व्यापारी से लूट कर ली गई। व्यापारी सब्जी खरीद के लिए सुबह चार बजे मंडी जा रहा था। मामला गुरुवार भोर का है। व्यापारी ने लूट से बचने का प्रयास किया तो लुटेरों ने मारकर उन्हें चोटिल कर दिया। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आपको बताते चलें कि इटौंजा के सोनिकपुर गांव निवासी अनुज मानपुर मंडी में थोक सब्जी का कारोबार करते हैं वह गुरुवार की सुबह सब्जी खरीद के लिए मोटरसाइकिल से लखनऊ के नवीन गल्ला मंडी जा रहे थे। वहीं अनुज घर से थोड़ी दूर पर ही पहुंचे थे तभी सोनिकपुर मोड पर काले रंग की ब्रेजा कार से चार-पांच की संख्या में बदमाश पहुंचे और कार अनुज की मोटरसाइकिल के आगे लगा दिया और तमंचा माथे पर लगाकर कहा जो पैसे लिए हो सब दो नहीं तो गोली मार दूंगा जब अनुज ने विरोध किया तो बदमाशों ने पिस्टल की बट से पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया और बदमाश रुपए लेकर मौके से फरार हो गए। वहीं सब्जी व्यापारी अनुज बेहोशी की हालत में करीब 30 मिनट तक सड़क पर पड़े रहे,जब सुबह वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने उन्हें देखा तब घर वालों को इसकी सूचना दी। वहीं आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस की टीम ने मुआयना किया। वहीं एक सब्जी व्यापारी ने बताया कि अक्सर गांव के मोड पर सीतापुर रोड के किनारे काली रंग की ब्रेजा खड़ी रहती है और संभवत अनुज के साथ हुई लूट में उक्त कार सवार लोगों ने घटना को अंजाम दिया होगा। वहीं पुलिस हर एक बिंदुओं एवं पहलूओ पर जांच-पड़ताल कर रही हैं और सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य बिंदुओं को खंगाल रही हैं जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

## मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में अगस्त में हुई 15969.65 करोड़ राजस्व प्राप्ति

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- अगस्त तक 84266.15 करोड़ राजस्व प्राप्त जो लक्ष्य का 76.7 प्रतिशत है: खन्ना

उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अगस्त माह में 15969.65 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अगस्त माह में 14243.82 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अगस्त माह में गत वर्ष के इसी अवधि की तुलना में 1725.83 करोड़ रूपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अगस्त तक कर राजस्व प्राप्ति 109862.15 करोड़ रूपये लक्ष्य के सापेक्ष 84266.15 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो निर्धारित लक्ष्य का 76.7 प्रतिशत है। कर राजस्व की मद जीएसटी के अंतर्गत माह अगस्त में 6228.82 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई है, जो माह अगस्त में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य 8428.45 करोड़ रूपये के सापेक्ष 73.9 प्रतिशत है। जबकि गत वर्ष अगस्त माह में प्राप्ति 5425.21 करोड़ रूपये थी। इस मद के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह अगस्त तक राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य 48154.25 करोड़ रूपये के सापेक्ष 34691.13 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 72 प्रतिशत है। इसी प्रकार वैट के अंतर्गत माह अगस्त, 2024 में 2659.47 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई है, जो अगस्त माह के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 77.6 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अगस्त माह तक वैट के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 16295.54 करोड़ रूपये के सापेक्ष 11977.21 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## पूरी तरह बदल चुका है जम्मू-कश्मीर इस बार का जनादेश चौंकाने वाला होगा


**हड़तालों का आयोजन अब बीती बात हो गयी है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर रोक लग गयी है, सीमा पार से होने वाली गोलीबारी बंद हो गयी जिससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को जब-तब भाग कर बंकरों में छिप कर जान बचाने से आजादी मिली। 370 हटने से पुलिस, सेना और अन्य जांच एजेंसियों के बीच ऐसा अच्छा समन्वय बना कि जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था की नाकामी के चलते होने वाली आपराधिक घटनाओं में 97 प्रतिशत की गिरावट आ गयी और आतंकवाद संबंधी घटनाएं पहले से घटकर आधी से भी कम हो गयीं।**

*जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की ओर से नामांकन दाखिल किये जा रहे हैं। विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं साथ ही बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेता भी चुनाव प्रचार करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँच रहे हैं। गलियों और मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चल रहा है, रोड शो निकाले जा रहे हैं, घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। जनता भी खुलकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है। यह सब कुछ भयमुक्त वातावरण में हो रहा है जोकि कश्मीर घाटी के लोगों के लिए नई बात है। जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं उन युवाओं ने तो ऐसा माहौल पहले कभी देखा भी नहीं था। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी खास है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब लदते नजर आ रहे हैं। श्रीनगर के हृदय माने जाने वाले लाल चौक का नजारा बता रहा है कि यहां की जनता इस बार चौंकाने वाला जनादेश देने जा रही है। कश्मीर घाटी में एक समय आतंक और अलगाववादियों का राज था लेकिन आज यहां विभिन्न चौक-चौराहों पर तिरंगा लहरा रहा है, खासकर लाल चौक पर शान से आसमान को छूता तिरंगा सबका ध्यान आकृष्ट करता है। अब घाटी में पर्यटकों का जमावड़ा बिना किसी खौफ के लगता है। लाल चौक पर जहां पहले शाम के बाद कोई नहीं दिखाई देता था आज वहां देर रात तक चहल पहल रहती है और विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को देखकर लोग कश्मीरी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से रूबरू होते हैं। हम आपको याद दिला दें कि नरेंद्र मोदी ने भाजपा नेता के रूप में जब तिरंगा यात्रा का लाल चौक तक नेतृत्व किया था तब वहां तिरंगा फहराने का मतलब जान से खेलना था लेकिन उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद कश्मीर ऐसा बदला कि आज लाल चौक का शांत और खुशहाल नजारा पूरे कश्मीर के बदलाव को प्रतिबिंबित करता है। अगर आप हाल ही में कभी लाल चौक गये होंगे या श्रीनगर शहर का दौरा किया होगा तो आपने देखा होगा कि कैसे स्मार्ट सिटी अभियान के तहत इस क्षेत्र का कायाकल्प हो गया है। कश्मीर घाटी में किये गये विकास के बलबूते भाजपा को उम्मीद है कि यहां की जनता इस बार परिवारवादी दलों की बजाय उसका साथ देगी। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाये हुए पांच साल पूरे हो चुके हैं और इस दौरान जम्मू-कश्मीर ने वो खुशी देख ली है जो बीते तीन-चार दशकों में उससे छीन ली गयी थी। सिर्फ पांच सालों में आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद जैसी समस्याओं पर काबू पाना और राज्य की अर्थव्यवस्था को फिर से अपने पाँव पर खड़ा कर देना किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस कश्मीर घाटी में पहले आईएस और पाकिस्तान के झंडे लहराये जाते थे आज वहां यह सब बंद हो गया है और हर घर पर तिरंगा फहरा रहा है। लाल चौक में तिरंगा फहराने पर पहले गोली लगने का खतरा रहता था लेकिन आज नये रंग रूप में लाल चौक पर शान से फहराता तिरंगा हर किसी को नये कश्मीर का अहसास करा रहा है। यही नहीं, भारत के राष्ट्रीय ध्वज का विरोध करने वाले हुर्रियत जैसे अलगाववादी संगठन के कार्यालय पर भी तिरंगा लहरा रहा है। विपक्ष भले आज भी 370 की वकालत कर रहा हो लेकिन देश देख रहा है कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाया तो जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद पर रोक लग गयी। पत्थरबाजी पूरी तरह बंद हो गयी, धर्मस्थलों से धार्मिक तकरीरों की बजाय राजनीतिक और भड़काऊ भाषण दिये जाने बंद हो गये।*

एक्सप्रेस आलेख

**हमारे बहादुर जवानों के शौर्य और पराक्रम के परिणामस्वरूप एक सौ चालीस करोड़ देशवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर लड़ाई में हमारे युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अनेक वीरों ने अपने शौर्य और पराक्रम से देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर उत्तर प्रदेश में छह नोडों पर स्थापित हो रहा है। प्रदेश सरकार रक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय बनाकर इस डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण के कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रही है। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में डीआरडीओ ब्रह्मोस तथा झांसी नोड में भारत डायनमिक्स लि द्वारा दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं।**

# सामरिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का महत्व



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**आधुनिकतम उपकरण और तकनीक का विकास भारत की धरती पर होगा, जिससे हमारी सेना और भी मजबूत होगी। राष्ट्र रक्षा के इन प्रयासों में उत्तर प्रदेश सदैव अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेगा। डिफेंस कॉरिडोर से प्रदेश के युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। लखनऊ में डिफेंस एक्सपो का सफल आयोजन किया गया। डिफेंस कॉरिडोर में निवेश की दृष्टि से यह आयोजन अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।**

राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वाभिमान किसी देश को शक्तिशाली बनाने में सहायक होता है। विगत कुछ वर्षो के दौरान सुरक्षा संस्कृति और सुशासन को नया आयाम स्थापित हुआ है। आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी गई। इसलिए देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। दूरदर्शी नीति,समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा मिली है। लाल बहादुर शास्त्री जी के 'जय जवान जय किसान' के नारे को चरितार्थ करने का संकल्प लिया गया। इसमें किसानों की आय दोगुनी करना और भारत को रक्षा सामग्री का निर्यातक बनाने का मंसूबा शामिल रहा है। कुछ वर्ष पहले रक्षा कमांडरों ने हथियारों सामरिक सामग्री आदि संबंधी कमियों की ओर ध्यान भी आकृष्ट किया था। उनके अनुसार चीन व पाकिस्तान की तैयारियों के दृष्टिगत भारत को भी कदम उठाने की जरूरत थी। इसके अनुरूप जवानों को मजबूती देने के लिए भी अनेक प्रमुख व अपरिहार्य कदम उठाए गए हैं। तत्काल आवश्यकता वाले कई रक्षा सौदे पूरे किए गए। राफेल विमान भी भारत आ गए हैं। रूस से भी हथियार मिल रहे हैं। इसके साथ ही अब भारत को रक्षा उत्पादों का हब बनाने की दिशा में भी ठोस रूप में कार्य आरम्भ किया जा चुका है। सैकड़ों की संख्या मे रक्षा उपकरणों का आयात बंद किया गया। देश में ही बनाया जा रहा है। रक्षा क्षेत्र में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी योजना बनाई गई। उस पर तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन उपकरणों में हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर, मालवाहक विमान, पारंपरिक पनडुब्बियां और क्रूज मिसाइल शामिल हैं। इन निर्णय से घरेलू रक्षा उद्योग को लाखों करोड़ रुपये के ठेके मिलने लगे हैं। यह निर्णय भारतीय रक्षा उद्योग को खुद के डिजाइन और विकास क्षमताओं का उपयोग करके या फिर डीआरडीओ द्वारा विकसित तकनीकों को अपनाकर सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हथियारों के निर्माण का एक बड़ा अवसर प्रदान कर रहा है। रक्षा सामग्री उत्पाद में आत्मनिर्भर अभियान आगे बढ़ रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा इस संबंध में लिया गया संकल्प साकार हो रहा है। लखनऊ में निजी क्षेत्र की रक्षा कम्पनी का उद्घाटन रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री ने किया था। लखनऊ और उत्तर प्रदेश के उद्यमी को सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर यूपीडीआईसी में पहली संचालित निजी क्षेत्र की रक्षा विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन किया। रक्षा विनिर्माण सुविधा विमान के इंजन, हेलीकॉप्टर इंजन, विमानों के लिए संरचनात्मक भागों,ड्रोन और यूएवी,पनडुब्बियों, अल्ट्रा लाइट आर्टिलरी गन, स्पेस लॉन्च व्हीकल और स्ट्रैटेजी सिस्टम आदि का निर्माण करेगी। रक्षा मंत्री ने एक एकीकृत धातु निर्माण सुविधा की आधारशिला भी रखी। यह एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए टाइटेनियम और अन्य विदेशी मिश्र धातुओं में प्रमुख कच्चे माल का उत्पादन



**रक्षा क्षेत्र में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी योजना बनाई गई। उस पर तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन उपकरणों में हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर, मालवाहक विमान, पारंपरिक पनडुब्बियां और क्रूज मिसाइल शामिल हैं।**

करेगी।भारत अभी तक सामरिक हथियारों का सबसे बड़ा आयातक माना जाता था। अब चालीस से अधिक देशों को भारत सामरिक उत्पाद का निर्यात कर रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत अनेक योजनाएं संचालित हो रही है। उत्तर प्रदेश के डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर से देश को रक्षा उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और मेक इन इण्डिया को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है। ग्लोबल सिक्योरिटी कंसर्न,बार्डर डिस्प्यूट्स और मैरीटाइम डोमिनेंस के चलते दुनिया भर के देश आज अपनी सेना के मॉर्डनाइजेशन पर फोकस कर रहे हैं। ऐसे में सैन्य उपकरणों की डिमांड भी तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट बताती हैं कि बीते वर्ष में वर्ल्ड मिलट्री स्पेंडिंग लगभग दो ट्रिलियन यूएस डॉलर पर पहुंच चुकी थी। डिफेंस रिलेटेड डॉमेस्टिक डिमांड में भी बढ़ोतरी होगी।
भारत सुरक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर बन रहा है। देश का विकास पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर के बीच समन्वय से हो सकता है। निजी क्षेत्र की अहमियत को समझते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज से बीस साल पहले डिफेंस सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर के सौ प्रतिशत प्रतिभागिता की व्यवस्था की थी। कास्टिंग और फोर्जिंग के क्षेत्र में जिन भारतीय कंपनियों ने दुनिया में बड़ा नाम कमाया है पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड उनमें से एक है। लखनऊ में प्लांट एयरोस्पेस और एयरोस्पेस में टाइटेनियम और निकिल के आलाय बनाने वाली पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। भारत के अलावा अमेरिका, फिनलैंड,चीन,नॉर्वे व स्वीडन की बड़ी और प्रतिष्ठित कंपनियों को पीटीसी द्वारा अपने उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डीआरडीओ के माध्यम से निशुल्क ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी यूपी और तमिलनाडु के बीच में शुरू किया गया है। ट्रांसपोर्ट प्लेन सी का बाइस हज़ार करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट किया है। इनमें अधिकांश प्लेन हमारी इंडियन इंडस्ट्री के साथ मिलकर बनाए जाएंगे। विगत सात वर्षों में डिफेंस एक्सपोर्ट का अड़तीस हज़ार करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। दस हज़ार एमएसएमई का डिफेंस सेक्टर से जुड़ना प्रगति का उदाहरण है। एक समय था जब भारत रक्षा सामग्री का सबसे बड़ा आयातक था। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का कोई विजन ही नहीं था। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने का बाद ही इस ओर ध्यान दिया। उनका कहना था कि भारत को हथियारों के उत्पाद में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इतना ही नहीं इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए भारत को हथियारों का निर्यातक भी बनाया जाएगा। इस संकल्प को पूरा करने का रोडमैप बनाया गया। उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। परिणाम स्वरूप वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भारत का रक्षा निर्यात तैतीस प्रतिशत बढ़ा है। भारत पचहत्तर देशों को रक्षा उत्पाद का निर्यात कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के एकजुट होकर कार्य करने का यह परिणाम है कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और हम हर चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हमारे सशस्त्र बल केवल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं हैं, बल्कि वे हमारे राष्ट्र की सुरक्षा की मजबूत नींव हैं। हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किये बिना देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। इसलिए वे राष्ट्रनायक के रूप में आम जनमानस का सम्मान प्राप्त करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी सक्षम और समर्पित सेना है, जो देश की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। भारत के बहादुर सैनिकों की सजगता के परिणामस्वरूप आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड़यंत्र को विफल करने में सक्षम है। हमारे बहादुर जवानों के शौर्य और पराक्रम के परिणामस्वरूप एक सौ चालीस करोड़ देशवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर लड़ाई में हमारे युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अनेक वीरों ने अपने शौर्य और पराक्रम से देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर उत्तर प्रदेश में छह नोडों पर स्थापित हो रहा है। प्रदेश सरकार रक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय बनाकर इस डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण के कार्य को तेजी से आगे बढ़ा रही है। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में डीआरडीओ ब्रह्मोस तथा झांसी नोड में भारत डायनमिक्स लि द्वारा दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बल मिलेगा।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 15:01 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 06:19 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शुक्ला, 22:04 |
| सूर्योदयः | 06:02 |
| सूर्यास्तः | 18:28 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 10:42-12:15 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50-12:40 |

# जन एक्सप्रेस

### हो रहा विध्वंश !

*युद्ध चढ़ा परवान ।*
*लगाता ना विराम ।।*
*छूट गया अब हाथ से ।*
*पूरी ही लगाम ।।*
*हो रहा विध्वंश ।*
*है चर्चा यह आम ।।*
*हो के रहेगा लगाता ।*
*काम अब तमाम ।।*
*अड़ गए हैं दोनों ।*
*एक से बढ़कर एक ।।*
*बढ़ रही है चिंता ।*
*वैश्विक भी अनेक ।।*
*जान माल का खतरा ।*
*ना अब थमने वाला ।।*
*छाया अंधकार है ।*
*दिखता ना उजाला ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मानसून में बालों की बदबू से राहत पाने के लिए अपनाएं 4 प्राकृतिक उपाय, जल्द दिखेगा असर



**मानसून** में वातावरण में उमस बढ़ जाती है। ऐसे में त्वचा और बालों पर भी काफी फर्क पड़ता है। उमस बढ़ने से त्वचा पर चिकनाहट बढ़ जाती है। वहीं उमस बढ़ने से स्कैल्प में पसीना बढ़ने लगता है। इसके कारण बालों में भी पसीना आने लगता है। बालों में पसीना बढ़ने की वजह से बाल चिपचिपे और ऑयली लगने लगते हैं। इतना ही नहीं, इसके कारण बालों से बदबू आने की समस्या होने लगती है। जिन लोगों को स्कैल्प में ज्यादा पसीना आता है, उनके स्कैल्प से उतनी ज्यादा स्मेल आती है। ऐसे में कई बार ठीक से बैठ पाना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर आप कुछ घरेलू नुस्खे अपनाते हैं, तो इस समस्या को काफी कंट्रोल कर सकते हैं।

**मेथी दाने और एलोवेरा का लेपः** बालों की बदबू कम करने के लिए आप मेथी दाने और एलोवेरा का लेप लगा सकते हैं। एलोवेरा स्कैल्प को ठंडा रखने में मदद करता है। मेथी दाने से स्कैल्प क्लीन होती है और इंफेक्शन कम होता है। लेप बनाने के लिए 3 चम्मच मेथी दाने के पाउडर में एलोवेरा जेल मिलाएं। पेस्ट बनाकर स्कैल्प में लगाएं और 30 मिनट बाद सिर धो लें। इस लेप में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो बदबू फैलाने वाले बैक्टीरिया को खत्म करते हैं।

**सेब के सिरकाः** आप पानी में सेब का सिरका डालकर भी उससे बाल धो सकते हैं। सेब के सिरके में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो बदबू फैलाने वाले बैक्टीरिया को खत्म करते हैं। आपको बाल धोते समय पानी में 2-3 चम्मच सेब के सिरका मिलाना है। इससे बालों में पसीना कंट्रोल होगा और बदबू भी कम होगी।

**दही से मसाज करेंः** दही से स्कैल्प की मसाज करने से आपको बदबू से जल्दी राहत मिलेगी। इसके लिए आपको थोड़ा-सा ठंडा दही लेकर स्कैल्प पर लगाना है। इसे बालों की लंबाई तक लगाएं। अगर आपको सिर में खुजली भी है, तो इसमें थोड़ा नींबू भी मिला लें। दही में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है, जो स्कैल्प में इंफेक्शन होने का खतरा कम करता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जिससे सिर में खुजली और बदबू आने की समस्या कंट्रोल रहती है।

**शैंपू में टी ट्री ऑयल मिलाएंः** कई बार बैक्टीरियल इंफेक्शन होने की वजह से सिर में बदबू आ सकती है। ऐसे में आप शैंपू में टी ट्री ऑयल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। टी ट्री ऑयल में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। इसके इस्तेमाल से बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन खत्म होता है, जो सिर से बदबू आने का कारण हो सकता है। इसके लिए आपको शैंपू लगाते समय उसमें कुछ बूंदे टी ट्री ऑयल की मिलानी है। इसे कुछ महीने तक इस्तेमाल करने से आपको फर्क नजर आएगा।

एक्सप्रेस विशेष

# जातिगत जनगणना के मुद्दे पर संघ का संतुलित दृष्टिकोण



कृष्णमोहन झा

**सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसके बाद उसकी हत्या की घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकारी मशीनरी, तंत्र की सक्रियता पर बल दिया गया।**

**संघ की प्रति वर्ष होने वाली बैठकों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाने वाली समन्वय समिति की यह बैठक इस बार चूंकि लोकसभा चुनाव के बाद आयोजित की गई थी इसलिए जब पत्रकारों ने सुनील आंबेकर से संघ और भाजपा के बीच विगत दिनों उभरे कथित मतभेद के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि हम इसे परिवार के अंदर ही सुलझा लेंगे।**

**कांग्रेस** सहित कुछ विपक्षी दल पिछले कुछ महीनों से जातिगत जनगणना का मुद्दा उछाल कर देश भर में अपने पक्ष में हवा बनाने की जी तोड कोशिश कर रहे हैं। इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ राजग की मुखिया भाजपा ने अभी तक अपना कोई स्पष्ट दृष्टिकोण व्यक्त नहीं किया है परन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गत दिनों केरल के पलक्कड़ शहर में संपन्न अपनी अखिल भारतीय समन्वय बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं उनका निश्चित रूप से स्वागत किया जाना चाहिये। संघ का मानना है कि हिंदू समाज में जाति एक संवेदनशील मुद्दा है । राष्ट्रीय एकता और अखंडता की दृष्टि के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए।।यदि आवश्यक हो तो सरकार जातिगत जनगणना करा सकती है लेकिन इस मुद्दे का चुनावी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य केवल पिछड़े समाज का कल्याण होना चाहिए। बैठक में संघ का स्पष्ट मत था कि जातीय विभाजन को रोकने का एक मात्र उपाय हिंदुत्व है। गौरतलब है कि देश के विभिन्न स्थानों पर संघ की समय समय पर होने वाली बैठकों में अखिल भारतीय समन्वय बैठक को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। केरल के पलक्कड़ में संपन्न हुई यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी क्योंकि कुछ समय पूर्व वायनाड में भूस्खलन से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। बैठक के प्रारंभ में वायनाड हादसे में असमय ही मौत की शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में संघ के स्वयंसेवकों ने वायनाड में चल रहे राहत कार्यों में अपनी सहभागिता की जानकारी साझा की । संघ की इस महत्वपूर्ण बैठक के पहले दिन सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मौजूद थे। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सहित संघ के 32 सहयोगी संगठनों के 320 प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लोकसभा चुनाव के बाद तीन महीने बाद संपन्न संघ की इस तीन दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय महत्व? के जिन विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ उनकी सारगर्भित जानकारी बैठक की समाप्ति के पश्चात संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में प्रदान की। सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसके बाद उसकी हत्या की घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकारी मशीनरी, तंत्र की सक्रियता पर बल दिया गया। संघ की बैठक में कोलकाता कांड जैसी घटनाओं को रोकने के पांच तरह के उपाय किए जाने पर बल दिया गया। इनमें फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर त्वरित न्याय, सामाजिक जागरूकता, बचपन से बच्चों में उत्तम संस्कार, शिक्षा व्यवस्था और आत्म रक्षा का प्रशिक्षण शामिल है। बैठक में इस विषय जुड़े विचार-विमर्श में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परोसी जाने वाली सामग्री की कड़ी निगरानी की जानी चाहिए ताकि वे अश्लीलता न परोस सकें। इसमें दोराय नहीं हो सकती कि कोलकाता कांड जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने में संघ द्वारा सुझाए गए उपाय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संघ की समन्वय बैठक में बांग्लादेश देश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से बंगला देश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया गया। बैठक में बांग्लादेशा देश की ताजा स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की गई। संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी ने बताया कि बैठक में पंच परिवर्तन संकल्प के रूप में नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय स्वत्व देशव्यापी परिवर्तन अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। संघ की प्रति वर्ष होने वाली बैठकों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाने वाली समन्वय समिति की यह बैठक इस बार चूंकि लोकसभा चुनाव के बाद आयोजित की गई थी इसलिए जब पत्रकारों ने सुनील आंबेकर से संघ और भाजपा के बीच विगत दिनों उभरे कथित मतभेद के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि हम इसे परिवार के अंदर ही सुलझा लेंगे। बैठक में संघ के शताब्दी आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा का पंखे से लटका मिला शव





जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

रेहरिया चौकी क्षेत्र के साहिबगंज में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल आश्रम पद्धति बालिका आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में रह रही कक्षा 11 की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में अपने दुपट्टे से पंखे के कुडें से लटके पाए जाने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को बुलाकर छात्र को उतार कर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।गांव पड़रिया निवासी प्रमोद का कहना है उसकी पुत्री निधि 16 वर्ष कक्षा 6 से इसी विद्यालय में पढ़ रही है। इस वर्ष वह कक्षा 11 की छात्रा थी। सोमवार को सुबह 8 बजे पुत्री के कहने पर उसे विद्यालय छोड़ कर आया था। तीसरे दिन बुधवार की रात 9 बजे करीब अचानक रेहरिया पुलिस चौकी फोन गया जिसमें बताया गया है तत्काल विद्यालय चले आए पहुंचने पर पता चला उसकी पुत्री कमरे में दुपट्टे से लटकी हुई है। मौके पर सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक इंद्रजीत सिंह,चौकी प्रभारी हिमांशु आनंद की मौजूदगी में उसे फंदे से नीचे उतारा था। पुलिस ने मौत का कारण पता करने को लेकर छात्रा के शव को रात में ही पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। मृतका अपनी बहनों में सबसे बड़ी थी। पिता प्रमोद ने बताया उसके चार पुत्रियां थी सबसे बड़ी निधि थी। जिसे वह बाइक से सोमवार सुबह 8 बजे विद्यालय में छोड़कर आया था। तीसरे दिन उसे यह दुखद समाचार सुनने को मिला है।उससे छोटी पुत्री अनामिका,अंशिका और ढाई वर्ष की अनुभवी हैं। पत्नी पद्ममा देवी देवी और बच्चियों का रो रो कर बुरा हाल है।छात्रावास के रूम में 12 बच्चियों के रहने की व्यवस्था थी। जिसमें वर्तमान में 7 छात्राएं विद्यालय प्रबंधन द्वारा रहना बताया गया है। मृतका ने भोजन के समय छोटे कक्षा की बच्चियों को भोजन कराया था। इसके बाद वह रूम में चली गई थी। भोजन के लिए बुलाने पर उसे कमरे की खिड़की से छत के कुंड से लटकता हुआ देखा गया था।किसान यूनियन के नेताओं ने घटना पर दुख जताते हुए निष्पक्ष जांच कर करवाई और परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की है। नेताओं द्वारा छात्रावास में हुई घटना को लेकर असंतोष जताते हुए विद्यालय प्रबंधन व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। इस विद्यालय की यह तीसरी घटना है। पूर्व की घटनाओं की जांच के बिना निस्तारण कर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग करते हुए ज्ञापन सीओ अरुण कुमार सिंह को सौपां है। मृतका के पिता ने विद्यालय प्रबंधन पर खड़े किए सवाल उनका कहना है घटना को पहले छुपाया गया था। 9 बजे करीब पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर तत्काल विद्यालय पहुंचने की बात कही गई थी। जबकि विद्यालय में उनका मोबाइल नंबर पहले से ही मौजूद था ऐसे में विद्यालय ने उन्हें घटना की सूचना क्यों नहीं दी है।

बिटिया के शव का पहुंचने से पहले गांव छावनी में तब्दील हुआ है।पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी गांव में सुबह से ही डेरा जमाए हुए हैं। किसी अनहोनी घटना को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। जिसको लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# शास्त्रों में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु व महेश से भी ऊपर परब्रह्म के रूप में माना गया: विधायक ज्ञान तिवारी



शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षक-षिक्षिकाओं व सेवानिवृत शिक्षकों श्रीकृष्ण वर्मा, राजेंद्र वर्मा, महेंद्र प्रताप मिश्र, हंसराज वर्मा, ज्ञानेश मिश्र, उमेष वर्मा, गीता विश्वकर्मा, अंजनी यादव, रिंषी कनौजिया, सीमा वर्मा, सतीश सोनी, अनुपम वर्मा, गेंदाराम, ओमप्रकाश वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, अभिषेक वर्मा, सबीना सिद्दीकी, अज़ीम हैदर, इंद्रजीत यादव, सुविधा शुक्ला, शबाना खान, किस्मत द्विवेदी, प्रेमलता, ललिता कुमारी, सरस्वती देवी, अर्चना वर्मा, अनूप सूरज सहित सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की सभी षाखाओं के प्रधानाचार्यों, उप प्रधानाचार्यों, विभाग प्रमुखों के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों सहित शिक्षण कार्य कर रहे करीब सवा तीन सौ शिक्षक-शिक्षिकाओं का माल्यार्पण, उत्तरीय, स्मृतिचिन्ह व आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** शास्त्रों में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु व महेश से भी ऊपर परब्रह्म के रूप में माना गया है। विद्यार्थी देश के भविष्य होते हैं और इस भविष्य का निर्माण करने वाला शिक्षक ही होता है।

सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए विधायक ज्ञान तिवारी ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कर्तव्य विद्यार्थियों को केवल शिक्षित करना ही नहीं अपितु उन्हे संस्कारी बनाना है। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करता है। उसी तरह से विद्यार्थी के चरित्र का निर्माण करने में सक्षम हो सकेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां षारदे, भारत माता व सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। कॉलेज की बहनों द्वारा मां शारदे की वंदना एवं गुरु वंदना प्रस्तुत की गयी। कालेज के पूर्व षिक्षक वर्तमान में गवर्मेंट षिक्षक सतीष षुक्ल ने चेयरमैन सहित कई अन्य षिक्षकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ट अतिथियों का सम्मान सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आषीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, मिथिलेष वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल आरजे वर्मा, यशपाल वर्मा, प्रतिभा सिंह, शिवसेवक मिश्र, नवनीत पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता भवानी शंकर तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. एमणि मिश्रा, इंग्लिष मीडियम ब्रांच की मैनेजर किरन वाजपेयी, रामपुर मथुरा ब्रांच के अध्यक्ष मिथिलेश वाजपेयी, एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री कुलदीप गुप्त, मनोज श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में षिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## धूम धाम से मनाया गया नगर पालिका परिषद गोला का स्थापना दिवस



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद गोला में पालिका भवन टाउन हॉल का स्थापना दिवस मनाया गया । टाउन हॉल की स्थापना 5 सितम्बर 1936 को हुई थी। नगर पालिका चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में टाउन हॉल का स्थापना दिवस मनाया गया ।अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि नगर पालिका एक सजग एवं जीवान्त है इसलिए स्थापना दिवस मनाना एक अच्छी पहल है।नगर पालिका चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि टाउन हॉल का स्थापना दिवस मनाना एक पहल है ,परिवर्तन की, एक आश है विकास की, एक कृतज्ञता ज्ञापित करना है सभी के सहयोग के लिए। कार्यक्रम का संचालन मोहित गिरि ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल, अशोक सक्सेना, प्रधानाचार्य गांधी उ0मा0 विद्यालय सौरभ दीक्षित, के के गुप्ता अध्यक्ष हरद्वारी वैश्य समाज, विनोद स्वर्णकार जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा,नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, सभासद रज्जन खान, सहित नगर के सम्मानित जन उपस्थिति रहे।

## 26 करोड़ से 17 ग्रामीण मार्गों का होगा कायाकल्प

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विधानसभा क्षेत्र हरदोई, बालामऊ, बिलग्राम-मल्लावां, सवाजयपुर और शाहाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों के 17 मार्गों का 26 करोड़ से अधिक रुपये नवनिर्माण, सुंदरीकरण और चौड़ीकरण कराया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग ने जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर चयनित मार्गों का सर्वे कराकर एस्टीमेट तैयार कराएं हैं। विभाग ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के मार्गों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इन मार्गों के बन जाने से ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 30,000 से अधिक की आबादी को आवागमन में सुविधा और सहूलियत होगी।

गांवों को डामरीकृत मार्गों से जोड़े जाने की प्राथमिकता दी गई है। लोक निर्माण विभाग ने नाबार्ड वित्त पोषित योजना में गांवों को डामरीकृत मार्गों से जोड़ने के लिए सांसद और विधायकों से प्रस्ताव लिए हैं। इन प्रस्तावों में दिए गए मार्गों का सर्वे कराया गया। बताया गया कि जनप्रतिनिधियों की ओर से प्रस्ताव में वंचित गांवों को वरीयता दी गई है। लोक निर्माण विभाग ने जनप्रतिनिधियों की ओर से दिए गए प्रस्ताव में शामिल मार्गों की लंबाई, वर्तमान स्थित, गांव की आबादी और इसमें अनुसूचित जाति और जनजाति के प्रतिशत का भी आकलन किया है।

# नगर में व्यापारियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर





**लहरपुर।** डी.टी. पैलेस लहरपुर में अखिल भारतीय उधोग व्यापार मण्डल का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जिस की अध्यक्षता अखिल भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद लहरपुर के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद उपस्थित हुए। अखिल भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के लहरपुर इकाई के अध्यक्ष हाजी रियाज अहमद बबलू ने उपस्थित व्यापारियों और गणमान्य नागरिको का अभिनन्दन करते हुए कहा कि व्यापार मण्डल में सभी व्यापारी चाहे वह ठेला लगाता हो या फेरी वाला हो अथवा बड़ा व्यापारी हो सभी का बराबर अधिकार और सम्मान है सब के हितों एवं समस्याओं को समान रूप से देखा जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि लहरपुर के सभी व्यापारी भाईयो के सहयोग के लिए एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी नगर पालिका परिषद सदैव तत्पर रहेगी। कपूर, मिसबाहुद्दीन अंसारी आदि को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता ने लहरपुर युवा इकाई की घोषणा की जिसमें सद्दाम अंसारी को अध्यक्ष नामित किया गया। कार्यक्रम में हरीश रस्तोगी, विशाल कपूर, जेड आर रहमानी एडवोकेट, जुबेर वारिस, शीलू शुक्ला, रेहान अहमद अंसारी चांद, हसीन अंसारी, चन्दन निगम, महेश जायसवाल, सतीश जायसवाल, हरीश जायसवाल, मोहम्मद रियाज अंसारी, लुकमान, हासिम अंसारी, शीलू शुक्ला, मुकेश गुप्ता, आकाश सिंह, जावेद अंसारी, सरोज जायसवाल, आदि मौजूद थे। हरीश रस्तोगी गोलू ने अतिथियों को आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पलिया रेंज के अधिकारियों ने एक पेड़ गुरु के नाम का किया आयोजन



जन एक्सप्रेस । रिज़वान ख़ान

**पलिया कलां खीरी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर पलिया वन रेंज के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ शिव बाबू सरोज समस्त अपने समूह के साथ गोल्डन फ्लावर स्कूल पलिया कलां के प्रांगण में शिक्षकों व छात्र छात्राओं के साथ 15 वृक्ष आम, अमरूद, आंवला, नीबू, कटहल, व अन्य विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और कई ग्राम सभाओं में फलदार वृक्ष वितरण किया। पलिया वन क्षेत्रा अधिकारी ने बताया शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया और इस कार्यक्रम का नाम भी एक पेड़ गुरु के नाम रखा गया है जिस से बच्चे उत्साहित होंगे और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएंगे।

# ट्रेंच विधि के साथ की अक्टूबर गन्ना बुआई की शुरुआत

जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया क्षेत्र के ग्राम बोधिया के कृषक अंकुर सिंह व मकनपुर के कृषक अरविंद कुमार के खेत में अक्टूबर गन्ना बुआई की शुरूआत पूजा-पाठ के साथ की गई।कृषको द्वारा अगेती गन्ना प्रजाति को0लख0 14201, को0लख0 16202 एवं को0 0118, को0 15023, कोशा0 17231 की बुवाई ट्रेंच (दूरी 4 फिट) विधि के साथ की गयी। कृषक द्वारा भूमि उपचार के लिए ट्राइकोडर्मा को सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर लगभग एक सप्ताह तक छायादार जगह पर रखने के बाद अंतिम जुताई से पूर्व प्रयोग किया गया। साथ ही बीज उपचार के लिए 100 ग्राम थायोफेनेट मिथाइल को 100 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने के दो आंख के टुकड़ों को 15 मिनट तक डूबाने उपरांत बुवाई की गई।गन्ना बुवाई के दौरान चीनी मिल के वरिष्ठ उपप्रधान प्रबन्धक (गन्ना) राजीव तोमर, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथलेश कुमार पाण्डे , विशेष सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति देवेंद्र यादव, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) जितेंद्र राणा समेत चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।इस मौके पर चीनी मिल के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक (गन्ना) राजीव तोमर ने उपस्थित किसानो को बताया कि शरदकालीन गन्ना ट्रेंच विधि से बोने पर गन्ना उपज में 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है तथा इसके साथ सह फसली खेती आलू,मटर,की बुवाई कर अधिक लाभ ले सकते हैं।

जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथलेश पांडे ने बताया कि जिन किसान भाइयों के गन्ने के खेतों में पीलापन दिखाई दे रहा है जो जड़ बेधक, सफेद डिगार, दीमक कीट, फंगस, वैक्टिरिया एवं जल भराव के कारण हो सकता है जड़ बेधक एवं गिडार की रोकथाम के लिए क्लोरपायरीफास 20 ई सी. 2लीटर प्रति एकड़ की दर से जड़ों के पास प्रयोग करें। माइट, फंगस, बैक्टीरिया का प्रकोप होने कुछ स्थिति में प्रति एकड़ 500 ग्राम कार्बेन्डाजिम,30 ग्राम स्टेप्टोमाइसिन, 1 किलोग्राम माइक्रोफूड एवं एन पी के 2 किलो ग्राम कि 400 लीटर पानी में पर्वतीय छिड़काव करें। इससे गन्ना स्वस्थ व रोग ग्रस्त रहेगा।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन





जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

ब्लॉक मुख्यालय पर कार्यरत कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर और यूपीएस सिस्टम का विरोध जताते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए कार्य किया है।

गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय पर बी डी ओ अश्वनी कुमार सिंह की अगुवाई में कार्यरत कर्मचारी एन आर पी मयंक गुप्ता, सुशील कुमार समेत सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर यूपीएस सिस्टम का विरोध जताते हुए नारेबाजी की और पुरानी पेंशन सिस्टम लागू करने को लेकर मांग दोहराई है। जिसको लेकर सभी कर्मचारियों ने विरोध जताते हुए काली पट्टी बांधकर कार्य किया है।

# ज्वलंत मुद्दों के दिए गए ज्ञापनों पर जिला प्रशासन कर रहा लीपा-पोती

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



मुंशीगंज किसान मंच कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने वर्तमान की समस्याओं पर चर्चा की और अपने अपने विचार रखे। किसान मंच राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर जिला प्रशासन ढुलमुल रवैया अपना रहा है! विकास खंड खैराबाद की ग्राम पंचायत भगवान पुर में तैनात लेखपाल राहुल तिवारी द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत विगत मासिक बैठक के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच एस डी एम सदर को दी गई थी। परंतु अभी तक कोई जांच नहीं की गई। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले पंचायत चुनावों में इस बार संगठन द्वारा एक रुपरेखा तैयार कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के साथ जनपद के उन्नीसों ब्लाकों में परचम लहराने का लक्ष्य निर्धारित करना हम सभी का उद्देश्य होना चाहिए। जिला संयोजक नवल किशोर मिश्रा ने समूचे जनपद में इस समय मौसमी बीमारियों से त्रस्त लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनाई जा रही निष्क्रियता का मुद्दा उठाया। विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने जनहित में व्यवस्था सुधार के साथ समस्या से निजात दिलाने की बात कही। जिला अध्यक्ष राकेश बाजपेई ने संगठन विस्तार हेतु उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह हम सभी उद्देश्य होना चाहिए। आज की बैठक में श्री कृष्ण पाल, विजय कुमार सिंह,राम चंद्र मौर्य, प्रतीक जायसवाल, मुन्नी देवी, नीलम प्रजापति, रामकुमार मौर्य, विट्ठो देवी, हाशमी बेगम, गायत्री पाल, संतोष कुमार भारती, मो0 नजीम, उदय राज सिंह आदि उपस्थित थे।

# आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी



आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ नगर के समाजसेवी मुख्य अतिथि अरविंद पांडे ने मां सरस्वती एवं डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक अच्छन अली ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक जावेद एवं डॉक्टर राशिद अली उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि अरविंद पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ राधाकृष्णन का संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित रहा और उन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षक का सम्मान सदैव किया और उनका मानना था कि देश और समाज का विकास शिक्षक के बिना नहीं हो सकता इसलिए उन्होंने अपने जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया जिसके कारण आज पूरे देश में डॉ राधाकृष्णन जी का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत तथा डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन पर छात्र-छात्राओं ने अपने संबोधन में प्रकाश डाला।

उक्त अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि अरविंद पांडे ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अरुण सर, चंदा दीक्षित, उर्फी मैम, दिव्यांशी रंजन, शाहिबा बनो,शीबा बानो, रचना चौधरी, मुस्कान खान, दरक्षा बनो, आकाश तिवारी,फैयाज अली शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया।

# शिक्षक दिवस के मौके पर एक वृक्ष शिक्षक के नाम की दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



लहरपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन लहरपुर पब्लिक स्कूल में छात्र एवं छात्राओं के द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में सभी बच्चों को यह शपथ दिलाई गई की एक वृक्ष शिक्षक के नाम जरूर रोपित करें चाहे वह किसी को दान दें या फिर स्वयं कहीं पर लगाकर उसकी संपूर्ण देखभाल कर एक शिक्षक की तरह ही उसकी पूरी परवरिश करें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस भारत के पहले उपराष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाया जाता है इस दिन का मूल उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना है क्योंकि शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं हमें ज्ञान के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा भी देते हैं छात्रों की प्रतिभा को निखारते हैं और उन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के लिए प्रेरित करते हैं कार्यक्रम में बच्चों ने केक काटकर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन भी मनाया और अलग-अलग लोगों को पेड़ भी दान में दिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहम्मद सलीम अन्सारी मोहम्मद अफ्फान अफरोज जहां सबीहा खातून सबरीन सबा सईदा शीबा विजय सक्सेना टीनू सिहं अखिलेश कुमार लेखराज पवन वर्मा समेत छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसपी खीरी द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी सैदापुर भाऊ देवकली टावर का किया लोकार्पण





जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक खीरी,गणेश प्रसाद साहा द्वारा विधि विधान से पूजन करके नवनिर्मित थाना फरधान के अंतर्गत पुलिस चौकी सैदापुर भाऊ देवकली टावर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सीओ सदर, थाना प्रभारी फरधान सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति तथा भारी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से समस्त क्षेत्रीय संभ्रान्त व्यक्तियों एवं स्थानीय जनता को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया तथा यह अपेक्षा की गई कि नवनिर्मित पुलिस चौकी में आने वाले समय में अपनी सार्थकता को सिद्ध करेगी तथा संपूर्ण क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण स्थापित होगा।

## डॉक्टर ख़ान ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान



जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी। संपूर्णानगर के पब्लिक इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं इंदिरा शिक्षा निकेतन की शिक्षिका का समाजसेवी एवं आइकन ऑफ़ एशिया से सम्मानित डा आई ए ख़ान ने अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया तथा डा ख़ान ने बताया कि गुरु ही समाज का दर्पण हैं गुरु के सही मार्गदर्शन से देश की दिशा और दशा दोनों ही बदल सकते हैं गुरुओं का सम्मान हर हाल में किया जाना चाहिए मैं अपने सभी गुरुओं का बहुत ही आभारी हूँ जिनकी शिक्षा की बदौलत ही मैं आज इस मुक़ाम पर खड़ा हूँ गुरु की महिमा का वर्णन इस दोहे से अच्छा हो ही नहीं सकता है। डा.ख़ान का मानना है कि जैसे माता कुमाता नहीं हो सकती वैसे ही अच्छा शिक्षक कुशिक्षक नहीं हो सकता है कुछ लोगो ने शिक्षा को पेशा बना दिया जबकि पेशा नहीं पैशन बनना चाहिए तब हम अपने देश को और तरक़्क़ी पर ले जा सकते हैं।इस मौक़े पर डा ख़ान के पर्यावरण प्रेमी पुत्र दानियाल ख़ान, केन्द्रीय विद्यालय, गदनिया कक्षा सात के छात्र ने स्व रचित टीचर्स ओ मेरे टीचर्स शीर्षक नामक कविता सुनाई। सेवानिवृत्त शिक्षक वीरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी, प्रेमचंद गुप्ता, मैनेजर मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्या विमला मेहरा को सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी और सभी शिक्षकों ने डा ख़ान परिवार के द्वारा पूर्व एवं वर्तमान में किए गए सामाजिक कार्यों की प्रसंशा की तथा प्रगति की प्रार्थना भी की।

# एमबीबीएस कालेज में चयनित होकर विशाल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** देश की कठीन प्रवेश परीक्षा में योग्यता अंक हासिल करने पर विशाल कुमार का एमबीबीएस में हुआ चयन क्षेत्र का बढ़ाया मान। बताया जाता है कि पुरन्दरपुर क्षेत्र के ग्राम सभा बड़हरा कन्हई निवासी तथा जनता इंटर कॉलेज पुरन्दरपुर में कार्यरत सहायक लिपिक गंगाराम का बेटा विशाल कुमार ने नीट प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करनें पर एमबीबीएस राजकीय मेडिकल कॉलेज बहराइच में प्रवेश दाखिला होने पर खुशी जताया। सफलता हासिल करने पर विशाल ने गुरुजनों एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। विशाल कुमार का एमबीबीएस कॉलेज में प्रवेश दाखिला होने पर एएनएम माता शीला देवी ,दादा इंद्रमणि, दादी इंद्रावती देवी ,भाई सुधीर कुमार, बहन शालिनी, राजेंद्र प्रसाद, भानमती, संदीप कन्नौजिया ,कुलदीप कुमार, ग्राम प्रधान विनोद गुप्ता, प्रभात श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, कमलेश यादव ,शिव कुमार ,सिकंदर यादव सहित तमाम ग्राम वासियों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा टेंपू गैंग, भेजा जेल

**चोरी के मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

जन एक्सप्रेस। निचलौल महराजगंज




टेम्पू गैंग चोरों पुलिस दबोचा भेजा जेल। बाइक व कार सवार चोरों व लुटेरों के गैंग को पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल। चोरों की वारदातों के बारे में सुना होगा, लेकिन महराजगंज पुलिस के हत्थे एक टेंपू गिरोह चोरों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया। सुनने में अजीब होगा लेकिन हकीकत में यह टेंपू गैंग चोर, खुद टेम्पू में बैठकर घरों की रेकी करते थें सुन सान स्थान वाले जगहों पर घटना को अंजाम देते थें। जिले के थाना सिंदुरिया व? घुघली की पुलिस के साथ स्पेशल टीमों ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल किया हैं। पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ कर पुलिस विधिक कार्यवाही की गई।

सिंदुरिया व घुघली में चोरी हुई थी। जिसमें ग्राम सभा बड़हरा मीर में बीते 28 अगस्त को अज्ञात चोरों द्वारा तीन घरों में चोरी की घटना में चोरों ने घरों से करीब 50 हजार का माल जिसमें नकदी, जेवर और मोबाइल फोन लेके फरार हों गए थे। एक साथ एक रात में हुई तीन घरों में चोरी की वारदात से हड़कंप मच रहा। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने इस मामले के खुलासे के लिये पुलिस टीमों को गठित किए। इसके चलते थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपदीय सर्विलांस टीम, स्वाट टीम और एसओजी टीम के सहयोग से पाँच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया गया है। घटना के संबंध में थाना सिन्दुरिया में 251/24, धारा 331(4), 305(ए), क्व्हरू दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में अभियुक्त मुर्तजा हुसैन पूर्व में गोकशी और एनडीपीएस समेत कई आपराधिक प्रकरणों में जेल में रह चुका है और कई प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं। यह गिरोह विभिन्न ग्रामसभाओं में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते रहे और पुलिस चोरों को पकड़ने में प्रयासरत रहीं।अभियुक्तों के खिलाफ थाना घुघली में चोरी का मामला पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों ने घुघली के गोपाला गांव में बीती 11 अगस्त को घर में चोरी किया था।यह था वारदात का अंदाज- मुख्य रूप से मुर्तजा गिरोह बनाकर संगठित होकर अपराध करता था जिसमें मुर्तजा के द्वारा (1)अरविन्द दुबे पुत्र स्व0 रामजीत दुबे उम्र करीब 55 वर्ष निवासी रेहरा टोला महुलानी थाना परसा मलिक जनपद महराजगंज ,दिलशाद पुत्र सिकन्दर उम्र करीब 22 वर्ष निवासी दुर्गजोत मुशाहिद पुत्र धुमई ,खुर्शीद पुत्र कटारे उम्र करीब 55 वर्ष निवासी दुर्गजोत बन्जारा टोला थाना बखीरा जनपद संतकबीर नगर को साथ लेकर रात्रि के समय में टेम्पू से जनपद स्तर में विभिन्न ग्रामसभा में घूम फिरकर रेकी करते हैं व किसी भी खाली घर को पाकर घर से सामान चोरी कर टेम्पू जिसमें सवारी भरकर लेकर जाते हैं उससे सामान रखकर निकल जाते थे। अरविन्द दूबे उपरोक्त के पास टेम्पू है। जिसे चलाकर वह अपना जीविकोपार्जन दिन में करता था व रात्रि के समय गिरोह में साथ होकर अपनी टेम्पू से रेकी का कार्य करता था। अन्य तीनों में पहला आरोपी दिलशाद दूसरा मुशाहिद तीसरा खुर्शीद उपरोक्त लकड़ी काटने का काम जानतें थें व रात्रि के समय किसी भी सुनसान स्थान से कोई अच्छा पेड पाकर काट लेते थे व पुनः अरविन्द दूबे से सम्पर्क कर रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर टेम्पू से लेकर चले जाते थे। पांच सितंबर को को दिन में ग्राम मोहनापुर टोला बगहिया मोड़ से गिरफ्तार किए गए ।चोरों के पास से पुलिस ने एक टेंपो व 8 मोबाइल फोन, 3 ज्वेलरी की बस्ती में 27 हजार दस रुपए नगद बरामद किया। गिरफ्तारी पुलिस टीम उपनिरीक्षक योगेश सिंह, मनीष पटेल, अजीत प्रताप, शाकिर सिकंदर अली मनोज यादव हेड कांस्टेबल कुतुबुद्दीन, शैलेंद्र त्रिपाठी, कैलाश त्रिवेदी, अमित सिंह, चंद्रशेखर, सूरज गुप्ता, राजीव यादव, राम आशीष यादव, दीपक, राजवीर पाठक, मनोहर सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अबैध रूप से काटे गये सागौन के दो पेड़ लकड़ी बरामद

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** तहसील कप्तानगंज के वन विभाग द्वारा दो सागौन वृक्षों के अवैध कटान पर कार्यवाही करते हुए हरिमोहन सैनी निवासी बोदरवार के विरूद्द मुकदमा दर्ज कर लकड़ी बोटों को बरामद कर वन विभाग ने अपनी अभिरक्षा ले लिया है। पेड़ काटने की शिकायत के आधार पर रेंजर हाटा अमित श्रीवास्तव के निर्देश पर वन दरोगा बीके सिंह व वन रक्षक शम्भू राजभर बोदरवार के हरिमोहन सैनी के घर के पीछे पहुंचे जहां सागौन के दो वृक्षों के बूट और लकड़ियों को दो ट्राली ईंट के नीचे छिपाया गया था। वनकर्मियों ने तत्काल उन ईंटों को हटवा कर बूट व सगौन के बोटे बरामद कर उसे वन विभाग ने अपनी अभिरक्षा में लेकर सीज कर दिया है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### अहले वतन को बारह रबीउल अव्वल के चांद की ढेरों मुबारकबाद,सरकार की आमद मरहबा

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित छात्रवासीय जहीरुल उलूम निशा गर्ल्स मदरसा ग्राम पंचायत पकहा लुकपुर पोस्ट किन्नरपट्टी जनपद कुशीनगर में संचालित प्रबंधक अबुलैश अंसारी ने पैगम्बर इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम के यौमे पैदाइश (बारह रवीउल अव्वल) ईदमिलादुन्नबी के चांद निकलने पर खुशी जाहिर करते हुए इस मुबारक मौके पर सभी अहले वतन को चांद मुबारक की ढेर सारी मुबारकबाद दिया है। रबीउल अव्वल 16 सितंबर 2024 को बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ जुलूस -ए- मुहम्मदी का जुलूस निकाला जायेगा। बारह रबीउल अव्वल मुहब्बत, अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जायेगा। ईदमिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे पैदाइश पर सभी को नयी जिन्दगी जीने की इबारत लिखने की जरूरत है।



### सोशल आडिट टीम ने पाण्डेय पट्टी में किया विकास कार्यो का सत्यापन




**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के दुदही विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डेयपट्टी में गुरुवार को मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण सोशल आडिट टीम ने पहुँचकर ग्राम्य विकास सम्बन्धी कार्यो का सत्यापन किया व मनरेगा मजदूरों को जागरूक करने हेतु जॉब कार्ड धारको के साथ रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए गांव मे भृमण किया। उक्त ग्राम पंचायत पाण्डेय पट्टी में पूर्व नियोजित कार्यक्रमानुसार गुरुवार को दस बजे सुबह ललन जायसवाल बीआरपी के नेतृत्व में पहुची त्रिसदस्यीय टीम ने सबसे पहले पंचायत भवन के सभागार में गत वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री आवास व पेंसन के लाभार्थियों का सत्यापन किया। उसके उपरांत दोपहर में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यो का मौके पर पहुँच कर स्थलीय सत्यापन किया। ततपश्चात ग्रामीण महिला व पुरुष जॉब कार्ड धारक मनरेगा मजदूरों के सहयोग से जन जागरूकता फैलाने के गरज से हाथ मे बैनर लेकर गांव में रैली निकाल कर भृमण किया गया। इस दौरान सोशल आडिट टीम के अलावा बाबूलाल भारती प्रधान, प्रमोद कुमार, ललन यादव,श्रीमती रागिनी देवी, गुलाब प्रसाद, विनय मधेशिया, महेश खरवार, विजय, वकील मिया, महफूज मिया, इसकदर मिया, बालिस्टर आदि मौजूद रहे।

### महान दार्शनिक थे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन: सुरेश तिवारी

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी, देवरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के खामपार स्थित गुरुकुल शिक्षण संस्थान में महान शिक्षाविद, भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, भारत रत्न से अलंकृत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। विद्यालय परिवार के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेश तिवारी ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु प्रांत के तिरूतानी गांव में हुआ था। उनके माता का नाम सिताम्मा देवी एवं पिता का नाम सर्वपल्ली वीरा स्वामी था। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1952 में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं 1962 में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति के पद को सुशोभित किया। 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। श्री तिवारी ने कहा कि 1949 से 1952 तक सोवियत संघ में भारतीय राजदूत के रूप में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कार्य किया। डॉक्टर राधाकृष्णन महान दार्शनिक थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के दिखाएं मार्ग पर चलने का आज संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फागु राज कुशवाहा, नितेश कुशवाहा, वशिष्ठ कुशवाहा, उमेश तिवारी,श्रवन आर्य, राधेश्याम कुशवाहा, नवीन यादव, अश्वनीकांत चौहान, माधुरी देवी, मनोरमा देवी, पिंकी यादव, दीक्षा यादव, निशा कुशवाहा, पिंकी कुशवाहा, हरी लाल कुशवाहा, जवाहर यादव उपस्थित थे।

### पीएम आवास योजना के नियमों में बदलाव की जरूरत: धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू

**जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा (करमहा)।** स्थानीय ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू ने पीएम आवास योजना के तहत मौजूदा नियमों में बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आवास निर्माण के लिए दी जा रही 1.20 लाख रुपए की राशि महंगाई के इस दौर में पर्याप्त नहीं है, जिससे पात्र लोगों के लिए आवास बनवाना बेहद कठिन हो गया है।

पात्रता चयन में सुधार की है जरूरत-धीरू ने कहा कि पात्रता चयन के नियमों में भी सुधार की जरूरत है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकानों वाले लोगों को खोजना अब बेहद मुश्किल हो गया है, इसलिए कच्चे मकान की शर्त पर पुनर्विचार करना आवश्यक है। इसके अलावा, उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में आवास योजना के तहत ढाई लाख रुपए दिए जा रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 1.20 लाख रुपए ही मिलते हैं। यह सरकार की दोहरी नीति को दर्शाता है, जिसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जल्द ही विभागीय अधिकारियों और नेताओं से मुलाकात कर इन मुद्दों को उठाने और आवश्यक बदलाव की मांग की जाएगी।

# गोरखपुर पुलिस ने फोरलेन पर लूट करने वाले बदमाश को मुटभेड़ में दबोचा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



फोरलेन पर बुधवार की शाम गोंडा के युवक से लिफ्ट लेकर लूटपाट करने वाले बदमाश प्रिंस निषाद व उसके साथी को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह लहसड़ी बांध के पास घेर लिया। अपने साथी संग लूट करने के इरादे से आए बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में रामगढ़ताल थानेदार ने दाहिने पैर में गोली मारकर एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया,उसका एक साथी चकमा देकर फरार हो गया। जिला अस्पताल में भर्ती बदमाश के कब्जे से लूटी गई बाइक,एक तमंचा व 315 बोर का एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में साथियों का नाम पता चलने के बाद पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

लिफ्ट मांगता फिर तमंचा सटाकर करता था छिनैती

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गोंडा जिले के मनकापुर, बनरहा गांव के योगेश उपाध?याय सरदारनगर स्थित निजी कंपनी में काम करते हैं। नौसढ़ में उन?होंने किराए पर कमरा लि?या है। बुधवार की शाम ड्यूटी करके बाइक से वह कमरे पर जा रहे थे कि फोरलेन बाइपास पर रामगढ़ताल क्षेत्र में रामा होटल के पास खड़े दो युवकों ने उनसे लिफ्ट मांगा,तो योगेश ने बैठा लिया। कुछ दूर आगे बढ़ने पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी देकर युवकों ने योगेश की बाइक,मोबाइल फोन व पर्स लूट लिया।

राहगीरों की मदद से पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। लूट का मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गोपलापुर में रहने वाले लुटेरे प्रिंस व उसके साथ?ियों की फोटो दिखाई तो उन?होंने पहचान लिया।

मुखवीर की सूचना पर थानाध्यक्ष ने बिछाया जाल

तलाश में जुटे रामगढताल थानेदार च?तिवन कुमार को गुरुवार की भोर में पता चला कि प्रिंस अपने साथी रामपुर गांव के रहने वाले आकाश साहनी संग लूट करने के इरादे से लहसड़ी बांध पर पहुंचा है। सुबह 5ः30 बजे थाना प्रभारी चितवन ने अपनी टीम के साथ दोनों को घेर लिया।पुलिस टीम को देखकर प्रिंस व उसके साथी आकाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में प्रिंस के दाएं पैर में गोली लगी और वह बाइक लेकर गिर पड़ा। मौका पाकर आकाश फरार हो गया। जिला अस्पताल में भर्ती लुटेरे से पूछताछ करने पर उसने अपने दो अन्य साथियों के नाम बताएं जो वारदात में शामिल थे। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हुआ गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज)** विकासखंड पनियरा के ग्राम सभा अड़बड़हवा ,देवीपुर ,गोनहां,लक्ष्मीपुर, रामपुर ,में बृहस्पतिवार को ग्राम सचिवालय पर सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गोष्ठी कर जानकारी दी गई गोष्ठी में गांव की महिलाएं एवं पुरुष भारी संख्या में मौजूद थे ।जिनको प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे 2024 पात्र और अपात्र के चैन से संबंधित बातें बताई गई ।सरकार की मंसा है कि पूरे देश में सब को अपना खुद का छत हो ।जिसके तहत ब्लॉक के हर गांव में गोष्ठी कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।अड़बड़हवा में ग्राम प्रधान अनीता देवी, ग्राम विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश रंजन एडीओआईएसबी हरे राम यादव ,मोनू यादव ,मोतीलाल यादव, योगेंद्र नाथ यादव देवीपुर में ग्राम प्रधान साधना यादव ,ग्राम विकास अधिकारी अरुण ठाकुर ,रमेश यादव लक्ष्मीपुर में ग्राम प्रधान राममिलन निषाद ग्राम विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश रंजन गोनहां में ग्राम प्रधान शीला देवी, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश सिंह ,गोपाल यादव, सुनील पासवान ग्राम सभा रामपुर में ग्राम प्रधान छेदी प्रसाद, ग्राम विकास अधिकारी ऋषिकेश पटेल ,देव कुमार, पंचायत सहायक गुलशन कुमार,दुर्गेश कुमार,आदि लोग मौजूद रहे ।

## विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका: दिशा




जन एक्सप्रेस। महराजगंज

विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके अलावा पठन-पाठन एवं पुस्तकों के जरिए शिक्षकों द्वारा छात्रों को अपने अनुभव की ज्ञान को बखूबी से बताते एवं सीखते हैं। उक्त बातें फरेंदा क्षेत्र के भैया फरेंदा के समीप स्थित गोविंद लॉ कॉलेज भगवत नगर परासिया में शिक्षक दिवस तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर अध्यापिका दिशा ने कही। उन्होंने कहा कि जीवन की जटिलताओं में छात्रों के बीच उपस्थित होकर मार्गदर्शन करने के लिए शिक्षक हमेशा प्रेरित करते रहते हैं। प्रधानाचार्य विनय कुमार ने कहा कि विद्यार्थीयों के जीवन में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है छात्रों के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षकों द्वारा निभाई जाती हैं। अध्यापक कुलदीप ने कहा कि शिक्षक वह व्यक्ति है जो आपको पढ़ना, लिखना या अन्य विषयों जैसी चीजों को सीखने में हमेशा मदद करता है। विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक के रूप में कुछ नए सीखने में मदद करता हैं ।वह छात्रों के जीवन में माता-पिता की तरह मार्गदर्शन करता हैं। आयोजित कार्यक्रम में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती पर गोविन्दा लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हर्षोल्लास पूर्वक उनकी जयंती पर केक काट कर धूमधाम से मनाया। इस दौरान अध्यापिका सुमन , प्रतिभा अभिनव, अजय, व छात्र इम्तियाज,देशबन्धु , प्रियंका, प्रीति सहित तमाम छात्राएं रहीं।

## जिला जज का स्थानांतरण पर सेवानिवृत्त विंग कमांडर ने दी भावभीनी विदाई



जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिला जज अशोक कुमारसिंह,जनपद-कुशीनगर, का इस जनपद से स्थानान्तरण हो जाने पर विंग कमांडर आलोक सक्सेना, अ0प्रा0 जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी, कुशीनगर के द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, कुशीनगर में साल भेट कर उनका हृदय से सम्मान किया गया तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी एवं कार्यालय के पूरे कर्मचारियों के द्वारा उनकी विदाई की गयी उक्त अवसर पर इस कार्यालय के देवेन्द्र नाथ गुप्त, व0 सहायक, प्रभाकर नाथ तिवारी, क0 सहायक, राजेश कुमार गुप्त, चौकीदार एवं कार्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित थे।

# महिला ने ससुर और देवर पर लगाया रेप का आरोप

**पति पर भी लगाया मारपीट का आरोप**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में एक महिला से रेप का मामला सामने आया है । महिला ने अपने ससुर और देवर पर ही रेप का आरोप लगाया है । इतना ही नहीं महिला का कहना है कि जब वह अपने ससुर और देवर के हरकतों की जानकारी अपने पति को दी तो पति महिला को लेकर मुंबई चला गया । लेकिन महिला का आरोप है कि मुंबई में भी उसका पति उसके साथ मारपीट किया । घटना जनपद के सहजनवा इलाके के एक गांव की है । अब महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। शिकायत पर पुलिस ने महिला को मेडिकल जांच के लिए भेजा है , और मामले के पड़ताल में जुट गई है । पुलिस का कहना है की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

**परिजनों ने दी चुप रहने की धमकी**

जब महिला ने परिवार के लोगों से इसकी शिकायत करनी चाहिए तो देवर ने चुप रहने की धमकी दी । आरोप है कि इसी बीच ससुर ने भी महिला के साथ रेप किया । इतना ही नहीं महिला ने जब इसकी शिकायत अपने पति से की तो पति उसे लेकर मुंबई चला गया । लेकिन, आए दिन वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा ।

**पति के साथ मुंबई से आकर की शिकायत**

पीड़िता ने बताया कि बीते 23 अगस्त को पति ने महिला को बुरी तरह से पीटा । जिससे उसे गंभीर चोटे भी आई है । इसके बाद महिला अपने पिता के साथ मायके आ गई ।मायके आने पर देवर ने अपने दो सहयोगियों के साथ उसके नवजात बच्चे को छीनने लगा । लेकिन राहगीरो को इकट्ठा होने से वह भाग निकला ।

**डाक्टरी परीक्षण कराकर की जाएगी कार्रवाई**

इस संबंध में पूछे जाने पर एसएसआई सहजनवा पंकज सिंह ने कहा कि महिला को डाक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ।




**महिला की 2021 में हुई थी शादी**

चिलुआताल इलाके की एक गांव में रहने वाली महिला की शादी मई 2021 में सहजनवा इलाके के एक गांव में हुई है । आरोप है की शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करते हैं। पति के मुंबई जाने पर देवर उसके साथ अश्लील हरकतें करता था और एक दिन दुष्कर्म भी किया ।

# जी.डी.आर. सेंट्रल एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा



जी.डी.आर. सेंट्रल एकेडमी में गुरुवार को शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह** के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने केक काटकर शिक्षक दिवस का आनंद उठाया और एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने कहा, शिक्षक दिवस उन गुरुओं को समर्पित है, जिनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। हर शिक्षक का कर्तव्य है कि वह अपने शिष्यों का मार्गदर्शन कर उनके भविष्य को उज्वल बनाए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाएं सभया राय, प्रीति, पूजा, शिल्पी, किरण, निहारिका, शालिनी, शशि, आकांक्षा, बबली, रागिनी, ऐश्वर्या, ज्योति और अंजलि ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु-शिष्य का संबंध हमेशा विशेष होता है और यह संबंध छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाता है। इस आयोजन में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षकों के साथ मिलकर इस खास दिन को और भी यादगार बना दिया।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक तीन युवकों की हुई दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/पनियरा (महाराजगंज)**

**पनियरा** -मुजुरी बीएमसीटी मार्ग एन एच 328 पर शीतलपुर चौराहे के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई । मौके पर पहुंची पनियरा पुलिस ने सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य के पनियरा में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।खबर के अनुसार नगर पंचायत पनियरा के शहीद भगत सिंह और अब्दुल कलाम नगर निवासी डब्लू उम्र 40 वर्ष, प्रदीप प्रजापति 30 वर्ष ,आकाश प्रजापति 20 वर्ष तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर मुजुरी से आ रहे थे पीछे से आ रही एक मारुति कार ने ठोकर मार दिया जिससे तीनों लोग रोड पर गिर गए पीछे से आ रही ट्रक ने तीनों को रौंदते हुए निकल गया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के गांव के लोग भारी संख्या में पहुंच गए।

# मंत्री सतीश शर्मा ने किया भाजपा का सदस्यता अभियान का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

भारतीय जनता पार्टी ने कुशीनगर जिला में व्यापक सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को प्रदेश के खाद्य रशद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश शर्मा, जिला प्रभारी शकुंतला चौहान, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सांसद विजय कुमार दूबे ने रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेता और पार्टी पदाधिकारियों से मिस्ड कॉल करके सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो देश को आगे ले जाने में सक्षम है और यह संदेश हमारे मन में स्पष्ट रूप से गूंजना चाहिए। भारत में 1500 पार्टियां हैं, लेकिन भाजपा एकमात्र विचारधारा से प्रेरित पार्टी है। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर काम करती है। पार्टी का हर नेता और कार्यकर्ता अपने परिवार के कारण नहीं बल्कि अपनी मेहनत और समर्पण के कारण यहां है। कहा कि कोई भी बूथ छूटे नहीं सभी बूथों हैं। जिला प्रभारी शकुंतला चौहान ने कहा कि सदस्यता ही संगठन की आत्मा है। इसलिए अपनी सदस्यता को सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी और सर्वग्राही बनाना है।समाज के प्रत्येक घटक तक जाकर पार्टी का सदस्यता दिलाना है।




सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज 18 करोड़ से भी अधिक सदस्य संख्या के साथ पूरे विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में जानी और पहचानी जाती है। भाजपा परिवार मोदी जी के नेतृत्व में और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी के सांगठनिक कौशल के साथ लगातार बढ़ते हुए बड़ी हो रही है।

कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य व सदस्यता अभियान के जिला प्रवासी जनार्दन गुप्ता, जिला संयोजक लल्लन मिश्र ने भी सम्बोधित किया।

जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता और आभार व्यक्त किया तथा संचालन जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने किया।

इस अवसर पर विधायक मनीष जायसवाल,पीएन पाठक, विवेकानंद पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, मोहन वर्मा, डॉ असीम राय, विनय प्रकाश गोंड, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ प्रेमचंद मिश्र, जयप्रकाश शाही, जगदम्बा सिंह, नन्द किशोर मिश्र, पूर्व विधायक दीपलाल भारती,मदन गोविंद राव, रजनीकांत मणि त्रिपाठी सहित नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, जिला, मण्डल, मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अगामी त्यौहारो को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**




जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में गणेश चतुर्थी, बारावफात तथा विश्वकर्मा पूजा के संबंध में विभिन्न धर्मो के धर्म गुरु तथा संभ्रांत नागरिको के साथ बैठक आयोजित किया गया। अवगत कराना है कि दिनांक 6/ 7 सितंबर को गणेश प्रतिमा स्थापित की जाएगी। विसर्जन मुहूर्त के अनुसार पांचवें दिन किया जाता है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विसर्जन मार्ग का निरीक्षण पूर्व में ही किया जाए। मार्ग में जो भी समस्याएं हैं उसका निस्तारण कराया जाए। विसर्जन के दिवस पर घाटों पर बैरिकेटिंग करने के निर्देश दिए गए। घाटों पर प्रकाश की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल,शौचालय, गोताखोर की व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पीने के पानी का टैंकर लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी प्रतिमा का विसर्जन नदियों में नहीं किया जाएगा। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बारावफात 16 सितंबर को पड़ रहा है जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जुलूस मार्गों का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाए। मार्गो में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या है तो उसका निस्तारण समय से सुनिश्चित करें। त्यौहार के दिन छुट्टा/ प्रतिबंधित पशुओं को संरक्षित रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा है जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जुलूस मार्गों का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाए। कहीं-कहीं पर भंडारे का आयोजन भी किया जाता है जिसके दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों की जांच कर लिया जाए। बैठक के दौरान विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। साफ सफाई, चुना,ब्लीचिंग, दवा छिड़काव, पेय जलापूर्ति, आवश्यकता अनुसार भीड़भाड़ वाले स्थान पर मोबाइल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि खंभों के ढीले तार को पूर्व में ही सही करा लिया जाए। पंडाल स्थल पर बालू एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।पंडाल के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। पंडाल में कटे तार का प्रयोग ना किया जाए।

# योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र ने दी परमहंस योगानन्द की क्रियायोग की शिक्षा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



योगदा सत्संग ध्यान केंद्र आगरा की ओर से परमहंस योगानन्द जी की शिक्षाओं पर क्रिया योग के द्वारा चिंतामुक्त जीवन पर साधना समागम पर व्याख्यान आयोजित किया। शुभारम्भ मुख्य वक्ता स्वामी अच्युतानंद जीए स्वामी आम्यमानंदए स्वामी आदित्यानन्दए पुलिस उपआयुक्त केशव चौधरी और अध्यक्षा किरण यादव ने दिप प्रवज्जलित कर किया। समागम के प्रारम्भ में स्वागत वंदना गीत से हुआ। स्वामी अच्युतानंद जी ने कहा कि जीवन का उद्देश्य अंतिम लखस्या को प्राप्त करना है। एक समय था तब हम तामस में दुबे हुए थे अब हमारे जीवन में कुछ करने कि उमंग है। तापस में बाहर से बहुत अच्छा लगता है। अभी हमें उठना हैए जागना है और हमरे अंदर जो संभावनाएं छिपी है उसका अनुभव करना है। जब अनुभव करेंगे तो डरेंगे नहीं। क्रिया योग का उद्देश्य आध्यात्मिक चेतनाओं को जगाना है क्रिया योग विज्ञानं आग कि तरह फैल रहा है। हमे सिद्ध कर अपने स्प्रीयूएल साइंस को जाग्रत करना है।

जीवन का लक्ष्य आनंद की खोज करना है। आनंद के नाम पर विषपान करते ह। सही आनंद पाना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। जगत आनंदमय हैए हम आनंद में जीते है और आनंद में ही हम मर जाते है। हम सचिदानंद चाहते है। क्रिया योग का स्वरूप चिरानन्द है।

स्वामी अच्युतानंद जी ने कहा कि हम जो चाहते है वो नहीं मिलता है। जबकि हमारे अंदर असीम शक्ति का भण्डार है। हम अपने को जिस चेतना में रखते है उसका असली स्वरूप आत्मा है। अनेक के पीछे एक होता है। अपनी एनर्जी को दूसरी दिशा में ले जाइये। जब हम योगसत होते है तो हम संतुलित स्तिथि में होते है। स्वामी अच्युतानंद जी ने कहा कि हमें अपने को निर्लिप्त बनाना चाहिए। निर्लिप्तता की अवस्था चेतना का स्तर है। धर्म की चिरन्तर धारा के साथ जु?ना है। चिंता का कारण क्रोध है। अपने अंदर की अज्ञानता को जब दूर करेंगे तब ही हम ज्ञान को प्राप्त करेंगे । क्रिया योग से अपने अंदर की समझ को पैदा करना है।

माया का जो दुष्कर्म झेल रहे वो हमें मदद करेंगे। माया में अपने स्वरूप को प्रतिबिम्ब के रूप में देखेंगे तो अहंकार कहलाता है। क्रिया योग कोई भी इंसान कर सकता है वैज्ञानिक दृष्टिकोण से धर्म को देखिये। धर्म विश्वास पर नहीं टिका इसे अपने अंदर अनुभव करके परखिये। संचालन डॉण् विद्यापति द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष किरण यादवए ललिता शर्माए आरके शर्माए आरण् एसण् रानाए आरण् एसण् भदौरियाए अमित मिश्राए यादवेंद्र प्रताप सिंहए रेखा गुप्ताए सौमित्र शर्माए संजीव यादवए लोविना यादवए वंदना यादव आदि मौजूद रहे।

# दो महीने बाद भी नाबालिग से गैंगरेप करने वाला गिरफ्तार नहीं

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

गैंगरेप पी?ता की दादी थाने के चक्कर काट रही है। दो महीने बाद भी मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि परिवार पर राजीनामे का दबाव बनाया जा रहा है। मुख्य आरोपी के डर से परिवार अपना घर भी छो? चुका है। लगभग दो महीने पहले सैंया की रहने वाली किशोरी जगदीशपुरा में रिश्तेदारी में एक शादी में अपनी दादी के साथ शामिल होने के लिए आई थी। यहीं उसकी मुलाकात एक ल?की से हुई। उस ल?की की मां एक युवक के साथ पी?ता को तांत्रिक के पास ले गई। जहां तांत्रिक ने अपने साथियों के साथ किशोरी के साथ गैंगरेप किया। इसके बाद किशोरी को अछनेरा ले गए। वहां भी तांत्रिक ने किशोरी से दुराचार किया। पी?ता ने बताया कि आरोपी किशोरी को कोटा ले गए। जहां केक?ी राजस्थान निवासी एक व्यक्ति के साथ शादी कर उसे सा? 4 लाख रुपए में बेच दिया। किशोरी किसी तरह निकलकर पास के ही पेट्रोल पंप पर पहुंच गई। अपने परिवार वालों को फोन किया। जिसके बाद वह किसी तरह स्थानीय पुलिस के पास पहुंची। पी?ता ने बताया कि कोटा से आगरा पहुंचने के बाद वे पुलिस के पास गए। यहां पुलिस ने सिर्फ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। पी?ता ने अपने पिता और दादी के साथ पुलिस कमिश्नर से मिली। जिसके बाद थाना जगदीशपुरा पुलिस ने रेपए अपहरणए षड्यंत्रए बंधक बनानाए मानव तस्करी और पॉक्सो की धाराएं ब?ाई। पी?ता का कहना था कि आरोपी लगातार उसे और उसके परिवार को धमकियां दे रहे हैं। समझौते का दबाव बना रहे हैं। 18 जून से 26 जून तक किशोरी के साथ लगातार दुष्कर्म हुआ। धमकियों और दबाव के कारण किशोरी के पिता दूसरे शहर में जाकर मजदूरी कर रहे हैं। पी?ता ने भी अपनी दादी के साथ घर बदल लिया। पी?ता ने 15 दिन पहले अपनी दादी के साथ शहीद स्मारक पर धरना दिया था। पी?ता और उसकी दादी की मांग थी कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो। वे दबाव बना रहे हैंए धमका रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन अब भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पी?ता की दादी ने फिर से पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। दादी का कहना है कि उनका परिवार डर की वजह से गांव छो? चुका है। इसके बाद भी मुख्य आरोपी लगातार धमकी दे रहा है। राजीनामे का दबाव बना रहा है। मुख्य आरोपी सट्टे का काम करता है। जो महिला पी?ता को बहला कर ले गई थीए वो मानव तस्करी के गैंग से जु?ी हुई है। इसके बाद भी पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है।

# शिक्षक दिवस पर डॉ0 देवी सिंह नरवार सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



शमशाबाद रोड स्थित श्री दाऊजी महाराज महाविद्यालय पर समत्व फाउण्डेशन के तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षाविद् डॉ0 देवी सिंह नरवार को उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप डॉ0 नरवार को शॉल ओ?ाकर तथा पटका पहनाकर साथ ही प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान से पूर्व कार्यक्रम के संचालक दिनेश अगरिया द्वारा डॉ0 देवी सिंह नरवार का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है डॉ0 देवी सिंह नरवार स्वामी लीलाशाह इण्टर कॉलेजए शाहगंज के प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के उपरान्त भी शिक्षा व शिक्षकों की सेवा में संलग्न है। विभिन्न अवसरों पर डॉ0 नरवार को कई शैक्षिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा एक दर्जन अवसरो पर सम्मानित किया जा चुका है। डॉ0 नरवार को ज्वैल ऑफ इण्डिया अवार्ड वर्ष 2009ए इमीनेन्ट एजूकेशनिस्ट वर्ष 2009 एवं 2011ए भारत विद्या शिरोमणि अवार्ड वर्ष 2011ए राजीव गाँधी एक्सीलेन्स अवार्ड वर्ष 2011ए ग्लोरी ऑफ एजूकेशन एक्सलेंस अवार्ड वर्ष 2011ए इण्टरनेशनल अवार्ड फॉर इन्टेलेक्चुअल डवलपमेंट वर्ष 2012ए मदर टेरेसा सद्भावना अवार्ड वर्ष 2013 विद मैडलए ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड वर्ष 2013ए लाइफ टाइम एजूकेशन अचीवमेन्ट्स अवार्ड वर्ष 2013ए इण्टरनेशनल गोल्ड स्टार अवार्ड वर्ष 2013ए प्राइड ऑफ इण्टरनेशनल एजूकेशन एक्सीलेंस अवार्ड वर्ष 2014ए ग्लोबल एजूकेशन लीडरशिप अवार्ड वर्ष 2017 को ये अवार्ड यपुरस्कारद्ध प्राप्त हो चुके है।

# बच्चों की फ्रेंड बनेगी आगरा पुलिस

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

पुलिस कमिश्नरेट आम जन की लगातार सेवा कर रहा है। इसी को लेकर पुलिस बच्चों की फ्रेंड बनने की कोशिश कर रही है। जिससे बच्चों के दिलों से पुलिस का डर खत्म हो जाए। एसीपी खेराग? ने छप्पर के नीचे प? रहे बच्चों की हौसला अफजाई कर इस कोशिश में एक कदम ब?ाया है। पुलिस कमिश्नरेट आगरा के सोशल साइट पेज पर एक पोस्ट अपलोड की गई। जिसमें एसीपी खेराग? इमरान अहमद फील्ड विजिट के दौरान बरसात के मौसम में छप्पर के नीचे प?ते हुए बच्चों के साथ बातचीत कर रहे हैं। बच्चों से उनके नाम पूछे। बच्चों ने अपने नाम अनमोलए नितिन और अमित बताया। बच्चे प?ाई कर रहे थे। अनमोल एक कॉपी में हिंदी में कुछ लिख रहा था। एसीपी ने पूछा कि क्या लिखा हैए प?कर बताओ। बच्चों की हौसला अफजाई की। इससे बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। खेराग? एसीपी इमरान अहमद ने बताया कि निर्देश दिए गए हैं कि आम जनता की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहें। यह हमारा ध्येय वाक्य भी है। बच्चों के दिमाग में पुलिस को लेकर एक तस्वीर बना दी जाती है। बच्चे कई बार पुलिस से डरना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि बच्चों के दिलों से यह डर निकले। वे खुद को पुलिस के आसपास सुरक्षित महसूस कर अपनी हर दिक्कत को शेयर कर सकें। कई बार बच्चे अपने माताण्पिता को भी कुछ बातें नहीं बता पाते हैं। हम लोगों के बीच में जाकर उन्हें सुरक्षा के लिए टिप्स दे रहे हैं।

# आगरा में बन रहा वढ का पहला पशु श्मशान घाट

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

नगर निगम पालतू जानवरों की मृत्यु के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट बनाने जा रहा है। इसके लिए टेंडर हो चुका है। ये श्मशान घाट उत्तर प्रदेश का पहला श्मशान घाट होगाए जहां पर पालतू व बेसहारा कुत्तेए बिल्ली और बंदर का अंतिम संस्कार हो सकेगा। दिसंबर तक इसको तैयार करने की योजना है। इसके निर्माण का काम शुरू हो चुका है। नगर निगम की सीमा में रहने वाले हजारों लोगों ने घरों में कुत्ते व बिल्ली जैसे जानवरों को पाल रखा है। ये जानवर घरों में परिवार के सदस्य की तरह से ही रहते हैं। इन जानवरों की मौत होने के बाद अक्सर पशु प्रेमियों को इनके अंतिम संस्कार को लेकर समस्या का सामना करना प?ता है। अंतिम संस्कार की कोई वैज्ञानिक सुविधा न होने के चलते पशु प्रेमी अपने पशुओं को या तो जमीन में दफ्ना देते हैं या फिर उन्हें बोरे आदि में बंद कर नदी नालों में फेंक देते हैं। इन जानवरों को इस तरह से अंतिम विदाई देने से जहां उन्हें असीम कष्ट होता है वहीं उनकी भावनाएं आहत होती हैं। इन पशुओं के इस प्रकार से विर्सजन से भूगर्भीय जल व वायु प्रदूषण भी होता है। इसी को ध्यान में रखकर अब सरकार इस प्रकार के पशुओं का वैज्ञानिक तरीके अंतिम संस्कार करने पर जोर दे रही है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉण् अजय यादव ने बताया कि कुबेरपुर में नगर निगम करीब 1500 स्क्वायर मीटर भूमि पर इस प्लांट का निर्माण कराने जा रहा है। इसके निर्माण के लिए निजी कंपनी को टेंडर दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक अनुमान के अनुसार शहर में रोज 40 से 50 छोटे पशुओं की मौत होती है। ऐसे में उन्हें दफ्नाने में परेशानी होती है। ऐसे लोग एक निश्चित यूजर चार्ज देकर पालतू जानवरों का अंतिम संस्कार कर सकेंगे।

# समत्व फॉउंडेशन ने 55 शिक्षकों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




शमशाबाद रोड स्थित श्री दाऊजी महाराज महाविद्यालय बरौली अहीर में योग एवं सामाजिक सेवाओ में समर्पित संस्था समत्व फाउंडेशन यपंजीद्ध के तत्वावधान में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के 137 वें जन्मदिवस पर द्वितीय शिक्षक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 55 पूर्व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आगरा विभाग कार्यवाह सुनील दीक्षित एवं कार्यक्रम अध्यक्ष माधवराव सिंधिया इंजीनियरिंग कॉलेज ग्वालियर के पूर्व प्राचार्य डॉ अजीत कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि श्रीनाथजी सेवा संस्थान के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल आदि ने मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना नैनाना जाट प्राइमरी विद्यालय की शिक्षिका कंचन चौधरी द्वारा की गई तत्पश्चात मुख्य अतिथि सुनील दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का बहुत महत्व है चरित्र निर्माण की प्राथमिक सी?ी गुरु ही होते हैं गुरु के बिना जीवन में कोई भी कार्य संभव नहीं है शिक्षक द्वारा सकारात्मक शिक्षा का जीवन में बहुत महत्व है। सर्वप्रथम बयोवृद्ध 82 वर्षीय शिक्षक सियाराम शर्मा तांसपुरा का सम्मान किया गया। उसके बाद कानपुर फिरोजाबाद नैनीताल आगरा आदि शहरों से आये 55 शिक्षकों का आयोजनकर्ता श्री दाऊजी महाराज महाविद्यालय के प्रबंधक वी डी अग्रवालए कैला देवी डिग्री कॉलेज के प्रबंधक प्रमोद तोमरए समत्व फाउंडेशन के अध्यक्ष लाल सिंह धाकरे एवं श्रीनाथजी सेवा संस्थान के संयोजक पवन अग्रवाल आदि ने दाऊजी महाराज का चित्रए शिक्षा रत्न शील्ड एवं पटका भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार गुप्ता ने संस्था के इस कार्य को सराहते हुए कहा कि शिक्षकों के रिटायर्ड होने के बाद उन्हें कोई नही पूछता है लेकिन समत्व फाउंडेशन ने शिक्षकों के सम्मान का यह कार्यक्रम कर समाज और शिक्षा जगत में एक नया उदाहरण पेश किया है।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल के तौयारियो का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद में मुख्यमंत्री, , योगी आदित्यनाथ के 8 सितंबर को जनपद में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत एमएलसी डॉ0 हरिओम पांडेय, जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने कार्यक्रम स्थल ग्राम हीड़ी पकड़िया, तहसील भीटी का सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर अस्थाई हेलीपैड निर्माण कार्य के प्रगति सहित जनसभा मंच एवम् अन्य कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यों को तीव्र गति से करने के साथ ही कार्यक्रम स्थल तक जन सामान्य के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने सहित समस्त कार्यों को अपेक्षित समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने एमएलसी डॉ0 हरिओम पांडेय, जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता, एडिशनल एसपी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उप जिलाधिकारी भीटी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में चर्चा की गई तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपेक्षित कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, तहसीलदार भीटी, खंड विकास अधिकारी भीटी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# धर्मगुरुओं का आह्वानरू क्षय रोग से मुक्ति के लिए एकजुट हों



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत एक्टिव केस फाइन्डिंग दिनांक 9 से 20 सितम्बर तक 10 कार्य दिवस में संचालित होगा। इसके तहत गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में धर्मगुरू सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न धर्मगुरूओं के साथ बैठक की और उनसे क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में आमजन को जागरुक करने के लिए सहयोग मांगा। सभी धर्मगुरूओं ने एसीएफमें समर्थन देने और सहयोग करने के लिए कहा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि एसीएफ अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घरण्घर जाकर टीबी रोगियों की खोज करेगी। जिन लोगों को भी टीबी के लक्षण जैसेण् दो सप्ताह से अधिक खांसी अथवा बुखारए पसीना आनाए वजन कम होना आदि की समस्या है तो टीम को अवश्यव बताएं। सभी लोग अभियान में ब?ण्च?कर भाग लें और अपने रिश्तेदारोंए प?ोसियोंए दोस्तों को भी इस बारे में प्रेरित करें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉण् सुखेश गुप्ता ने बताया कि एसीएफ अभियान के दौरान जनपद की 54 लाख आबाद के परिपेक्ष्य में 11ण्55 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। विभाग की टीम घरण्घर जाकर लोगों को टीबी के लक्षण होने पर जांच करेगी। स्क्रीनिंग के बाद लोगों के सैंपल लेकर लैब में टीबी की जांच की जाएगी। टीबी की पुष्टि होने पर जनपद की 26 टीबी यूनिट के माध्यम से मरीजों का निरूशुल्क उपचार किया जाएगा। डीटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान 408 एसीएफ टीमें घरण्घर जांकर भ्रमण करेंगी। 81 सुपरवाइजर द्वारा उनका सुपरविजन किया जाएगा। कुल 1224 सदस्य एसीएफ टीम में शामिल होंगे।

श्री मनकामेश्वर मंदिर के महंत योगी पुरी जी ने बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## शिवम वर्मा बने ओबीसी मोर्चा के मंडल कार्यक्रम संयोजक

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** भाजपा के युवा नेता शिवम



वर्मा को जीवत मंडल के ओबीसी मोर्चा का कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। मृदुभाषी व मिलनसार स्वभाव के युवा नेता के चयन पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। शिवम वर्मा क्षेत्र के लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर अक्सर मुखर रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनायक वर्मा ,भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय विश्वकर्मा ,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह ने युवा नेता को कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी दी है। उनकी इस उपलब्धि पर सलिल वर्मा, सनी पंडित, सत्यम राज, विक्की कनौजिया, अतुल कनौजिया ,अक्षय वर्मा, गुलाबचंद ,अजय वर्मा, अंकुर पटेल, हर्षित पटेल, रोहित यादव, सत्यम वर्मा, मोहित राज, आदि समर्थकों ने खुशी जताई है।

# माउंटेन ड्यू0 का साहस भरा घूंट, कौन बनेगा करोड़पति में आपको दिला सकता है वाइल्ड कार्ड एंट्री

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

साहस का पर्याय बन चुके ब्रैंड माउंटेन ड्यू0 ने देश के जाने-माने गेम शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के साथ एक रोमांचकारी पहल की घोषणा की है, जो ग्राहकों को शो के 16वें सीज़न में वाइल्ड कार्ड एंट्री दिला सकती है। इस अनूठे अवसर के चलते, माउंटेन ड्यू के ग्राहक जाने माने होस्ट अमिताभ बच्चन के सामने शो की आइकॉनिक हॉट सीट पर बैठकर इस लोकप्रिय गेम शो में हिस्सा ले सकते हैं। हालांकि शो में आधिकारिक रूप से भाग लेने की अवधि अब बंद हो चुकी है लेकिन माउंटेन ड्यू ने अपने ग्राहकों के लिए यह शानदार पेशकश की है। यह भागीदारी लोगों को अपने डर से डटकर मुकाबला करने और साहस को गले लगाने के लिए प्रेरित करने की माउंटेन ड्यू की प्रतिबद्धता का सबूत है। यही थीम ब्रैंड के साथ-साथ केबीसी की भी है। तो इस बार, माउंटेन ड्यू एक्स केबीसी कैम्पेन का थीम है -यह खेल ज्ञान का है, पर जीता हिम्मत से जाता है! इस पार्टनरशिप के बारे में, आकांक्षा दलाल, कैटेगरी हेड, माउंटेन ड्यू, पेप्सिको इंडिया, ने कहा, माउंटेन ड्यू ने हमेशा से ही डर को सहज रूप से लेने, साहस का जश्न मनाने और जिंदगी में अलग-अलग हालातों में सामने उपस्थित होने वाली हॉट सीट में जीत को उत्सव की तरह लेने के लिए प्रेरित किया है। अब केबीसी के साथ यह भागीदारी इस लिहाज से स्वाभाविक रूप से अगला चरण है क्योंकि इस गेम शो के साथ आते हैं कुछ ऐसे पल जब दांव काफी ऊंचे होते हैं, और हर कदम पर आपके ज्ञान तथा साहस की परीक्षा होती है। इस वाइल्ड कार्ड एंट्री की पेशकश कर, माउंटेन ड्यू लाखों लोगों को अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में एक साहसी कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# आगरा के लघु एवं मध्यम व्यवसाय जस्टडायल के साथ हो रहे हैं विकसित

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

इतिहास और संस्कृति से जुड़ा शहर आगरा उत्तर प्रदेश में यमुना नदी के किनारे स्थित है। दुनिया भर में अपने बेहतरीन मुगल काल के स्मारकों- ताज महल, आगरा का किला और फतेहपुर सिकरी- के लिए विख्यात आगरा पर्यटकों को खूब लुभाता है, वहीं दूसरी ओर यह शहर कला, कारीगरी और छोटे उद्योगों का हब भी है। शहर में हर साल लाखों पर्यटक आते हैं, साथ ही शहर को अपनी समृद्ध परम्पराओं जैसे पिएत्रा दुरा (संगमरमर की नक्काशी), कालीनों, चमड़े के सामान और स्थानीय व्यंजनों जैसे पेठा और दालमोठ के लिए भी दुनिया भर में जाना जाता है।

आगरा की अर्थव्यवस्था अपने आप में विविध है, यहां के लोग खेती से लेकर हर तरह के काम करते हैं, अपने छोटे व्यवसायों, कॉमर्स और कारोबार के चलते भी शहर तेज़ी से विकसित हुआ है। आगरा की लगभग 40 फीसदी अर्थव्यवस्था उद्योगों से जुड़ी है, शहर में एक लाख से अधिक लघु एवं मध्यम व्यवसाय हैं। शहर के स्थानीय लोग चमड़े का सामान बनाने से लेकर संगमरमर की नक्काशी तक कई तरह से अपनी आजीविका कमाते हैं और शहर की अर्थव्यवस्था एवं सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने में योगदान दे रहे हैं।

आगरा में एक लाख से अधिक लघु एवं मध्यम व्यवसाय हैं जिन्हें एमएसएमई टेक्नोलॉजी डेवलपमेन्ट सेंटर का सहयोग प्राप्त है, जो फाउन्ड्री, फोर्जिंग और इंजीनियरिंग क्लस्टर्स पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जस्टडायल इन व्यवसायों के विकास में पार्टनर की भूमिका निभा रहा है, यह प्लेटफॉर्म आगरा के लघु एवं मध्यम व्यवसायों को देश भर के उपभोक्ताओं के साथ जोड़कर उन्हें विकसित होने में मदद करता है। शिवम हाउस पैकर्स एण्ड मुवर्स के मालिक विनोद कुमार अपने अनुभव के बारे में बताते हुए कहते हैं, पिछ्ले 15-20 सालों से मैं जस्टडायल के साथ जुड़ा हुआ हूं, और इस प्लेटफॉर्म के साथ मेरा अनुभव बेहतरीन रहा है। जस्टडायल के माध्यम से मुझे लगातार उपभोक्ता और लीड्स मिलते रहते हैं। एक काम पूरा होने के बाद उपभोक्ता जस्टडायल वेबसाईट पर फीडबैक देते हैं, जो हमारे व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करता है। यह फीडबैक न सिर्फ मेरे व्यवसाय के लिए फायदेमंद है, बल्कि हमें अच्छी गुणवत्ता के उपभोक्ताओं के साथ भी जोड़ता है। इसी तरह राज रीलोकेशन पैकर्स एण्ड मुवर्स के मालिक राजेन्द्र सिंह जस्टडायल के साथ अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए कहते हैं, मैं 2013 से जस्टडायल के साथ जुड़ा हुआ हूं। उनके साथ जुड़ने से पहले मैंने मैं कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए अपने व्यवसाय का प्रोमोट करने की कोशिश की, लेकिन कुछ खास फायदा नहीं हुआ। लेकिन जस्टडायल ने चीज़ों को बेहतर तरीके से बदला है। उन्होंने मुझे अच्छा पैकेज दिया, और मुझे उपभोक्ताओं के साथ जोड़ कर मेरा व्यवसाय बढ़ाने में मदद की। मैं इन परिणामों से बेहद संतुष्ट हूं।

जस्टडायल ने आगरा के कई छोटे-बड़े व्यसायों को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के साथ जोड़कर, उच्च गुणवत्ता की लीड्स देकर सशक्त बनाया है।

# शिक्षक दिवस पर हुआ 130 शिक्षकों का सम्मान

जन एक्सप्रेस | जौनपुर





5 सितंबर को स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति और पहले उप-राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षण कार्य में अनूठे और विशेष योगदान देने वाले बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित जनपद जौनपुर के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में कार्यरत 110 शिक्षक, 6 वार्डन 6 स्पेशल एजुकेटर, 2 पीएम श्री विद्यालय व 6 अन्य सहित कुल 130 सम्मानित जनों का कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित प्रेक्षागृह में प्रशस्ति पत्र, अलंकरण देकर सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को देने का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों को अच्छे शिक्षण कार्य के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही बेहतर ढंग से समाज में शिक्षा की अलख जगाने के उनके प्रयासों को और प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम.एल.सी बृजेश सिंह प्रिंसू, पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी जौनपुर रविंद्र कुमार मांदड़ के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा भी मौजूद रहें।

मुख्य अतिथि एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस मनाये जाने के बारे में बताया गया कि एक बार उनके छात्रों ने आदर सम्मान से उनसे पूछ लिया कि क्या वह उन्हें उनके जन्मदिन पर कोई गिफ्ट दे सकते हैं और उनका जन्मदिन मना सकते हैं। इस पर डॉ.राधाकृष्णन ने छात्रों से उपहार लेने से मना कर दिया और कहा कि वे इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मना सकते हैं। जब बाद में उनका निधन हुआ तो उन्हें श्रद्धांजलि व सम्मान देने के लिए उनके जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाए जाने का फैसला लिया गया। भाजपा नेता, पूर्व गृहराज्यमंत्री महाराष्ट्र सरकार कृपा शंकर सिंह ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा कि जनपद जौनपुर के प्रतिभा वाले लोगों द्वारा संपूर्ण देश एवं विदेशों में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कृपा शंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार से जनपद जौनपुर में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की गई। कार्यक्रम का समापन विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उन्हें नमन करते हुए बताया कि 05 सितंबर के दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 5 सितंबर शिक्षक दिवस का दिन उन्हें ही समर्पित है। डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के पहले उपराष्ट्रपति और महान शिक्षाविद, भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक थे। सर्वपल्ली राधाकृष्णन खुद एक बहुत अच्छे टीचर थे। 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में जन्मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को 27 बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा में किया जा रहे उत्कृष्ट सुधरो पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक पालन करते हुए भविष्य की पीढ़ी को सही दिशा दिखाते हुए सभी बच्चों के नैतिक विकास के साथ-साथ सर्वांगीण विकास किए जाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन विशिष्ट अतिथि द्वारा गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए किया गया। शिक्षक सम्मान के अवसर पर बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षक के रूप में स्थापित मानदंडों पर प्रकाश डालते हुए समस्त शिक्षकों से उच्च कोटि के मानदंडों का पालन किए जाने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षक भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने और ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही अपने छात्रों की सफलताओं में योगदान देते हैं। इसके दृष्टिगत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है। इससे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी और वो विद्यालयों के उचित प्रबंधन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत समस्त पटल सहायकों सहित, जिला समन्वय, समस्त एस.आर.जी, एआरपी सहित जनपद के शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक सम्मिलित रहे। छात्रों द्वारा महिला सशक्तिकरण, शिक्षा आदि के संबंध में मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.गोरखनाथ पटेल की अध्यक्षता में कुशलता पूर्वक संचालित किया गया।

# जौनपुर के पत्रकार उत्पीड़न को लेकर हुये लामबन्द



* ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने नारेबाजी करते हुये दिया धरना
* मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

सूबे के खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव द्वारा जनपद के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह को दो कौड़ी के हो सहित अन्य अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने के अलावा सुरेरी थाना पुलिस द्वारा पत्रकार को गाली देते हुये मारने एवं मुकदमा दर्ज करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर जनपद के पत्रकार लामबन्द हो गये। इसी को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना के नेतृत्व में पत्रकारों का एक समूह कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां जबर्दस्त नारेबाजी करते हुये धरना–प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि फर्जी मुकदमा हटाया जायेगा। साथ ही बताया कि पुलिस अधीक्षक ने दोषी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।

धरनास्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष श्री अस्थाना ने कहा कि खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने पत्रकारों को कहा कि दो कौड़ी के हो। तुम्हारी औकात क्या है। देख लूंगा तुमको। ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्रिमण्डल से बाहर कर दिया जाय। सुरेरी थाना पुलिस द्वारा दो पत्रकार को इसलिये गाली देते हुये पीटने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया, क्योंकि वह यह पूछ लिया था कि नेम प्लेट क्यों नहीं लगाये हैं? शाहगंज के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता को तत्काल गिरफ्तार किया जाय। पत्रकारों की सुरक्षा के लिये असलहे का लाइसेंस दिया जाय। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया जिस पर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना, देवेन्द्र खरे, पंकज राय, बरसाती लाल कश्यप, प्रदीप पाण्डेय, मयंक श्रीवास्तव, लक्ष्मी नरायन मौर्य, वरूण शुक्ल, रमेश गौतम, बृजेश मिश्र, प्रो. आशाराम यादव, रोहित मिश्र, उमेश चन्द्र तिवारी, श्याम रतन श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, सतीश चौहान, प्रदीप चौरसिया, संजय चौरसिया, गौरव सोनकर, अखिलेश अग्रहरि, सुजीत वर्मा एडवोकेट, आलोक सिंह, एमएच सिद्दीकी, आलोक सिंह, संतोष मिश्रा, संजय प्रजापति, महरोज अहमद, आफताब आलम, सूर्य प्रकाश मौर्य, धर्मेन्द्र गिरि सहित सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।



# सचिव ने गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी

जन एक्सप्रेस | पूरनपुर



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के मानकों में बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा इसकी अवधि भी बढ़ा दी गई है।पहले के 13 मानकों को घटाकर अब 10 कर दिया गया है। इसकी जानकारी देने के लिए ग्राम पंचायतों में इन दिनों प्रधानमन्त्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी से अवगत कराने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम शेरपुर कलां ग्राम पंचायत लाह व टंडोला में ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश वर्मा की उपस्थित में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को नई गाइडलाइन से अवगत कराते हुए इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि पीएम आवास योजना में पात्रों को लाभ मिलेगा,अपात्रों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 के पहले आवास के लिए लाभार्थियों के पात्रता में कुछ बदलाव किए गए हैं। पहले 13 मानकों के आधार पर पात्रता का चयन किया जाता था जिन्हें घटाकर अब 10 मानक कर दिए गए हैं।ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा पीएम आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी में सरकार द्वारा सभी गरीब आवास विहीन परिवार एवं शून्य एक या दो कमरे के कच्चे दीवार एवं कच्ची छत्त युक्त परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा पात्रता और अपात्रता निर्धारित करने वाले मापदंड को विधिवत बताया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा आवास के पात्रों का नाम प्रस्तुत किया गया।वही आवासहीन परिवारों को छत उपलब्ध करवाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना को पांच वर्ष के लिए विस्तार दिया गया है। शासन से जारी आदेश के अनुसार अब इस योजना के अंतर्गत 2028-29 तक पात्रों का चयन कर उन्हें आवास बनाने के लिए सहायता धनराशि दी जाएगी।इसके लिए पात्र परिवारों का सर्वे किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश वर्मा ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि घर का निकला हुआ कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें सड़कों या नालियों के किनारे ना डालें जिससे कूड़ा नाली में जाने के कारण नालियां बंद हो जाती हैं। जिस कारण नालियों का पानी सड़कों पर भरता है। उन्होंने कहा अपने आसपास गंदगी ना फैलाएं। पंचायतों में आयोजित गोष्ठी में शेरपुर कलां ग्राम प्रधान जानेआलम, लाह प्रधान व टंडोल प्रधान सूरजवानो सहित कई लोग मौजूद रहे।

# उखडी पडी सडक से राहगीर परेशान, निर्माण शुरु नही

* आए दिन वाहन चालक सडक पर गिरकर हो रहे घायल

जन एक्सप्रेस | पूरनपुर



घुंघचाई से दियूरिया जाने वाली सड़क निर्माण कार्य पूरा नही कराया जा रहा है। इसका खामियाजा सड़क से आने-जाने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। राहगीरों ने सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग उठाई है।

घुंघचाई तिराहे से लेकर पीटीआर के जंगल से होते हुए दियूरियाकलां तक जाने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह सड़क पूरनपुर और बीसलपुर तहसील को आपस में जोड़ती है। इस सडक से लोगों को कम दूरी तय करके बरेली, वीसलपुर, निगोही, फरीदपुर, दियूरियाकला पहुंच जाते है। सडक जर्जर होने से क्षेत्रीय लोगों की मांग पर इस सड़क के सुंदरीकरण एवं चौड़ीकरण के लिए मंजूरी मिली थी। जंगल में यह सड़क तीन मीटर और जंगल से बाहर पौने चार मीटर की बनाई जाएगी। वीते फरवरी 2024 माह में ही निर्माण एजेंसी द्वारा पुरानी जर्जर सड़क को जेसीबी मशीन से उखाड़ने के साथ लेयर तैयार करने का कार्य शुरू हुआ था। करीब 15 किलोमीटर से अधिक सड़क की स्क्रेविंग तैयार की गई थी। इसके बाद कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। ऐसे में सड़क पर डाले गए पत्थर के टुकड़े उखड़ गए। शेष सड़क की हालत भी खस्ताहाल है। ऐसे में लोगों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सुनील कुमार, मल्लू वर्मा, हरिओम, धर्मेंद्र कुमार, रोहित, विजय सहित कई लोगों ने जल्द ही सडक निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## राजकीय पशु चिकित्सालय का विधायक ने किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

**बदलापुर।** राजकीय पशु चिकित्सालय राजाबाजार का विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने गुरुवार को लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह चिकित्सालय बेहद जर्जर हो गया था,जिससे पशुपालको को बेहद दिक्क़त हो रही थी।

पशु चिकित्सालय का निर्माण 40 लाख रुपए की लागत से किया गया। अस्पताल से गांव के जानवरों का भी समय से और गांव में ही इलाज हो सके। सरकार सभी के लिए काम कर रही है।इस मौके पर जिला पशु चिकित्साधिकारी ओपी श्रीवास्तव, सचिन सिंह, लवकुश सिंह, विनोद मौर्या आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता की मां से हुआ उचक्का गिरि

जन एक्सप्रेस | जौनपुर। शाहगंज। नगर के एक सर्राफा व्यापारी की दुकान से घर लौटते समय अधिवक्ता की मां से नयी आबादी मोहल्ला स्थित एक दुकान के समीप से उचक्कों ने लगभग डेढ़ लाख का आभूषण चोरों ने पार कर दिया। पीड़िता ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दिया है। क्षेत्र के सुरिस गांव निवासी अधिवक्ता आदर्श कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मां मीरा देवी बुधवार की शाम नगर के श्रीरामपुर रोड स्थित एक दुकान से आभूषण लेकर घर के लिए निकली थी। जैसे ही नयी आबादी मोहल्ला के महादेव मंदिर तिराहे समीप एक किराने के दुकान से सामान लेने लगी उसी दौरान उचक्कों ने महिला के बैग से एक सोने की चैन, ब्रेसलेट व कान की बाली जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख का सामान लेकर फरार हो गए।

# उत्कृष्ट सेवा पर शासन से मिला सम्मान

* डॉ शिवानी मौर्य, अचल हरिमूर्ति, अमित सिंह, अरविंद शुक्ला को मिला सम्मान


जन एक्सप्रेस | जौनपुर



शाहगंज।शिक्षक दिवस के मौके पर गुरुवार को कलक्ट्रेट प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य समारोह में शाहगंज ब्लाक की शिक्षक डॉ शिवानी मौर्य समेत जिले के 127 शिक्षकों को शाल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह सम्मान निपुण भारत मिशन 2023, 24 के तहत विभिन्न गतिविधियों विद्यालयों में पाठय सहगामी क्रिया कलापों का आयोजन व नियमित रूप से प्रत्येक दिन विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थित रह कर पूरे मनोयोग के साथ शिक्षण कार्य करने और विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के बाद दिया गया है। समारोह में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसु, डीएम रविन्द्र कुमार मादड़ ने शाहगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गोरारी की प्रधानाध्यापिका डॉ शिवानी मौर्य समेत अन्य पुरस्कृत शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके इस कार्य से विभाग का सम्मान बढ़ा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.गोरखनाथ पटेल ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि आप लोग इसी प्रकार आगामी दिनों में भी उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करके जिले का प्रदेश स्तर पर और सम्मान बढ़ाएंगे। सम्मानित होने वाले अन्य शिक्षकों में बुधीराम, अनिरुद्ध मौर्य, मिथिलेश द्विवेदी, नीरज कुमार मुख्य रहे। समारोह में सीडीओ सीडीओ सीलम साईं तेजा, वित्त एवं लेखा अधिकारी, व एमडीएम सेल के जिला समन्वक अरुण कुमार मौर्य, उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, शिक्षक नेता अमित सिंह, डॉ.चन्द्रजीत मौर्य, एसआरजी अजय मौर्य, कमलेश यादव, डॉ.अखिलेश सिंह अन्य मौजूद रहे। शाहगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गोरारी की प्रधानाध्यापक डॉ.शिवानी मौर्य को दूसरी बार शासन स्तर से सम्मान मिला है।

# प्रार्थना पत्र देकर रिश्वत के पैसे में मांगी हिस्सेदारी मचा हड़कंप



जन एक्सप्रेस | जौनपुर

"उक्त प्रार्थना पत्र देने वाला मेरे तहशील का कर्मचारी नहीं है न ही मेरे समझ कभी आया है यदि मेरे समक्ष आता है तो जांच कराकर बिधिक कार्रवाई की जाएगी।
**आशीष सिंह, तहशीलदार शाहगंज जौनपुर**

* जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर एसडीए शाहगंज को सौंपा




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टारलेस की बात करते हो परंतु उनके अधिकारी कर्मचारी ही उनके सरकार को बदनाम करने में जुटे हैं भ्रष्टाचार का ताजा मामला जौनपुर जिले के तहशील शाहगंज में अजीबोगरीब आया है जहां नायब तहशीलदार लपरी शैलेन्द्र कुमार सरोज का राजाराम नामक व्यक्ति ने अपने आप को प्राईवेट चपरासी बताते हुए

जिलाधिकारी जौनपुर को पत्र देकर मांगा न्याय बोला जिलाधिकारी महोदय मैं नायब तहसीलदार लपरी साहब की अवैध वसूली मैं ही करता हूं और मेरे नीचे अविनाश यादव अजीत यादव भी साहब के घूस के पैसे की वसूली तहशील के अधिवक्ताओ एवं जनता से लगातार झगड़ा मारपीट कर करता हूं परन्तु अन्य सभी प्राईवेट चपरासी को प्रतिदिन 1000 मिलता है मुझे सिर्फ 500 ही मिलता जिसे बढ़ाने का प्रार्थना पत्र दिनांक 3 सितम्बर 24 को दिया जिलाधिकारी द्वारा उक्त पत्र की जांच नियमानुसार करने के लिए उपजिला अधिकारी शाहगंज को निर्देशित किया पत्र मिलते ही उपजिलाधिकारी ने 5 सितंबर 24 को नायब तहसीलदार से आख्या मांगी है उक्त पत्र शोशल मिडिया पर वायरल होते ही तहशील में हड़कंप मच गया। बहरहाल वायरल पत्र की पुष्टि जन एक्सप्रेस नहीं करता है।

# प्रबंधक की तानाशाही से शिक्षकों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

* प्रधानाध्यापक ने पत्र लिखकर उच्चाधिकारियों को कराया अवगत।

जन एक्सप्रेस | जौनपुर




पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर जहां देश में तमाम शिक्षकों को उनके सेवा, समर्पण के लिए सम्मानित किया जा रहा है वहीं क्षेत्र के एक विद्यालय में शिक्षक तीन माह से बिना वेतन ही अपना कार्य करने को मजबूर हैं।

जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अरगूपुर कलां के प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने जिलाधिकारी जौनपुर समेत प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा, वाराणसी व बीएसए जौनपुर को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि उनके विद्यालय में बीते तीन माह से किसी भी शिक्षक अथवा शिक्षणेत्तर कर्मचारी को वेतन नहीं मिला है। जिससे उन्हें जीवनयापन में घोर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### वेतन न मिलने के पीछे प्रबंधक का हाथ

श्री सिंह सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा हस्ताक्षरित शिकायती पत्र में वेतन भुगतान न होने के पीछे प्रबंधक नरेंद्र बहादुर सिंह पर आरोप लगाया गया है। पीड़ितों के अनुसार प्रबंधक द्वारा सभी स्टाफ से दस हजार रुपए प्रति माह के साथ जून माह का पूरा वेतन मांगा जा रहा है। इतना ही नहीं मिड डे मील के कनवर्जन कास्ट से बीस हजार रुपए प्रति माह के अलावा दो–दो कुंतल गेहूं व चावल की मांग भी की जा रही है। प्रबंधक ने विधायक निधि से निर्मित शिक्षण कक्ष पर कब्जा कर उसे सभागार बना लिया गया है जिससे बच्चे बरामदे में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं।

"प्रबंधक की तानाशाही से पूरा स्टाफ परेशान है। बीते जून माह से वेतन न मिलने की वजह से अब स्टाफ विद्यालय आने की स्थिति में नहीं रह गया है। आगे यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधक व उसके साथियों की होगी।
**अमित सिंह, प्रधानाध्यापक जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अरगूपुर कलां।**

मामले की शिकायत इसके पूर्व आईजीआरएस के माध्यम से भी की गई थी। किंतु कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई।

## राष्ट्रीय सचिव के सामने ही भिड़ गए कांग्रेसी, सिर फूटा

जन एक्सप्रेस | मिर्ज़ापुर। कछवां। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी के सामने ही कांग्रेस नेता आपस में भिड़ गए। मारपीट के साथ ही एक–दूसरे पर कुर्सियां भी फेकी गईं। मारपीट की इस घटना में कांग्रेस के एक कार्यकर्ता का सिर फट गया। कछवां के एक उत्सव वाटिका में बुधवार को मझवां विधानसभा की खाली सीट के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारी बैठक आयोजित की गई थी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के मझवां ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष राजन उपाध्याय ने पार्टी के वरिष्ठ नेता इब्राहिम को मंच पर चढ़ने से रोका। इसको लेकर पहले राजन और इब्राहिम के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद दोनों के बीच कुर्सियां चलने लगीं। मारपीट की इस घटना में इब्राहिम का सिर फट गया। उधर, बैठक के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि इंडी गठबंधन मझवां विधानसभा उपचुनाव मजबूती से लड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है। भाजपा सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। बैठक के दौरान विधायक व मझवां विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस की तरफ से पर्यवेक्षक बनाए गए वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि गांव–गांव जाकर संगठन को ब्लॉक, न्याय पंचायत व बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।संचालन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार सिंह पटेल ने किया।

## 30 बच्चों को लेकर जा रही स्कूली बस गड्ढे में फंसी

जन एक्सप्रेस | मिर्ज़ापुर

**अहरौरा।** स्कूली बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही मिनी बस बुधवार को सोनबरसा गांव के पास सड़क किनारे गड्ढे में फंस गई। संयोग था कि बस पलटने से बच गई।करीब एक घंटे बाद बस के पहिया को किसी तरह से बाहर निकाल कर बच्चों को उनके घर पहुंचाया गया। निर्धारित समय तक बच्चे घर नहीं पहुंचे तो उनके अभिभावक भी चिंतित रहे।

सेमरा गांव में एक पब्लिक स्कूल है। प्राइवेट स्कूल की मिनी बस लगभग 30 बच्चों को बैठाकर घर छोड़ने जा रही थी। स्कूल से छुट्टी के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। चालक बच्चों को लेकर सोनबरसा गांव के पास पहुंचा था, तभी सामने एक ट्रक आ गया। इससे चालक अपना संतुलन खो बैठा और बस सड़क की पटरी हुए गड्ढे में जाकर फंस गई। इससे बस में सवार कई बच्चे रोने लगे। खलासी व ग्रामीणों ने सभी बच्चों को बस से बाहर निकाला, तब बच्चे शांत हुए। इसके बाद बस को गड्ढे से बाहर निकाला गया। करीब एक घंटे बाद बच्चों को लेकर बस रवाना हुई। इस बीच बच्चों के घर नहीं पहुंचने पर अभिभावक भी परेशान रहे।

# आबादी में घुसे सियार के हमले में दो मासूम सहित तीन लोग घायल

* गन्ने के खेत से निकलकर घर के बाहर खेल रहे बच्चों पर किया हमला
* सियार के हमले में घायल मासूमों को पूरनपुर सीएचसी में कराया भर्ती

जन एक्सप्रेस | पूरनपुर

गन्ने के खेत से निकलकर आबादी में घुसे सियार ने घर के बाहर खेल रहे दो बच्चों पर हमला कर लहूलूहान कर दिया। शोर शराबा पर बचाने आए ग्रामीण पर भी हमला कर नोच डाला। गंभीर हालत में घायल बच्चों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया। देर शाम हुई घटना को लेकर खलबली मच गई। बहराइच में हिंसक भेड़िए लगातार मासूमों की जान ले रहे है।ताबड़तोड़ घटनाओं से वन विभाग से लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के हांथ पांव फूले हुए हैं।इधर गुरुवार देर रात पूरनपुर क्षेत्र में सियार के हमले से खलबली मच गई। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव केसरपुर कला के मौजा जादोपुर खुर्द निवासी सिकंदर का पुत्र अयान (7) और मोहम्मद उमर का पुत्र सितारुद्दीन(8) शाम घर के बाहर खेल रहे थे। पड़ोस के ही गन्ने के खेत से निकले हिंसक सियार ने दोनों मासूम पर हमला कर बुरी तरह नोच डाला।मासूमों के शोर शराबा करने पर पड़ोस के ही रहीस सलमानी मासूमों को बचाने पहुंच गए।हिंसक सियार ने रईस पर हमला कर उन्हें भी घायल कर दिया।सियार के ताबड़तोड़ हमले से खलबली मच गई। घटना की जानकारी पर आस पड़ोस के दर्जनों लोग एकत्र हो गए।शोर शराबा करने पर सियार पड़ोस के ही गन्ने के खेत में जाकर छुप गया। हमले में लहूलुहान दोनों मासूमों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।घायल ग्रामीण का गांव में ही उपचार चल रहा है।सियार के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# कन्नौज कांड में नया खुलासा: बुआ ही निकली पूरे खेल की मास्टर माइंड

## 30 दिन में दाखिल करनी पड़ेगी चार्जशीट, 90 दिन में निर्णय





**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

सरकार ने भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में कई नए प्रावधान किए हैं। इसके तहत नाबालिग संबंधी अपराधों में फास्ट ट्रैक कोर्ट की तरह ही मुकदमों का ट्रायल किया जाता है और पुलिस को 30 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल करनी होती है। जितनी जल्दी गवाही होगी, उतनी जल्दी कोर्ट का फैसला आ जाएगा। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव का मामला भी इस परिधि के अंतर्गत आता है। इसलिए पुलिस इस मामले में एक माह के अंदर ही चार्जशीट और सभी साक्ष्य कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है।

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि पीड़िता की बुआ और उसके छोटे भाई नीलू यादव को सबूतों से छेड़छाड़ तथा आपराधिक षड़यंत्र में शामिल होने के कारण सह आरोपी बनाया गया है। इस पूरे मामले का ट्रायल पॉक्सो कोर्ट में होगा।

सपी अमित कुमार आनंद के मुताबिक पुलिस के पास आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। इसमें इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के तौर पर कॉल रिकॉर्डिंग, कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल वीडियो क्लिप शामिल हैं, तो मजबूत वैज्ञानिक साक्ष्य के रूप में फारेंसिक लैब की रिपोर्ट भी है। इसी आधार पर पुलिस जल्द ही आरोप पत्र तैयार कर कोर्ट में दाखिल करेगी।

किशोरी दुष्कर्म कांड में सह आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख नीलू यादव और पीड़िता की बुआ को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेगी। इसके लिए बुधवार को पुलिस ने पॉक्सो कोर्ट में अर्जी दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। आज इस संबंध में कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें दोनों आरोपियों की पेशी जिला कारागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी।

किशोरी से दुष्कर्म के मुख्य आरोपी नवाब सिंह यादव को बचाने के लिए उसके छोटे भाई नीलू यादव ने पीड़िता की बुआ को 10 लाख रुपये का लालच दिया था और किशोरी का मेडिकल परीक्षण न कराने, कोर्ट में बयान न देने के एवज में चार लाख रुपये बुआ के एक परिचित के खाते में हस्तांतरित भी किए थे।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि बृहस्पतिवार को कस्टडी रिमांड पर कोर्ट सुनवाई करेगा और दोनों आरोपियों की जिला जेल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी होगी। न्यायालय का आदेश मिलते ही दोनों को जेल से लाकर पूछताछ की जाएगी और रुपयों के लेन देन के संबंध में साक्ष्य एकत्र किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर चार्जशीट तैयार कर कोर्ट में दाखिल की जाएगी। इसके बाद मुकदमे का ट्रायल शुरू होगा और पुलिस फास्ट ट्रैक की तरह पैरवी करेगी।

आपको बता दें कि भारतीय संस्कृति में बुआ-भतीजी के रिश्ते को सबसे पवित्र माना जाता है। विश्वास की कसौटी पर कसा यह रिश्ता उस समय कलंकित हो गया, जब बुआ ने अपनी भतीजी की ही अस्मत लुटवा दी। महत्वाकांक्षा की वेदी पर उसने इस पवित्र रिश्ते का कत्ल कर दिया, जिससे मानवीय संवेदनाओं को भी गहरा आघात पहुंचा है। उसके इस कृत्य को देखकर आज सभ्य समाज आपसी संबंधों और रिश्तों को भी संदेह भरी निगाहों से देखने लगा है और लोगों का अपनों से भरोसा उठने लगा है। तिर्वा क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली इस महिला की महत्वाकांक्षा इतनी बड़ी थी कि उसने पद, पैसा और प्रतिष्ठा के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। राजनेताओं के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से उसकी शोहरत में इजाफा हुआ, तो वह राजनीतिक गलियारों में भी पहचान बनाने लगी। पहले समाजवादी पार्टी में महिला कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रही। इसके बाद जब सूबे का निजाम बदला, तो उसने भी पाला बदल लिया और सत्ता पक्ष के कार्यक्रमों में शरीक होने लगी। कई बड़े भाजपा नेताओं और मंत्री के साथ उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं हैं।

> “ पीड़िता की बुआ के बारे में जब पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि वह एक सामान्य परिवार से आती है और चंद पैसों के लिए इस तरह का काम करती है। देह व्यापार, मानव तस्करी या सेक्स रैकेट चलाने का कोई साक्ष्य पुलिस को नहीं मिला। नवाब सिंह को बचाने के लिए भी उसने उसके छोटे भाई नीलू से रुपये लिए थे। इससे साबित होता है कि वह पैसों के लिए ही इस तरह का कृत्य करती है।
>
> **अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक।**

### इससे ज्यादा घृणित कार्य दूसरा हो ही नहीं सकता

वहीं, उसकी बुआ से उतनी ही नफरत है। गांव वाले कहते हैं कि बुआ कुछ भी करे, लेकिन उस बच्ची का ख्याल रखना था, जिसे बड़े विश्वास के साथ माता-पिता ने नोएडा से गांव भेज दिया था। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए उस बच्ची का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। इससे ज्यादा घृणित कार्य कोई दूसरा हो ही नहीं सकता है।

### बुआ की इस हरकत से शर्मसार हैं गांव के लोग

तिर्वा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बुआ की इस हरकत से गांव के लोग शर्मसार हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस महिला ने पूरे गांव की इज्जत मिट्टी में मिला दी। गांव के लोगों को उस बेटी के साथ सहानुभूति है, जिसने इतनी कम उम्र में विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला किया।

### चार दिन तक उसे लेकर इधर-उधर घूमती रही

कभी सपा के कद्दावर नेता रहे नवाब सिंह यादव से उसके अवैध संबंध बने रहे। इस बार उसने गलती यह कर दी कि अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए उसने नाबालिग भतीजी को ही पेश कर दिया। उसकी यह गलती अब नवाब सिंह यादव और स्वयं उसके गले की फांस बन गई है। किशोरी के माता-पिता ने बुआ पर विश्वास कर उसे गांव में बाबा-दादी के पास पहुंचाने के लिए कहा था, लेकिन वह चार दिन तक उसे लेकर इधर-उधर घूमती रही।

### मानवीय संवेदनाओं को भी गहरा आघात लगा

अंत में जब नवाब सिंह यादव से बात बनी, तो वह भतीजी को लेकर उसके पास पहुंच गई। माना जा रहा है कि बुआ अपनी इस नाबालिग भतीजी को वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेलना चाहती थी, लेकिन उस बेटी ने साहस के साथ प्रतिकूल परिस्थितियों का मुकाबला किया और एक मिनट में बुआ और नवाब सिंह का असली चेहरा उजागर कर दिया। सुगंध की नगरी में बुआ-भतीजी के इस पवित्र रिश्ते का तो कत्ल हुआ ही है, साथ ही मानवीय संवेदनाओं को भी गहरा आघात लगा है।

### गवाही पर निर्भर करता मुकदमों का निर्णय

जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता वरुण द्विवेदी ने बताया कि चाहे कोई भी मुकदमा हो वह गवाही और साक्ष्य पर निर्भर करता है। जितनी जल्दी गवाही पूरी होगी और पुलिस के पास मजबूत साक्ष्य होंगे, उतनी जल्दी कोर्ट का फैसला आ जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग के साथ होने वाले अपराधों में मुकदमों का ट्रायल जल्द शुरू करने तथा 90 दिन के अंदर निर्णय सुनाने के आदेश दिए हैं। भारतीय न्याय संहिता में इस प्रकार के मुकदमों के लिए समय सीमा भी तय की गई है।

### महिला संबंधी अपराधों में कोर्ट संवेदनशील

कन्नौज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सारस्वत ने बताया कि महिला संबंधी अपराधों में कोर्ट हमेशा संवेदनशील रहता है। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। खासकर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में यदि पुलिस के पास पर्याप्त साक्ष्य रहते हैं तो निश्चित रूप से दोषी को इसमें जल्द सजा मिलती है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कई नए और कड़े प्रावधान किए गए हैं, जिससे दोषी को कड़ी सजा मिलती है।

### बुआ और नीलू यादव की कस्टडी रिमांड पर आज होगी सुनवाई

किशोरी दुष्कर्म कांड में सह आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख नीलू यादव और पीड़िता की बुआ को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेगी। इसके लिए बुधवार को पुलिस ने पॉक्सो कोर्ट में अर्जी दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। आज इस संबंध में कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें दोनों आरोपियों की पेशी जिला कारागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। किशोरी से दुष्कर्म के मुख्य आरोपी नवाब सिंह यादव को बचाने के लिए उसके छोटे भाई नीलू यादव ने पीड़िता की बुआ को 10 लाख रुपये का लालच दिया था और किशोरी का मेडिकल परीक्षण न कराने, कोर्ट में बयान न देने के एवज में चार लाख रुपये बुआ के एक परिचित के खाते में हस्तांतरित भी किए थे।

### चार दिन तक उसे लेकर इधर-उधर घूमती रही

कभी सपा के कद्दावर नेता रहे नवाब सिंह यादव से उसके अवैध संबंध बने रहे। इस बार उसने गलती यह कर दी कि अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए उसने नाबालिग भतीजी को ही पेश कर दिया। उसकी यह गलती अब नवाब सिंह यादव और स्वयं उसके गले की फांस बन गई है। किशोरी के माता-पिता ने बुआ पर विश्वास कर उसे गांव में बाबा-दादी के पास पहुंचाने के लिए कहा था, लेकिन वह चार दिन तक उसे लेकर इधर-उधर घूमती रही। अंत में जब नवाब सिंह यादव से बात बनी, तो वह भतीजी को लेकर उसके पास पहुंच गई। माना जा रहा है कि बुआ अपनी इस नाबालिग भतीजी को वेश्यावृत्ति के दलदल में धकेलना चाहती थी, लेकिन उस बेटी ने साहस के साथ प्रतिकूल परिस्थितियों का मुकाबला किया और एक मिनट में बुआ और नवाब सिंह का असली चेहरा उजागर कर दिया। सुगंध की नगरी में बुआ-भतीजी के इस पवित्र रिश्ते का तो कत्ल हुआ ही है, साथ ही मानवीय संवेदनाओं को भी गहरा आघात लगा है।

### बुआ की इस हरकत से शर्मसार हैं गांव के लोग

तिर्वा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बुआ की इस हरकत से गांव के लोग शर्मसार हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस महिला ने पूरे गांव की इज्जत मिट्टी में मिला दी। गांव के लोगों को उस बेटी के साथ सहानुभूति है, जिसने इतनी कम उम्र में विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला किया।

### इससे ज्यादा घृणित कार्य दूसरा हो ही नहीं सकता

वहीं, उसकी बुआ से उतनी ही नफरत है। गांव वाले कहते हैं कि बुआ कुछ भी करे, लेकिन उस बच्ची का ख्याल रखना था, जिसे बड़े विश्वास के साथ माता-पिता ने नोएडा से गांव भेज दिया था। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए उस बच्ची का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। इससे ज्यादा घृणित कार्य कोई दूसरा हो ही नहीं सकता है।

---

# शिक्षिका आशा कटियार को मिला प्रदेश में सम्मान

* आशा उत्तर प्रदेश में शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित।

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर ब्लॉक के गोहलियापुर संविलीयन विद्यालय की शिक्षिका आशा कटियार को मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित। आशा कटियार को उत्तर प्रदेश अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। गोरखपुर में शिक्षक दिवस पर योगी आदित्यनाथ पूरे प्रदेश से चुने गए गए बेसिक और माध्यमिक शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।कानपुर से आशा कटियार का चयन हुआ है। आशा ने अपनी लगन और टीम स्प्रिट से अपने विद्यालय को पूरे प्रदेश में चर्चा में ला दिया है। विद्यालय की एक लड़की योगा में प्रदेश स्तर के पुरस्कार जीत चुकी है। आशा जब गोहलियापुर में नियुक्त हुई तो यहां केवल 43 बच्चे थे जो 7 साल के अंदर 262 ही गए। सर्वांगीण विकास के चलते बालिका शिक्षा, खेलकूद, पेंटिंग, डांस, सेल्फ स्टीम, नवाचार हर क्षेत्र में बच्चों ने नाम किया। अब्याहन आसपास के प्राइवेट स्कूल से बच्चे नाम कटा कर आ रहे हैं। कबड्डी में यह के लड़के और लड़कियों की टीम प्रदेश तक इनाम जीत लाई हैं। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों और बच्चों को तहे दिल से सराहना की है।

# बिल्हौर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने कासगंज की घटना को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

* न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**




बिल्हौर तहसील के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने कासगंज एटा में हुई अधिवक्ता के साथ में निर्मम हत्या ने प्रदेश की अधिवक्ताओं को हिलाकर रख दिया है अधिवक्तागणो के विरुद्ध हो रहे जघन्न अपराधों में हम अधिवक्तागण का न केवल मनोबल टूट रहा है बल्कि अधिवक्ता समाज असुरक्षित एवं भय के माहौल में है उन्होंने बताया कि 4 सितंबर को कासगंज एटा में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर का कोर्ट कैंपस से गायब होना एवं उसकी नग्न लाश पानी में तैरती मिलना जघन्य हत्या में हम अधिवक्ता गणों की आत्मा को जाग जोर दिया है आपसे करबद्द प्रार्थना है कि प्रकरण की अभिलंब जांच, आवश्यक प्रभावी कार्रवाई पीड़िता के परिवार को उचित सहायता आदि कराते हुए हम अधिवक्ता समाज की सुरक्षा संरक्षण हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराया जाए महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रश्मि लांबा को सौपा गया। इस मौके पर बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक उर्फ टुन्नू मिश्रा व महामंत्री महेंद्र कुशवाहा आदि सभी अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# शासन के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर गैंग के 8 लोगो पर दर्ज किया मुकदमा

* मुकदमा दर्ज होने पर जमीन की ठगी गिरोह में मची खलबली

**जन एक्सप्रेस । रवींद्र कुमार भारतवंशी**



हमीरपुर। राठ कस्बा निवासी जगत सिंह (ठेकेदार) के साथ कस्बा के नटवरलाल गिरोह ने लाखो रुपए लेकर जमीन को पीड़ित के नाम न करके दूसरे के नाम करने पर पीड़ित ने लाखो रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गैंग के विरूद्ध कार्यवाही करने की कोतवाली से लेकर पुलिस अधीक्षक और उपमहानिरीक्षक बांदा को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। लेकिन कार्यवाही न होने से पीड़ित ने शासन को पत्र लिखकर प्लाटिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रह सचिव उत्तर प्रदेश ने डीएम और एसपी को कार्यवाही करने के आदेश दिए। मामले में डीएम और एसपी के निर्देश पर कोतवाली राठ पुलिस ने गिरोह के 8 लोगो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित जगत सिंह पुत्र राम नारायन सिकंदरपुरा राठ निवासी ने बताया कि राठ कस्बा में नटवरलाल गिरोह सक्रिय तरीके से बिना रजिस्टर्ड ऑफिस खोलकर भोली भाली जनता से प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के नाम पर लाखो रुपए की धोखाधड़ी का खेल आए दिन होता रहता है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने अफरोज (सरकारी अध्यापक), ब्रजलाल विश्वकर्मा, शाहरुख, रफीक, मुस्ताक, आमिर अंसारी, अयाज अंसारी, रहीम आदि पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगी करने का गोरखधंधा करने वालो पर मुकदमा दर्ज होते ही नटवरलाल गिरोह में खलबली मच गई। पीड़ित जगत सिंह अपने गांव विहुनी कला में खेती करने के साथ साथ ष्ट क्लास का ठेकेदार भी है। बताया कि दो साल पूर्व जमीन ली थी और जिसका सारा पैसा देने के बाद भी ठगी करने वाले गिरोह ने आज तक रजिस्ट्री नहीं की और न ही रुपए वापस किए। बताया कि रुपए मांगने पर गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी दी जाती थी। इतना ही नहीं इस गिरोह के दबंगो ने पीड़ित के घर में घुसकर कोतवाली से तहरीर वापस लेने की धमकी दी थी। जिस पर पुलिस ने दबंगो के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की थी। लेकिन पीड़ित ने हार नहीं मानी और ग्रह सचिव लखनऊ को अपना दल पार्टी से एक ज्ञापन देकर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। ग्रह सचिव के आदेश पर डीएम व एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने गिरोह के 8 लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, तीन झुलसे



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

बुधवार शाम अचानक हुए मौसम में बदलाव के बाद आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग झुलस कर घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को इलाज के लिए मौदहा के सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम सायर में बुधवार देरशाम अचानक हुए मौसम में बदलाव और छिटपुट बूंदाबांदी के बीच आकाशीय बिजली गिरने से ब्रह्म प्रकाश कुशवाहा(55)पुत्र धर्मदास की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बलवंता कुशवाहा(40)पुत्र रामरतन कुशवाहा, भूरा(45)पुत्र प्रभुदयाल, सहदेव(70)पुत्र दिबिया गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर पहुंची बिंवार थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को इलाज के लिए मौदहा के सरकारी अस्पताल भेजा गया है। वहीं इस घटना के कुछ बकरियों की मौत की भी सूचना मिल रही है।जबकि घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग के जिम्मेदारों ने भी मामले की जानकारी लेना शुरू कर दिया है।

# सदर बाजार के पास बनेगी वाहन पार्किंग

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही सुंदर बनाने के लिए चौराहों व तिराहों को संवारा जाएगा। सदर बाजार के पास वाहन पार्किंग भी बनेगी। यूएसडीए (उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण) के उपाध्यक्ष/डीएम ने इसकी मंजूरी दे दी है। पहले चरण में होने वाले तीन कार्यों पर 56.82 लाख रुपये खर्च होंगे। यूएसडीए शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और शहर को सुंदर बनाने के भी काम कराएगा।

यूएसडीए ने सदर बाजार के पास बड़ा चौराहा व कचहरी पुल पर वाहन पार्किंग होने से लगने वाले जाम की समस्या को हल करने के लिए पुराना अस्पताल में वाहन पार्किंग बनाएगा। इसके लिए स्थान को समतल कर इंटरलॉक बिक्र व अन्य काम कराएगा। इसपर 33.48 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके साथ ही छोटा चौराहा का अतिक्रमण हटाकर सुंदरीकरण के काम कराए जाएंगे। इसपर 6.48 लाख रुपये खर्च होंगे।

शहर के पौराणिक कल्याणी देवी मंदिर जाने वाले मार्ग को भी प्राधिकरण ठीक कराएगा। इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाला का निर्माण कराकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाएगा।

# डॉ.साहब की फोटो पर पुष्प चढ़ाकर शिक्षकों को बांटे पुरस्कार



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर खंड शिक्षा कार्यालय परिसर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में बीआरसी बिल्हौर में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह जी रहे।

डा0 पुष्पेंद्र सिंह टाइगर अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बिल्हौर ने डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। साथ ही सभा में उपस्थित योग्य व कर्मठ शिक्षक एवम शिक्षिकाओं को तिलक व मल्यापर्ण कर सम्मानित किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रुप में खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार ने संबोधित करते हुए ब्लाक के शिक्षक शिक्षिकाओं की कार्यशैली व शैक्षिक गुणवत्ता की प्रशंसा की संगठन के पदाधिकारियों ने डिप्टी साहब को ब्लाक का शिक्षकों का हितैषी मानते हुए फूल माला अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया सभा में सभी.ऋ्क्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक ब्लाक अध्यक्ष डा0 पुष्पेन्द्र सिंह टाइगर, कमलेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष, दीपेंद्र शुक्ला महामंत्री, रामानंद त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हरी किशन दिवाकर उपाध्यक्ष, ज्ञानेन्द्र कुमार संगठन मंत्री, अरुण त्रिवेदी अध्यक्ष संघर्ष समिति, राम नरेश कुशवाहा मंत्री, संजय दिवाकर प्रभा मिश्रा, शिल्पी कटियार, आभा सिंह, अमिता सिंह, शालिनी सिंह, निशिमा तोमर, अली अनवर, उम्मीद अली, अजय कटियार, सौरभ कटियार, ताहिर हुसैन आदि कार्यक्रम में सैकडों शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित रहे।

# बिल्हौर ब्लॉक सभागार में जल जीवन मिशन प्रशिक्षित महिलाओं को बैग और सर्टिफिकेट किए गए वितरित




**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर ब्लॉक सभागार में जल जीवन मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम महलवाला इंटरनेशनल एजुकेयर सर्विस एलएलपी के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूनम द्विवेदी जी महिला आयोग सदस्य ने विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र वर्मा, जिला कोऑर्डिनेटर जल जीवन मिशन अंकिता त्रिवेदी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अश्वनी कुशवाहा, जल जीवन मिशन प्रशिक्षण शिविर में आए आंगनवाड़ी कार्यकत्री अर्चना सैनी आदि स्वयं सहायता समूह की सखी लक्ष्मी आदि जिनको पूनम द्विवेदी के द्वारा जल संरक्षण के लिए वर्षा जल को इकट्ठा करें और उसका पुनः उपयोग करें। अपने बगीचे में एक रेन बैरल या बड़ी वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करें। पौधों को पानी देने, बाहर की सफ़ाई करने - यहाँ तक कि शौचालयों को फ्लश करने के लिए एकत्रित पानी का उपयोग करें। स्मार्ट सिंचाई तकनीकों का उपयोग करें प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को सर्टिफिकेट दिया गया हुआ बैग दी गई जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे प्रमोद तिवारी आनंद मिश्रा,अविरल कुशवाहा आदि।

# भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहता हूं : प्रधानमंत्री मोदी

## दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग समेत कई समझौते



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सिंगापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर में अपने समकक्ष लॉरेंस वॉन्ग के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने सिंगापुर की जमकर तारीफ की और इस देश को विकासशील देशों के लिए प्रेरणा बताया। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि वह भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं।

### 'सभी विकासशील देशों के लिए सिंगापुर प्रेरणा'

सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉन्ग के साथ बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि %मैं अपने भव्य स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। आपके (लॉरेंस वॉन्ग) के प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। इसके लिए आपको बहुत शुभकामनाएं। मुझे उम्मीद है कि आपके नेतृत्व में सिंगापुर और तेजी से विकास करेगा।% प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंगापुर सिर्फ सहयोगी देश ही नहीं है बल्कि यह हर विकासशील देशों के लिए प्रेरणा है। हम भी भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं और मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में काम भी कर रहे हैं। दोनों देशों के मंत्रियों के बीच शुरू हुआ गोलमेज सम्मेलन बेहद खास है और अपने आप में अग्रणी पहल है।

### पीएम ने एईएम होल्डिंग लिमिटेड के प्लांट का भी दौरा किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल तकनीक, साइबर सिक्योरिटी और उत्पादन को आधुनिक बनाने जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग, भारत-सिंगापुर के बीच होने वाली मंत्री स्तर की गोलमेज बैठक की पहचान बन गया है। प्रधानमंत्री के साथ इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, पूर्व मामलों के विदेश सचिव जयदीप मजूमदार और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल भी बैठक में मौजूद रहे। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर के पीएम के साथ सेमीकंडक्टर कंपनी एईएम होल्डिंग लिमिटेड के प्लांट का भी दौरा किया। प्रधानमंत्री ने सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम और वरिष्ठ मंत्री गोह चोक तोंग और विभिन्न कंपनियों के सीईओ के साथ भी मुलाकात की।

### पीएम मोदी ने की सिंगापुर के राष्ट्रपति के साथ बैठक

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षनमुगरत्नम के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमारी बातचीत हमारे देशों के बीच द्विपक्षी संबंधों पर केंद्रित थी। हमने कौशल विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी, नवाचार और संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की।

### पीएम मोदी ने सिंगापुर में शीर्ष कारोबारियों से मुलाकात की

पीएम नरेंद्र मोदी ने आज सिंगापुर में शीर्ष कारोबारियों से मुलाकात की। पीएम से मुलाकात करने वालों में ब्लैकस्टोन सिंगापुर, टेमासेक होल्डिंग्स, सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कैपिटललैंड इंवेस्टमेंट, एसटी टेलीमिडिया ग्लोबल डाटा सेंटर, सिंगापुर एयरवेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शामिल थे।

### पीएम मोदी ने सिंगापुर के पूर्व प्रधानमंत्री ली से की मुलाकात

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर के अपने पूर्व समकक्ष ली सीन लूंग से मुलाकात की। पीएम ने उन्हें 'भारत-सिंगापुर संबंधों का मजबूत समर्थक' बताया। दोनों नेताओं ने हरित ऊर्जा तथा फिनटेक जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र और सिंगापुर के पूर्व प्रधानमंत्री ली सीन लूंग से मिलकर हमेशा खुशी होती है। वह हमेशा भारत-सिंगापुर संबंधों के मजबूत समर्थक रहे हैं। इस साल मई में 72 वर्षीय ली सीन लूंग ने दो दशकों के बाद अपना पद छोड़ दिया था और एक योजनाबद्ध राजनीतिक परिवर्तन में वोंग के बागडोर संभालने के लिए मार्ग प्रशस्त किया था।

### चार समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

पीएम मोदी के सिंगापुर दौरे पर दोनों देशों के बीच चार अहम समझौतों पर भी सहमति बनी। इसके तहत दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। समझौते के तहत भारत और सिंगापुर में डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। साथ ही सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और स्किल डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ेगा।

### सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के संबंधों का आधार

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने बीते 10 वर्षों में सिंगापुर की 17 सैटेलाइट को भारत की धरती से लॉन्च किया है। रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ रहा है। सिंगापुर एयरलाइंस और एयर इंडिया के बीच बढ़ रहे सहयोग से कनेक्टिविटी भी मजबूत हो रही है। प्रधानमंत्री ने सिंगापुर में रहने साढ़े तीन लाख भारतीय मूल के लोगों को दोनों देशों के संबंधों का आधार बताया। साल 2025 में दोनों देश अपने संबंधों की 60वीं सालगिरह मनाएंगे। इस अवसर पर दोनों देशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है।

### भारत-सिंगापुर में मजबूत हो रहा सहयोग

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंगापुर, विकासशील देशों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रधानमंत्री के सिंगापुर दौरे पर दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हुए हैं। जिनमें स्किल डेवलपमेंट, डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, एआई और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति के लिए भी सिंगापुर अहम देश है। दोनों देशों के बढ़ते व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों पर पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में दोनों देशों के बीच होने वाला व्यापार दोगुने से ज्यादा हो गया है। आपसी निवेश भी तीन गुना बढ़कर 150 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है।

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर सुनवाई की है। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखा।

### केजरीवाल के वकील ने जमानत के लिए दी ये दलीलें

जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें केजरीवाल का नाम नहीं है। साथ ही केजरीवाल को बीते दिनों अंतरिम जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली सीएम समाज के लिए खतरा नहीं हैं। सिंघवी ने ये भी कहा कि दो बार सुप्रीम कोर्ट और एक बार ट्रायल कोर्ट केजरीवाल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दे चुका है। सिंघवी के अनुसार, एक बार सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए जमानत पर रिहा किया था और एक बार ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी केजरीवाल को जमानत मिल चुकी है। सिंघवी ने दलील दी कि केजरीवाल एक संवैधानिक पद पर हैं और समाज के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने दो वर्षों में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी, लेकिन फिर बीती 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल की गिरफ्तारी एक तरह से इंश्योरेंस गिरफ्तारी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर 23 अगस्त को सीबीआई से हलफनामा देने को कहा था। साथ ही केजरीवाल को दो दिनों के भीतर सीबीआई के हलफनामे पर जवाब देने का निर्देश दिया था।

### केजरीवाल ने दायर की हैं दो याचिकाएं

अरविंद केजरीवाल ने दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं, जिन पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। एक याचिका में केजरीवाल ने सीबीआई द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। वहीं दूसरी याचिका में केजरीवाल ने जमानत देने की अपील की है। इससे पहले 5 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें ट्रायल कोर्ट जाने को कहा था। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने दलील दी थी कि दिल्ली सीएम जमानत पर बाहर आने के बाद गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

### सीबीआई ने इन तर्कों के आधार पर किया केजरीवाल की जमानत का विरोध

सिंघवी की दलीलों पर सीबीआई का पक्ष रख रहे एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पहली आपत्ति तो ये है कि केजरीवाल को जमानत के लिए पहले ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए न कि सीधे सुप्रीम कोर्ट में अपील करनी चाहिए। राजू ने कहा कि ऐसा लगता है कि केजरीवाल कोई खास व्यक्ति हैं, जिनके लिए अलग तरीका अपनाया जा रहा है।

## इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी देने की कोई जरूरत नहीं : नितिन गडकरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी को खत्म किए जाने का संकेत देते हुए, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी देने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि उपभोक्ता अब खुद ही ईवी या सीएनजी वाहन चुन रहे हैं। बीएनईएफ शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि शुरुआत में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण की लागत ज्यादा थी। लेकिन जैसे-जैसे मांग बढ़ी, उत्पादन लागत कम होती गई। जिससे आगे सब्सिडी की जरूरत नहीं रह गई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, उपभोक्ता अब खुद ही इलेक्ट्रिक और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) वाहन चुन रहे हैं। और मुझे नहीं लगता कि हमें इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ज्यादा सब्सिडी देने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी पेट्रोल और डीजल वाहनों की तुलना में कम है। उन्होंने कहा, मेरे विचार से, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण को अब सरकार द्वारा सब्सिडी दिए जाने की आवश्यकता नहीं है। सब्सिडी की मांग अब उचित नहीं है। इस समय, हाइब्रिड सहित इंटरनल कंब्शन इंजन द्वारा संचालित वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी, और इलेक्ट्रिक वाहनों पर 5 प्रतिशत लगाया जाता है।इससे पहले, बुधवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा था कि सरकार अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने की योजना स्त्रस्थ्र के तीसरे चरण को एक या दो महीने में अंतिम रूप दे देगी।

## यूक्रेन से बातचीत के लिए राजी : पुतिन

### जंग रोकने के लिए भारत-चीन मध्यस्थता कर सकते हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता के लिए भारत, चीन और ब्राजील मध्यस्थता कर सकते हैं। गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान पुतिन ने कहा रूस और यूक्रेन की जंग शुरू होने के एक हफ्ते बाद ही इस्तांबुल में हुई बातचीत में शांतिवार्ता को लेकर एक प्राथमिक समझौते पर सहमति बनी थी, लेकिन इस समझौते को कभी लागू नहीं किया गया। अब अगर फिर से मध्यस्थता की बातचीत शुरू होती है तो इस्तांबुल में हुआ प्राथमिक समझौता इस बातचीत का आधार बन सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईस्टर्न इकॉनोमिक फोरम के कार्यक्रम में पुतिन ने कहा कि हमारा प्रमुख उद्देश्य यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र को कब्जे में लेना है। फिलहाल रूसी सेना कुर्स्क से यूक्रेनी सेना को पीछे खदेड़ रही है। रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका है।

## पंजाब में पेट्रोल-डीजल महंगा : कैबिनेट में वैट बढ़ाने को मंजूरी, बिजली पर तीन रुपये की सब्सिडी भी खत्म

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब में पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया गया है। पेट्रोल पर 61 पैसे और डीजल पर 92 पैसे वैट बढ़ाया है। पंजाब कैबिनेट की बैठक के बाद वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने इस बारे में जानकारी दी। चीमा ने कहा कि वैट बढ़ाने से डीजल पर 395 करोड़ और पेट्रोल पर 150 करोड़ का राजस्व आएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हिमाचल, राजस्थान और हरियाणा से पंजाब में पेट्रोल और डीजल पर वैट कम है। कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया है कि सात किलो वाट तक के बिजली कनेक्शन पर अब तक मिलने वाली सब्सिडी को सरकार ने खत्म कर दिया है। यह तीन रुपये प्रति यूनिट थी। चीमा ने कहा कि गुड्स का काम करने वालों से पहले क्वार्टली टैक्स वसूला जाता था। अब एक साल का इकट्ठा टैक्स लिया जाएगा। जो चार साल का टैक्स इकट्ठा जमा करेंगे उन्हें 10 प्रतिशत टैक्स में छूट दी जाएगी। आठ साल तक नए व्हीकल पर 20 प्रतिशत तक टैक्स घटाया जाएगा।

### त्वमेव सर्वम फिल्म के लिए सिने ड्रीम्स फिल्म फेस्टिवल

## जुहू पीवीआर मुम्बई में संजय मिश्रा को मिला बेस्ट एक्टर अवार्ड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुबंई




एम के आर्ट्स एवं सरस्वती प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित नवीनतम प्रस्तुति शॉर्ट फिल्म त्वमेव सर्वम. की स्क्रीनिंग सिने ड्रीम्स फिल्म फेस्टिवल द्वारा जुहू पीवीआर मुम्बई में 28 अगस्त को शाम 6.30 बजे की गयी। फिल्म के स्क्रीनिंग के दिन फिल्म निर्देशक धर्मेश डिमरी, राजेश के राठी,एन. महाराजन जी भी उपस्थित थे। 27,28 और 29 अगस्त 2024 यानी तीन दिन के इस फेस्टिवल में देश- विदेश से आयी करीब 52 फिल्में दिखायी गयीं। त्वमेव सर्वम फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। प्रदर्शन के दौरान फिल्म के निर्माता रामपाल सिंह पठारिया, निर्देशक मनोज तिवारी और अभिनेता बिक्रम सिंह फेस्टिवल में उपस्थित थे। त्वमेव सर्वम फिल्म के लिए संजय मिश्रा को बेस्ट एक्टर के अवार्ड से नवाज़ा गया। फिल्म में संजय मिश्रा ने स्वर्गीय मूलचंद रजक का किरदार निभाया है। उन्होंने ऐसे पिता का किरदार निभाया है जो अपनी औलाद को कभी हारने नहीं देती। वो हर हार को जीत में बदल देते हैं। पिता के किरदार में संजय मिश्रा प्रभावित करते हैं। बेटे का किरदार निभाने वाले बिक्रम सिंह को कभी हारने नहीं देते। परिस्थितियों के आगे समर्पण नहीं करने देते। कथा नई नहीं है। पिता नए हैं। ऐसे पिताओं की कमी है समाज में और फ़िल्म यह बताती है कि आप यदि पिता हैं तो आपको कैसा होना चाहिए।

# भाजपा में इस्तीफों की झड़ी, रणजीत चौटाला और सावित्री जिंदल निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हरियाणा



भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकट वितरण के साथ ही पार्टी में बगावत तेज हो गई है। इस कड़ी में भाजपा से सांसद नवीन जिंदल की मां और पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने भाजपा के टिकट न मिलने के बाद बगावती रुख अपना लिया है। सावित्री जिंदल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं तो चुनाव लड़ूंगी। इस बयान से राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। वहीं, हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने भी भाजपा के खिलाफ बगावती सुर अपनाए हैं। इस कड़ी में रणजीत सिंह ने भाजपा को छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया है। जानकारी के अनुसार 8 सितंबर को रानियां में शक्ति प्रदर्शन करेंगे। रणजीत ने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे डबवाली से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है, लेकिन मैंने यह ऑफर ठुकरा दिया। रानियां सीट से टिकट न मिलने के बाद चौटाला ने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेंगे। सावित्री जिंदल का यह फैसला भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली नेता रही हैं। रतिया विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को टिकट दिए जाने से नाराज होकर रतिया के वर्तमान विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। नापा ने बुधवार देर रात को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली को अपना इस्तीफा भेज दिया। दीपक हुड्डा को टिकट दिए जाने से नाराज बीजेपी रोहतक कार्यकारिणी ने सामूहिक इस्तीफा दिया।

### दुग्गल को टिकट मिलने की आहट पर पहले से ही शुरू हो गया था विरोध

कुछ दिनों से सुनीता दुग्गल रतिया क्षेत्र में सक्रिय हो गई थी। कार्यकर्ताओं को दुग्गल को टिकट मिलने की आहट होने पर पार्टी में विरोध के स्वर पहले से ही उठने लगे थे। बाकायदा कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर स्थानीय उम्मीदवार को ही टिकट देने की मांग की गई थी। कार्यकर्ताओं ने मौजूदा विधायक लक्ष्मण नापा, जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा और मुख्तयार बाजीगर में से किसी एक को टिकट देने की मांग की थी। कई गांवों के सरपंचों से भी लिखवाया गया है। मगर इसके बावजूद हाईकमान ने सुनीता दुग्गल को टिकट थमा दी है।

### दुग्गल का राजनीतिक सफर

साल 2014 में आईआरएस सुनीता दुग्गल ने सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में प्रवेश किया था। साल 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्हें रतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाया गया। वह इनेलो के उम्मीदवार रविंद्र बलियाला से मात्र 453 वोटों से हार गई थी। बाद में उन्हें हरियाणा सरकार में अनुसूचित जाति विकास निगम की चेयरपर्सन बनाया गया। साल 2019 में उन्हें सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाया गया। उन्होंने 7,14,351 वोट लेकर 3,09,918 वोटों से तत्कालीन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अशोक तंवर को हराया। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया गया।



### लक्ष्मण नापा के कांग्रेस ज्वाइन करने की संभावना

भाजपा से इस्तीफा देने के बाद लक्ष्मण नापा के कांग्रेस ज्वाइन करने की संभावना है। नापा से जुड़े लोगों के अनुसार वीरवार को दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामेंगे।

### बिजली मंत्री रणजीत सिंह का बड़ा बयान, मेरा अपना कद है

हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह को भारतीय जनता पार्टी से रानियां विधानसभा क्षेत्र की टिकट नहीं मिली, जिसके बाद गुरुवार को सिरसा स्थित अपने आवास पर रणजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई। इस बैठक में रणजीत सिंह ने अपने अगले कदम पर चर्चा की और स्पष्ट किया कि वह चुनाव जरूर लड़ेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के दिल्ली स्थित वरिष्ठ नेताओं के फोन लगातार आ रहे हैं। लेकिन अब रणजीत चौटाला आजाद उम्मीदवार चुनाव लड़ने का फैसला ले लिया है।

### सतपाल बाजीगर और गुरमीत बाजीगर ने छोड़ी भाजपा

फतेहाबाद में भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी सतपाल बाजीगर ने भी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि वह अब कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन करेंगे। सतपाल बाजीगर के इस फैसले के बाद भाजपा के भीतर असंतोष की लहर और तेज हो गई है। सतपाल के साथ ही भिरड़ाना मंडल के उपाध्यक्ष एडवोकेट गुरमीत बाजीगर ने भी भाजपा को अलविदा कह दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब कार्यकर्ताओं की नहीं सुन रही है और पार्टी के भीतर बाहरी उम्मीदवारों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### श्रुति चौधरी को टिकट से नाराज परमार लड़ेंगे निर्दलीय

वहीं तोशाम से श्रुति चौधरी को टिकट दिए जाने से नाराज भाजपा नेता शशि रंजन परमार ने निर्दलीय चुनाव लड़ने

### हिसार से टिकट कटने के बाद पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने बुलाई समर्थकों की बैठक

भाजपा से टिकट कटने के बाद हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने हिसार में अपने समर्थकों की अहम बैठक बुलाई। इस बैठक में बड़ी संख्या में उनके समर्थक जुटे और आगामी चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की। सावित्री जिंदल ने इस दौरान हिसार से चुनाव लड़ने का एलान किया और कहा कि भाजपा से बगावत की बात कहां से आ गई, मैं तो भाजपा में थी ही नहीं।

### पानीपत से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, शशिकांत ने बुलाई बैठक

पानीपत से भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आशु शेरा इस्तीफा दिया। उनके पति सत्यवान शेरा इसराना विधानसभा से टिकट मांग कर रहे थे।लंबे समय से हलके में सक्रिय भी थे। आशु शेरा जिला परिषद की चेयरपर्सन रह चुकी हैं। यहां से राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार को टिकट मिला है। वहीं समालखा से दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके शशिकांत कौशिक ने भी बैठक बुलाई। समर्थकों के साथ लेंगे फैसला। यहां से पूर्व मंत्री करतार भड़ाना के बेटे मनमोहन भड़ाना को भाजपा का टिकट मिला है।

### पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य के समर्थकों ने किया विरोध

भाजपा से टिकट कटने के बाद सफीदों से पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य और उनके समर्थकों ने आर्य सदन मे रात में विरोध प्रकट किया। इस दौरान सारे भाजपा के पोस्टर उतरवा दिए।

### कुरुक्षेत्र में भी दिखा भाजपा के विरोध का असर

कुरुक्षेत्र के थानेसर में वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण बजाज के समर्थक सड़क पर उतरे और रोष जताया। उन्हें निर्दलीय तौर पर चुनाव लड़ने की मांग की। वहीं, थानेसर में ही चुनावी तैयारी में अभी तक जुटे रहे जयभगवान शर्मा डीडी भी दोपहर बाद अपने समर्थकों के साथ बैठक कर अगला निर्णय लेंगे। थानेसर में इन दोनों नेताओं को दरकिनार कर पार्टी ने राज्यमंत्री एवं दो बार विधायक बन चुके सुभाष सुधा को मैदान में उतारा है। उधर पिहोवा में नए चेहरे के तौर पर सिख नेता कवलजीत सिंह अजराना को मैदान में उतारा है, जिनका भी विरोध शुरू हो गया है। आज उन्हें उम्मीदवार घोषित करने के विरोध में मेन चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और उन्हें बाहरी उम्मीदवार करार दिया। वहीं, अम्बाला के मुलाना में भी टिकट कटने से पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा के समर्थकों में रोष है।

### महम ब्लाक समिति चेयरमैन ने भाजपा छोड़ी

महम विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी द्वारा दीपक हुड्डा को टिकट देने से महम क्षेत्र में भी कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी छोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व पर महम विधानसभा क्षेत्र में टिकट वितरण में मेहनती कार्यकर्ताओ की अनदेखी करने के परिणामस्वरूप महम ब्लाक समिति के चेयरमैन नवनीत राठी ने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। महम विधानसभा क्षेत्र से जुड़े भाजपा के लाखन माजरा, बहु अकबरपुर व महम मंडल के अध्यक्ष ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

### सात सितंबर को खरकड़ा गांव में बुलाई शमशेर सिंह खरकड़ा ने पंचायत

भाजपा की ओर से महम हलके से कुश्ती खिलाड़ी दीपक हुड्डा को टिकट देने से पार्टी नेता शमशेर खरकड़ा के समर्थकों में नाराजगी है। खरकड़ा वीरवार को मीडिया के सामने आए, बोले अगर खेल कोटे से टिकट देना था तो उनकी पत्नी राधा अहलावत कम बड़ी खिलाड़ी नहीं है। न केवल भीम अवार्डी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)